रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 33.0° | अधिक. 32.8°
न्यून. 22.5° | न्यून. 21.2°

रांची, मंगलवार
29 अप्रैल 2025
वर्ष-26, अंक-87, पृष्ठ-12

वैशाख शुक्ल पक्ष 02, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




पेज 12





## स्वीडन में सीएम ने झारखंड में निवेश की संभावनाएं तलाशी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वीडन में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित रात्रिभोज में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। उन्होंने उनसे नॉर्डिक देशों में भारत के राजदूत के रूप में कार्य करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने प्रवासी भारतीयों को झारखंड में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए भी आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आईवीएल स्वीडिश पर्यावरण अनुसंधान संस्थान के मुख्यालय का दौरा किया। साथ ही, झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने आईवीएल के सीईओ जॉन रुन नीलसन के साथ व्यापक चर्चा की।

## एक नजर

### तिसरी सीओ को आंदोलनकारियों ने बनाया बंधक, पुलिस पर पथराव

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के तिसरी अचंल मुख्यालय में रजिस्टर टू की सत्यापित कॉपी देने की मांग को लेकर विगत बीस दिनों से धरने पर बैठे किसान जनता पार्टी के लोग सोमवार को उग्र हो गए। उन्होंने तिसरी अंचल कार्यालय पर पथराव किया। उन्होंने अंचल अधिकारी के गाड़ी पर पथराव करने के साथ गाड़ियों में आग लगाने का भी प्रयास किया। जानकारी के अुनसार, धरने पर बैठे किसान जनता पार्टी के आंदोलनकारियों ने सोमवार को तिसरी अचंल के अचंलाधिकारी (सीओ) को बंधक बना लिया। और, जब अधिकारी सीओ को ग्रामीणो से मुक्त कराने गए, तो उनपर पथराव किया गया, जिसमें कई लोग चोटिल हुए।

### ग्रामीण विकास विभाग के बड़ा बाबू मोहन महतो रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सरायकेला।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिले में ग्रामीण विकास विभाग के बड़ा बाबू मोहन महतो को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम ने ग्रामीण विकास विभाग प्रमंडल सरायकेला के बड़ा बाबू खेत्र मोहन महतो को दस हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी डीएसपी इंद्रदेव राम ने इसकी पुष्टि की है।


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।


### रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री को दी जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की जानकारी

# आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का समय आया नजदीक

- राजनाथ सिंह ने सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों के साथ की अलग-अलग बैठक

**नई दिल्ली (हि.स.)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 24 घंटे के भीतर सोमवार को दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 40 मिनट मुलाकात करके पहलगाम आतंकी हमला के बाद जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर सुरक्षा-व्यवस्था से संबंधित जानकारी दी। इसके पहले, रक्षा मंत्री ने आज ही सीडीएस जनरल अनिल चौहान, एनएसए अजीत डोभाल और तीनों सेना प्रमुखों से अलग-अलग बैठकें करके सुरक्षा तैयारियों के बारे में जानकारी ली। बाद में रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक भी संसद भवन के एनेक्सी में हुई।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच, सीडीएस अनिल चौहान की दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ भी रक्षा मंत्री की आज बैठक हुई। सुरक्षा बल जम्मू-कश्मीर में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं, जबकि एनआईए इस मामले की गहन जांच में जुटी है। इस बीच, रक्षा और सुरक्षा से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की बैठकों का दौर भी जारी है। यह बैठकें आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित हैं।

रक्षा मंत्री ने आज प्रधानमंत्री आवास पर 40 तक चली मुलाकात में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने के बारे में जानकारी दी।

शेष पेज 11 पर

### रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक भी हुई

सोमवार की शाम को रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक संसद भवन के एनेक्सी में हुई। बैठक में स्थायी समिति के अध्यक्ष राधा मोहन सिंह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। बैठक में कई सांसदों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिसमें देश की रक्षा नीतियों और सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। यह समिति रक्षा मंत्रालय के कामकाज, बजट आवंटन और सैन्य तैयारियों की समीक्षा करती है। हाल के वर्षों में इस समिति की बैठकों में कई अहम मुद्दे उठाए गए हैं। इस बार की बैठक के एजेंडे के बारे में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन यह बैठक देश की सुरक्षा और रक्षा तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



### हम हाई अलर्ट पर, तय है कि भारत सैन्य हमला करेगा : ख्वाजा आसिफ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को कबूल कर लिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, आसिफ ने सोमवार को कहा है कि भारत की तरफ से हमला तय है और यह करीब है। भारत के हमले के खतरे को देखते हुए ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तान की तैयारियों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, हमने अपने सुरक्षाबलों को मजबूत करना शुरू कर दिया है, क्योंकि भारत की तरफ से हमला निश्चित है। इन हालात में कुछ कूटनीतिक फैसले लेने होंगे और यह फैसले लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने भारत की तरफ से किसी भी तरह के आक्रमण की संभावना को लेकर सरकार को जानकारी दी है। हालांकि, आसिफ ने इस मुद्दे पर ज्यादा जानकारी नहीं दी। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है और अगर हमारे अस्तित्व पर खतरा पैदा होता है, तो ही हम अपने



शेष पेज 11 पर

### रिम्स निदेशक को हटाए जाने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

- न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं : स्वास्थ्य मंत्री

**रांची।** रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार को हटाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रौशन की अदालत ने तत्काल प्रभाव से डॉ राजकुमार को हटाए जाने के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही, राज्य सरकार एवं अन्य को नोटिस जारी करने व शपथ पत्र के माध्यम से जबाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की विस्तृत सुनवाई 6 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश स्टिगमैटिक (कलंक लगाकर हटाना) है, जो कानून के विरुद्ध है। हटाने के पहले प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी, उन्हें एक मौका मिलना चाहिए था,

शेष पेज 11 पर

## राष्ट्रपति ने 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में सोमवार को पद्म पुरस्कारों का वितरण किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कारों से कुल 71 हस्तियों को सम्मानित किया। नागरिक अलंकरण समारोह के पहले चरण में वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों का वितरण किया गया। वायलिन वादक लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। सुजुकी मोटर के पूर्व सीईओ ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत) को व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण दिया गया। उनके बेटे और सुजुकी मोटर्स के सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। फिल्म निर्देशक शेखर कपूर, अभिनेता और आंध्र प्रदेश के विधायक नंदमुरी बालकृष्ण, अभिनेता एस. अजित कुमार, गायक पंकज उधास (मरणोपरांत) को कला के क्षेत्र में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पंकज उधास की तरफ से उनकी पत्नी फरीदा पंकज उधास ने राष्ट्रपति से पुरस्कार ग्रहण किया। इनके अलावा, पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण पुरस्कार मिला।गायिका जसपिंदर नरूला को कला के क्षेत्र में और क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को खेल के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की सेवा 30 अप्रैल को करें समाप्त

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**



- केंद्र ने राज्य सरकार को लिखा पत्र

**रांची/नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर कार्यरत 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता की सेवा 30 अप्रैल, 2025 को समाप्त करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र भेजा है। संभावना जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 29 अप्रैल को विदेश से झारखंड लौटने के बाद राज्य सरकार इस संबंध में निर्णय लेगी। झारखंड सरकार ने 2 फरवरी, 2025 को अधिसूचना जारी कर अनुराग गुप्ता को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए राज्य का नियमित पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया था। इसके पहले, उन्हें 26 जुलाई 2024 को राज्य का कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था। इसके अलावा उन्हें आपराधिक अन्वेषण विभाग और

शेष पेज 11 पर

## रांची के डोरंडा में रह रहे तीन बच्चों को भेजा गया पाकिस्तान

- गर्मी की छुट्टी में आए थे, इन्हें ट्रेन से भेज दिया गया है दिल्ली

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से वापस भेजे जाने की कवायद जारी है। पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजे जाने की डेडलाइन थी 27 अप्रैल 2025, लेकिन 28 अप्रैल को भी कुछ पाकिस्तानियों को वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान भेजा गया। इसी क्रम में, रांची में रह रहे तीन नाबालिग को भी सोमवार को ट्रेन से दिल्ली भेज दिया गया, जहां से उन्हें पाकिस्तान भेजा जाएगा। तीनों बच्चे अब पाकिस्तान कैसे जाएंगे, इस पर दिल्ली में ही फैसला होगा। ये बच्चे गर्मी की छुट्टी में पाकिस्तान से रांची आए थे।



शेष पेज 11 पर

### फ्रांस के साथ साइन हुई राफेल-एम डील

- नौसेना को मिलेंगे 26 फाइटर जेट

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में भारत और फ्रांस के बीच सोमवार को राफेल मरीन लड़ाकू विमानों का सौदा हुआ। राफेल मरीन (राफेल-एम) विमानों की खरीद के लिए यह सरकार-से-सरकार की डील है। इस डील के तहत फ्रांस द्वारा भारतीय नौसेना को मरीन (एम) श्रेणी के 26 राफेल लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाएगी। सोमवार को हुए इस समझौते के दौरान रक्षा सचिव

शेष पेज 11 पर

### पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर छोड़ा नक्सलवाद

## लुगु पहाड़ मुठभेड़ में शामिल सुनीता ने किया सरेंडर

- भूखी-प्यासी पहुंची थी, एसपी ने पूरी कराई सरेंडर की प्रक्रिया भोजन भी कराया
- बोकारो एसपी स्वर्गियारी ने कहा, अन्य नक्सली भी जल्द कर सकते हैं सरेंडर

**नवीन मेल डेस्क**



**बोकारो।** 22 वर्षीय महिला नक्सली सुनीता मुर्मू सोमवार की सुबह बोकारो के एसपी मनोज स्वर्गियारी के आवास पर पहुंच गई। उसने कहा कि वह आत्मसमर्पण करना चाहती है। यह चौंकाने वाली घटना बोकारो के लुगु पहाड़ में सुरक्षाबलों की ओर से आठ नक्सलियों के मारे जाने के एक सप्ताह बाद हुई। महिला नक्सली सुनीता मुर्मू ने बोकारो के एसपी को बताया कि वह भी लुगु पहाड़ मुठभेड़ का हिस्सा थी, लेकिन गोलियों के बीच से किसी तरह बच निकली। वह जंगलों में छिपते हुए, कई दिनों तक भूखी-प्यासी भटकती रही। फिर गोमिया से ट्रेन पकड़ कर चंद्रपुरा होते हुए एसपी आवास तक पहुंची है। सुनीता ने एसपी से आग्रह किया कि वह सरेंडर कर एक नई जिंदगी शुरू करना चाहती है। एसपी मनोज स्वर्गियारी ने उसे कार्यालय लाकर सभी औपचारिकताएं पूरी कर सरेंडर प्रक्रिया पूरी कराई और भोजन भी कराया।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## कश्मीर में पर्यटन रोका जाए या रणनीति से आतंकियों के मंसूबों को



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

पहलगाम हमले के बाद कश्मीर घाटी से पर्यटकों का पलायन हो चुका है पर सच यह भी है कि 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या के अपराधी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं। ऐसे में घाटी की सुरक्षा व्यवस्था का नए सिरे से विश्लेषण जरूरी है। यहां बड़ा सवाल यह है कि कश्मीरियों के रोजगार के सबसे बड़े साधन पर्यटन को तब तक रोका जाए जब तक कि यह सुनिश्चित न हो जाए कि सभी पर्यटक सुरक्षित हैं या जैसे चल रहा था चलने दिया जाए ? कश्मीर में सेना की उपस्थिति का लंबा इतिहास है और लोगों को ऐसी आदत हो गई है कि जैसे वे कश्मीर के दिन प्रतिदिन की गतिविधियों के अंग हैं जैसा पहले इंडिया गो बैक और पत्थरबाजी हुआ करते थे जो अब इतिहास हो चुके हैं । जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उम्र अब्दुला अफ़सोस जाहिर कर रहे हैं कि पर्यटक उनके मेहमान थे जिन्हें कश्मीर घूमने के लिए बुलाया गया था पर अब शर्मिंदगी महसूस हो रही है। विधानसभा भी प्रस्ताव पास कर कुछ इसी तरह की भावना व्यक्त कर चुका है पर क्या ये भावना सभी कश्मीरियों की है और क्या वे इस बात का अनुभव करते हैं कि किस इंडिया का वे हमेशा विरोध करते थे उसी ने उनकी बंद पड़ी घाटी को सजाकर पर्यटकों और फिल्मों के लिए खुलवाया वरना वे धरती के इस स्वर्ग को काल्पनिक जन्नत बनाने ले सपने के लिए पाकिस्तान की चालों के मोहरे बन गोली बारूद करते रहते । 22/4 की घटना यह एक सुनियोजित सैन्य अभियान था, जिसे पाकिस्तानी सेना के निरंतर मार्गदर्शन और नियंत्रण में अंजाम दिया गया।हालांकि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद 2019 से इस क्षेत्र में काफी हद तक शांति बहाल हो गई है, लेकिन कश्मीर घाटी अब भी 'अशांत क्षेत्र' है। उच्च पदस्थ सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार घाटी में सुरक्षा 'सुरक्षा नेटवर्क की ग्रिड प्रणाली' के आधार पर सुरक्षा बलों को उपलब्ध मानव और भौतिक संसाधनों को हर संवेदनशील जगह पर समुचित रूप से तैनात किया जाना चाहिए। हमें और कश्मीरियों को समझना चाहिए कि संसाधन सीमित हैं और हम अब भी इस स्थिति में नहीं हैं, कि सभी स्थानों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे अधिकतम संसाधनों को तैनात कर सकें। घाटी में सामान्य स्थिति बहाल होने के साथ तथा संभवतः आम लोगों और पर्यटकों में विश्वास पैदा करने के लिए इन सुरक्षा बलों को जनता की नजरों से दूर कर दिया जाता है, ताकि उनकी भारी उपस्थिति को कम किया जा सके। इस कमजोरी के बारे में स्थानीय लोगों द्वारा जानकारी देने को नकारा नहीं जा सकता है। चूंकि यह घाटी में पर्यटन का चरम सीजन है और अनेक पर्यटन स्थल भौगोलिक दृष्टि से अलग-अलग हैं, इसलिए एकीकृत सुरक्षा नेटवर्क ने इन स्थलों की संवेदनशीलता का विश्लेषण करके प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा बलों को तैनात किया होगा।पहलगाम के निकट बैसरन मैदान अपने अपेक्षाकृत दूरस्थ स्थान, विशिष्ट सौंदर्य और शांति के कारण अधिकांश पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, तथा इस हिस्से की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए था। लेकिन, यहां लगातार सुरक्षा में कमी सीमा पार बैठे आतंकियों से छिपी नहीं रही होगी और इसीलिए, उन हैवानों ने यहां आराम से हमला कर दिया।ये हथियारबंद आतंकवादी नियंत्रण रेखा से लगभग 200 किलोमीटर दूर इतने अंदर तक कैसे पहुंचे और उन्हें हथियार किसने दिए इसकी गहन जांच एनआइए कर रही है । स्लीपर सेल गलत विचारधारा या पैसे का लालच या धमकी देकर स्थानीय समर्थन पाने के बाद, इन आतंकवादियों को उनके आकाओं द्वारा सबसे निरापद स्थान पर हमला करने का आदेश दिया गया होगा। अपने आकाओं को खूनी कृत्यों को लाइव दिखाने या सुबूत के तौर पर रिकॉर्ड करने के लिए बॉडी-कैम का इस्तेमाल करना, इलाके का चयन, लक्ष्य की पहचान और निष्पादन के समय की विस्तृत योजना के पीछे एक सैन्य दिमाग के सभी लक्षण दिखाई देते हैं। बैसरन मैदान में आसान लक्ष्य बनने के सभी तत्व मौजूद थे। खुला मैदान है, जिसके किनारों पर घने जंगल हैं, जिसमें छिपकर भागने के लिए मौके थे।देश के कोने-कोने से (अरुणाचल प्रदेश से, तमिलनाडु से और गुजरात तक के) आने वाले गैर-मुस्लिम पुरुष पर्यटकों को निशाना बनाया गया और इस प्रकार पूरे भारत में दर्द और दुख का माहौल पैदा किया गया। साथ ही एक असहाय पत्नी से कहा गया कि वह प्रधानमंत्री तक संदेश पहुंचाए। यह सब एक बहुत ही तीक्ष्ण और लक्ष्य केंद्रित योजना की ओर इशारा करता है, जो केवल एक घटिया सोच वाला सैन्य दिमाग ही बना सकता है। इस खुले स्थान वाले रिसॉर्ट में सीमित एकल संकीर्ण प्रवेश/निकास बिंदु है, केवल टट्टू से पहुंचा जा सकता है, सेना के पहुंचने में कम से कम 30 कीमती मिनटों का विलंब कर देती है, जो हमले के बाद आतंकियों के लिए भागने के लिए पर्याप्त है।आतंकवादियों को तब हमला करने का काम सौंपा गया, जब मैदान में अधिकतम पर्यटक हों और सुरक्षा बलों की प्रतिक्रिया का समय भी सबसे कम हो।



### पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विधानसभा में जम्मू कश्मीर के सीएम ने कहा

## मेरे पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं थे : उमर अब्दुल्ला

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सत्ता के गलियारों में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री की वहां के विधानसभा में सोमवार को दिए भाषण की बहुत चर्चा रही। यह कि जो काम केंद्र के संबंधित बड़े नेताओं को करना था, वह काम किया जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने। यह उनका बड़प्पन है, देश के प्रति वफादारी है, और आतंकी घटना के विरोध में रोष का अंदर उबलता संकेत है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर जम्मू कश्मीर की विधानसभा में सोमवार को प्रस्ताव पास किया गया। इसमें हमले की निंदा की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हम लोगों में से कोई भी इस हमले के साथ नहीं है और इस हमले ने हमें अंदर से खोखला कर दिया है। इस दौरान अब्दुल्ला ने आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों के नाम विधानसभा में पढ़े और उनके राज्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस हमले से पूरा देश पीड़ा में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कठुआ से लेकर कुपवाड़ा तक शायद ही कोई शहर या गांव ऐसा होगा, जहां लोगों ने बाहर आकर इस हमले की निंदा ना कि हो। मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर से लेकर दक्षिण, पूरब से लेकर पश्चिम तक, कहां अरुणाचल और कहां गुजरात, कहां जम्मू-कश्मीर और कहां केरल और बीच के सारे राज्य, पूरा मुल्क इस हमले की लपेट में आया है।

शेष पेज 11 पर

# प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए राज्य सरकार सक्रिय

## भारतीय दूतावास एवं विदेश मंत्रालय को तत्काल कार्रवाई के लिए भेजा ईमेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**प्रवासी मजदूर जिनका हुआ अपहरण**

1. फलजीत महतो (पिता - नारायण महतो, पासपोर्ट सं. W7735287)
2. राजू कुमार (पिता - फागु महतो, पासपोर्ट सं. R6801714)
3. चंद्रिका महतो (पिता - शंकर महतो, पासपोर्ट सं. X7456752)
4. संजय महतो (पिता - जागेश्वर महतो, पासपोर्ट सं.



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नाइजर में प्रवासी मजदूरों के अपहरण पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विदेश मंत्रालय एवं भारतीय दूतावास को मेल कर पांचों श्रमिकों की सकुशल वापसी के प्रयास तेज कर दिए हैं। विदित हो कि 27 अप्रैल को पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को ग्राम दोन्दलो एवं मुंडरो (थाना बगोदर, जिला गिरिडीह) के पांच प्रवासी श्रमिकों के अपहरण एवं गायब होने की सूचना दी थी। प्रवासी मजदूरों के नाम और उनके पासपोर्ट का जिक्र करते हुए त्वरित सकुशल वापसी हेतु कार्रवाई की मांग की गई थी। सभी श्रमिक नाइजर (दक्षिण अफ्रीका क्षेत्र) में ट्रांसमिशन लाइन के क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनी के केपीटीसी प्रोजेक्ट में कार्यरत थे।

25 अप्रैल को कुछ हथियारबंद लोगों द्वारा इन पांचों श्रमिकों का अपहरण कर लिया गया, और अपहरण के बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है एवं परिजनों ने चिंता व्यक्त की है। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रोजेक्ट हेड/कंट्री मैनेजर से संपर्क कर घटना की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। जानकारी अनुसार, सभी श्रमिक कंपनी साइट से 25–30 किमी दूर तेलाबारी क्षेत्र में कार्यरत थे। यह पूरी तरह से एक मिलिट्री ऑपरेशन था, जिसमें कुल 26 स्थानीय एवं 12 अन्य देशों के श्रमिक शामिल थे। इस घटना में 12 लोगों की मृत्यु की भी सूचना मिली है। वहाँ की कंपनी, गवर्नर कार्यालय, भारतीय राजदूत एवं भारतीय दूतावास इस मामले पर सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने दिनांक 28/04/2025 को मामले का सत्यापन करते हुए प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रेंट्स, रांची, भारतीय दूतावास तथा विदेश मंत्रालय को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु ईमेल भेजा है तथा पाँचों श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही का अनुरोध किया है। आज भारतीय दूतावास व कंपनी से दुबारा कण्ट्रोल रूम की बातचीत व ईमेल द्वारा सूचना दी गयी है कि भारत के नाइजर स्थित दूतावास को दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी है और नागरिकों की सुरक्षित एवं शीघ्र रिहाई के लिए वह संबंधित नाइजीरियाई अधिकारियों के साथ इस मामले को उठा रहा है।

---

कोडरमा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, बोले डॉ इरफान

# मॉड्यूलर ओटी से झारखंड में स्वास्थ्य क्रांति की नई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/कोडरमा।** अस्पताल की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार राशि की कोई कमी नहीं होने देगी। व्यवस्था से किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। हमारा लक्ष्य है कि हर मरीज को जिले में ही बेहतरीन इलाज मिले और रेफर करने की मजबूरी खत्म हो। यह बात उन्होंने कोडरमा सदर अस्पताल में औचक निरीक्षण के क्रम में कहा। उन्होंने पूरे अस्पताल में घूमकर स्वास्थ्य सुविधा का जायजा लिया। मौके पर अनेक मरीजों से मिले और उनकी तकलीफों को समझा। मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का उद्घाटन करते हुए उन्होंने रेफर करने की मजबूरी को दूर करने की बात कही। वे खुद एप्रोन पहनकर ऑपरेशन थिएटर में प्रवेश किये और डॉक्टरों की टीम के साथ मिलकर सर्जिकल प्रक्रिया में सहयोग किया। मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर दवाइयों की उपलब्धता की जांच की और आश्वस्त हुए कि अस्पताल में सभी जरूरी दवाएँ भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। मौके पर कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज भी मौजूद रहीं।

## छवि रंजन के पक्ष में ट्रायल कोर्ट में वकील ने दिया आवेदन



**रांची।** सेना ज़मीन मामले पर करीब 2 वर्षों से ज्यादा समय से जेल मे बंद आईएएस अधिकारी छवि रंजन के वकील ने ट्रायल कोर्ट में अविश्वास दस्तावेजों (यूआरडी) की सूची दायर करने के लिए अभियोजन (ईडी) को निर्देशित करने के लिए आवेदन दिया। निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से उनके वकील ने ट्रायल कोर्ट में एक आवेदन दायर किया है, जिसमें ईडी से अविश्वास दस्तावेजों की पूरी सूची प्रस्तुत करने का निर्देश देने की मांग की है। यह आवेदन इस आधार पर दायर किया गया है कि ईडी ने पूर्व में कुछ दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, लेकिन वे अधूरे और अपूर्ण थे। छवि रंजन पर आरोप है कि उन्होंने रांची के बरियातू रोड स्थित सेना की 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री में संलिप्तता दिखाई। इस मामले में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है और आरोप पत्र भी दाखिल किया है। हालांकि, छवि रंजन की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी है,उनके वकील का कहना है कि ईडी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कई महत्वपूर्ण जानकारियां और प्रमाण गायब हैं, जिससे छवि रंजन की रक्षा में बाधा उत्पन्न हो रही है। उक्त जानकारी छवि रंजन के अधिवक्ता ने दी है।

---

# स्मार्ट सिटी को और भी स्मार्ट बनाने की दिशा में होगा काम : सुदिव्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड और ग्रेटर राँची डेवलपमेंट अथॉरिटी की समीक्षा बैठक। इस बैठक में मंत्री ने कहा कि स्मार्ट सिटी के अधिष्ठापित कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की उपयोगिता को बढ़ाते हुए पूरे रांची शहर और नव निर्मित एबीडी (एरिया बेस्ड डेवलपमेंट) क्षेत्र की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही, एबीडी क्षेत्र के रख-रखाव की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाया जाए ताकि स्मार्ट सिटी का स्मार्टनेस बरकरार रहे। सोमवार को नेपाल भवन स्थित कार्यालय कक्ष में रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड की योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री श्री कुमार ने स्मार्ट सिटी क्षेत्र में जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, प्लॉट म्यूटेशन, स्ट्रीट लाइट ऑटोमेशन सहित विभिन्न पहलुओं पर भी विशेष निर्देश दिए।

## धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से नाबालिग की मौत

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से 15 वर्षीय नाबालिग ऋषि कुमार उर्फ गोलू की मौत हो गई। वह न्यू पुंदाग सेल सिटी निवासी धर्मेंद्र शाह का पुत्र था। गोलू अपने चार दोस्तों के साथ रविवार की दोपहर धुर्वा डैम घूमने गया था। इसी बीच सभी दोस्त नहाने के लिए धुर्वा डैम में उतर गए और गोलू गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, परंतु वे उसे बचा नहीं सके। शव की तलाश में सोमवार की सुबह आठ बजे एनडीआरएफ की टीम धुर्वा डैम में उतरी और पांच घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर एक बजे शव को पानी से बाहर निकाला। शव को नगड़ी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। ऋषि कुमार उर्फ गोलू सेल्स ब्वॉय का काम करता था। वहीं पिता किसी निजी फर्म में छोटा-मोटा काम करते हैं।

---

# ई-कोर्ट सर्विसेज से ई-फाईलिंग सुविधा चलेगी सुचारू रूप से : दिवाकर पांडे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमिटि एवं न्यायिक अकादमी झारखंड के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, रांची के द्वारा सोमवार को मीटिंग हॉल, व्यवहार न्यायालय रांची में अधिवक्ताओं के क्लर्क के लिए ई-कोर्ट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडे, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एस.एस. फातमी, एजेसी-15, अमित शेखर, निबंधक प्रशांत कुमार वर्मा, रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय विद्रोही समेत रांची जिला बार एसोसिएशन के अन्य निर्वाचित सदस्य एवं अधिवक्तागण तथा रांची व्यवहार न्यायालय के डीएसए भास्कर एवं साजिद रिसोर्स पर्शन के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मंचासीन सभी गमणमान्य अतिथियों व रिसोर्स पर्शन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्यवहार न्यायालय, रांची के निबंधक-सह-न्यायिक दंडाधिकारी, प्रशान्त कुमार वर्मा के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय कुमार व्रिदोही ने कहा कि आज के समय में अधिवक्ताओं की निर्भरता ई-कोट-ऐप में हो चुकी है। अगर थोड़े समय के लिए ई-कोर्ट सर्विस बाधित होता है, तो हम अधिवक्तागण परेशान हो जाते है अपने मुकदमों से संबंधित जानकारी को देख नहीं पाते है। उन्होंने कहा कि इस एप में ई-कोर्ट में प्रतिदिन न्यायालय के मुकदमों के कार्यों व आदेशों का संक्षिप्त विवरण ऐप में अपलॉड किया जाना चाहिए।

न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि आज के समय में कोई भी व्यक्ति मोबाईल के बिना ज्यादा समय तक नहीं रह सकता है। ई-कोर्ट सर्विस में लगातार बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। आनेवाले समय में ई-कोर्ट सर्विसेज से ई-फाईलिंग, ई-पेमेन्ट इत्यादि सुविधा सुचारू रूप से चलेगी। आनेवाले समय में आईसीजेएस की सुविधा सुचारू रूप से कार्यान्वित होनेवाली है, जिससे सभी अधिवक्ता, मुवक्किल, न्यायिक पदाधिकारी तथा आम जनता को लाभ होगा।

अमित शेखर ने कहा कि आनेवाला समय में ई-कोर्ट का जरूरत सभी वरीय व कनीय अधिवक्ताओं सहित आम व्यक्तियों के लिए होगा और वह आसानी से उसका उपयोग कर सकेंगे। दिनों-दिन ई-कोर्ट सर्विसेज को अपडेट किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि अधिवक्ताओं व उनके क्लर्क को विभिन्न सत्रों में ई-कोर्ट, ई-फाईलिंग एवं ई-पेमेंट का प्रशिक्षण व्यवहार न्यायालय, रांची के डीएसए भास्कर एवं साजिद के द्वारा दिया गया।

---

## झारखंड में लव जिहाद के खिलाफ भाजपा ने की सख्त कानून बनाने की मांग

**रांची।** राज्य में एक इंटरमीडिएट छात्रा के कथित धर्म परिवर्तन और विवाह के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज़ ने झारखंड सरकार से 'लव जिहाद' के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग की है। महिला अपराधों में वृद्धि पर चिंता : राफिया नाज़ ने कहा कि झारखंड में महिला अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2022 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड में महिला अपराधों में पिछले वर्ष की तुलना में 12% की वृद्धि दर्ज की गई है। 'लव जिहाद' पर रोक के लिए कानून जरूरीः उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हरियाणा जैसे भाजपा शासित राज्यों में 'लव जिहाद' के विरुद्ध बनाए गए सख्त कानूनों से ऐसे मामलों पर प्रभावी रोक लगी है। झारखंड में भी इसी प्रकार के कानून की आवश्यकता है, ताकि महिलाओं के खिलाफ होने वाले इस प्रकार के अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके। मुख्यमंत्री से जांच और सख्त कार्रवाई की मांग : राफिया नाज़ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों को कठोर सजा दिलवाने की मांग की है।

---

# संताल परगना में आदिवासी अस्तित्व खतरे में : बाबूलाल

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को मिल रहा संरक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा क खबरों से पता चला है कि मुंबई में कल 13 संदिग्ध बंग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया है जिन सब का आधार कार्ड झारखंड अन्तर्गत साहिबगंज जिले के राधानगर इलाक़े से बना हुआ है। इनमें एक महिला और बारह पुरुषों का जन्म तिथि एक समान 1 जनवरी ही अंकित है। कहा कि साहिबगंज के एसपी ने पूछने पर बताया कि डीसी ने कमेटी बनाकर इसके जाँच का आदेश दिए हैं।

कहा कि बांग्लादेश निकट होने के कारण साहिबगंज और पाकुड़ का इलाक़ा घुसपैठियों को लेकर सुर्खियों में है। वोट बैंक बनाने के लालच में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार में बड़े पैमाने पर ऐसे बांग्लादेशियों को वहाँ घुसपैठ करा कर उनका आधार कार्ड और वोटर कार्ड बनाया जाता है। इस वजह से संतालपरगना में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है।

कहा कि हेमंत सोरेन की मंशा इसी बात से समझी जा सकती है कि जब हाईकोर्ट ने घुसपैठ की जांच का आदेश दिया तो इस जांच को रोकवाने राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गयी हुई है। कहा कि राज्य सरकार से मांग करता हूँ कि जांच के नाम पर मामले को दबाने या लीपापोती का काम नहीं करे। मुंबई में पकड़े गये लोगों का आधार कार्ड कब बना, किसने बनाया और बनवाया? उन सबों की पूरी जानकारी तुरंत सामने लायें और कड़ी कार्रवाई करें। साहिबगंज जिला प्रशासन वस्तुस्थिति से उन्हें भी अवगत कराएं।

---

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह 11 मई को

**नवीन मेल संवादाता**

- **धरती आबा के वंशजों को किया जाएगा सम्मानित**
- **डॉ. राजाराम महतो ने उलिहातू पहुंच कर दिया आमंत्रण**



**रांची।** 11 मई 2025 को आर्यभट्ट सभागार में कलिंगा भारती फाउंडेशन धरती आबा बिरसा मुंडा जयंती समारोह आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम के लिए बिरसा मुंडा के वंशजों को आमंत्रित करने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुख्य संयोजक डॉ. राजाराम महतो उलिहातू ग्राम पहुंचे। जहां उन्होंने बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात कर आमंत्रित किया। वहीं निवेदन किया कि आप बिरसा मुंडा जयंती समारोह में उपस्थित हो। साथ ही उन्होंने भी सपरिवार आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. महतो ने बिरसा मुंडा के वंशज उनके पोता- परपोता और उनके पत्नियों को चादर, साड़ी-धोती देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उनके जो अधूरे सपने हैं उसे झारखंड व केंद्र सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। मौके पर बिरसा मुंडा के मूर्ति पर पूजा किया। साथ में धनंजय महतो, राजकुमार महतो, नीरज महतो, अशोक महतो, उपस्थित थे।

ज्ञात हो क बिरसा मुंडा जयंती समारोह 11 मई 2025 को ऐतिहासिक रूप से होगा जिसमें बिरसा मुंडा के सामाजिक - सांस्कृतिक परिचय और इसके आंदोलन के रूप रेखा पर तमाम चीजों पर विचार विमर्श होगा। इसके बाद बिरसा मुंडा के वंशजों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड के कला - संस्कृति मुंडारी गीत, कुरमाली गीत, संथाली गीत और भी तरह के कार्यक्रम को प्रस्तुत किया जाएगा और सभी का मन भाव को देखते हुए झारखंड की अस्मिता यहां की भाषा संस्कृति की तरह किया जाएगा।

---

## अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़ी कार में मारी टक्कर

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर गेट 4 के पास नशे में धुत होकर कार चला रहे तीन युवकों ने सड़क किनारे खड़ी एक कार में जोरदार टक्कर मार दी।



यह घटना रविवार रात की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जैसे ही उनकी कार रोड नंबर चार के पास पहुंची, वह अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा गयी। इस दुर्घटना में दोनों कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयीं। हादसे के बाद, तीनों युवक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों कारों को जब्त कर लिया और अब इस मामले की जांच की जा रही है।

---

सीयूजे व नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ के बीच हुआ एमओयू

# समझौते से दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलेगा लाभ : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सीयूजे और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची के बीच शिक्षा और शोध पर एमओयू (समझौता) हुआ। सीयूजे के कुलपति, प्रो. क्षिति भूषण दास ने खुशी जताई और कहा कि इस समझौते से दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को एनईपी-2020 के तहत लाभ मिलेगा। एनयूएसआरएल के कुलपति प्रो. अशोक आर. पाटिल ने भी इस साझा प्रयास पर हर्ष जताया और राज्य के विद्यार्थियों के लिए एनईपी-2020 क्रियान्वयन पर मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय मिलकर एनईपी-2020 के संपूर्ण क्रियान्वयन पर कार्य करेंगे। जिसमें दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षक अपने-अपने शोधपरक विशिष्ट ज्ञान को साझा करेंगे। साथ ही दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थियों के लाभ के लिए अपने विश्वविद्यालय के इतर व्याख्यान और विशिष्ट विषय आधारित पेपर पढ़ाएंगे। इसके अलावा दोनों विश्वविद्यालय साझा शोध, विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और साझा सेमिनार, कांफ्रेंस, और वर्कशॉप का आयोजन भी करेंगे।

इस समझौते पर दोनों विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. क्षिति भूषण दास और प्रो. अशोक आर. पाटिल ने हस्ताक्षर किया। इस समझौते पर हस्ताक्षर झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, एम एस रामचंद्र राव, जस्टिस संजय प्रसाद और झारखंड के एडवोकेट जनरल, श्री राजीव रंजन के गरिमामयी उपस्थिति में हुई। सीयूजे की तरफ से कुलसचिव के कोसल राव और डीन- शोध एवं विकास प्रो. अरुण कुमार पाढ़ी भी मौजूद थे।

---

टाटा लीज नवीकरण को लेकर सरयू राय भूमि सुधार व राजस्व सचिव से मिले, कहा

# टाटा स्टील समझौते के अनुसार नहीं देती सुविधाएं

- **झारखंड सरकार 31 दिसंबर के पूर्व टाटा लीज नवीकरण पर करे ठोस निर्णय**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को झारखंड सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के सचिव चंद्रशेखर के साथ उनके कार्यालय कक्ष में टाटा लीज समझौता नवीकरण के संबंध में सविस्तार चर्चा की। श्री राय ने उन्हें टाटा लीज समझौता 1985 और टाटा लीज नवीकरण समझौता 2005 के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया और अनुरोध किया कि 31 दिसंबर 2025 को लीज समझौता समाप्त होने के पूर्व इस बारे में ठोस निर्णय हो जाना चाहिए। राजस्व सचिव चंद्रशेखर के अनुसार, इस बारे में एक समिति गठित हुई है जो सरकार के वस्तुस्थिति से अवगत कराएगी।

गौरतलब है कि टिस्को लिमिटेड के साथ बिहार सरकार ने अगस्त 1985 में 30 वर्ष के लिए पहला लीज समझौता किया था जो भूतलक्षी प्रभाव से 1956 से लागू माना गया। यह समझौता 31 दिसंबर 1995 को समाप्त हुआ। इसके पूर्व अगस्त 1995 में टिस्को लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक जेजे ईरानी ने राज्य सरकार को पत्र लिख कर लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया आरम्भ करने का अनुरोध किया था। कतिपय अपरिहार्य कारणों से लीज नवीकरण समझौता समय पर नहीं हो सका। इस बीच झारखंड अलग राज्य बन गया। लीज समझौता नवीनीकरण की प्रक्रिया आरम्भ हुई पर तत्कालीन राजस्व मंत्री स्वर्गीय मधु सिंह द्वारा संचिका में लीज समझौता उलंघन और टाटा स्टील लिमिटेड पर भारी बकाया राशि का उल्लेख संचिका में कर दिए जाने के कारण लीज नवीनीकरण में विलंब हुआ। अंततः अगस्त 2005 में 30 वर्ष के लिए टाटा लीज नवीकरण समझौता हुआ जो भूतलक्षी प्रभाव से 1 जनवरी 1996 से लागू माना गया। यह समझौता 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। श्री राय ने बताया कि राजस्व सचिव के साथ हुई वार्ता में टाटा लीज समझौता की इस पृष्ठभूमि पर भी चर्चा हुई।

---

# मंत्री हफीजुल अंसारी की डॉक्टरेट उपाधि फर्जी : अजय साह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने आरोप लगाया कि मंत्री हफीजुल अंसारी को मिली डॉक्टरेट की डिग्री एक फर्जी विश्वविद्यालय से प्राप्त की गई है, जिसे उन्होंने "भारत वर्चुअल ओपन एजुकेशनल यूनिवर्सिटी" बताया। एक ऐसी संस्था जिसे न तो विश्वविद्यालय शब्द का प्रयोग करने का अधिकार है और न ही किसी प्रकार की शैक्षणिक उपाधि प्रदान करने की मान्यता प्राप्त है। कहा कि जैसा कि यूजीसी एक्ट 1956 के सेक्शन 22 में स्पष्ट है। इस फ़र्ज़ी यूनिवर्सिटी को ना तो यूजीसी, ना तो भारत सरकार और ना ही झारखंड सरकार ने कोई मान्यता दी है। साह ने दावा किया कि यह फर्जी विश्वविद्यालय "सेंट्रल क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी, अफ्रीका" से अपनी संबद्धता बताता है, जबकि गहन जांच में पता चला कि इस विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. उस्मान को इस्लामाबाद, पाकिस्तान की एक संस्था द्वारा प्रोफेसर की उपाधि प्रदान की गई थी। इस खुलासे के आधार पर साह ने गंभीर आरोप लगाया कि मंत्री हफ़िज़ुल अंसारी की उपाधि का पूरा नेटवर्क पाकिस्तान से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है।

# सुरेश चंद्र झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव में सुरेश चंद्र अग्रवाल विजयी हुए, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव पूरे झारखंड में 13 अप्रैल को संपन्न हुई थी। जिसमें कुछ कारणवश धनबाद जिला का चुनाव रद्द कर दिया गया था। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बसंत कुमार मित्तल एवं सुरेश चंद्र अग्रवाल थे। सोमवार को महेश्वरी भवन में धनबाद सहित पूरे झारखंड में हुए चुनाव की मतगणना हुई। पूरे झारखंड में सभी जिला मिलकर कुल 5106 मतदाता थे। जिसमें 3269 मतदाताओं ने चुनाव में अपना मत दिया। जिसमे 1851 मत सुरेश चंद्र अग्रवाल को मिले तथा 1352 मत बसंत कुमार मित्तल को मिले। 66 मत रद्द हुआ। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बसंत कुमार मित्तल को 499 मतों से हराकर विजयी हासिल की। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल के विजय घोषित होने पर सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। सुरेश चंद्र अग्रवाल के झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सबों ने बुके देकर एवं माला पहनाकर अभिनंदन एवं स्वागत किया। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने सबों का आभार व्यक्त करते हुए इस जीत को सदस्यों की जीत बताते हुए कहा कि सबों के सहयोग से मारवाड़ी सम्मेलन को और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने बसंत कुमार मित्तल, मुख्य चुनाव अधिकारी विनय सरावगी, सह चुनाव अधिकारी राजकुमार मारू, प्रदीप जैन बाकलीवाल, अशोक पुरोहित के प्रति आभार व्यक्त किया। सुरेश चंद्र अग्रवाल के विजयी होने पर ढोल बाजे के साथ विजयी जुलूस निकाली गई। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, धनबाद जिला अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, जमशेदपुर जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, पवन अग्रवाल, विजय गोयल, प्रदीप मिश्रा, धर्मचंद पोद्दार, पवन पोद्दार, राजेंद्र केडिया, अशोक नारसरिया, कमलेश संचेती, अनिल अग्रवाल, संजय सर्राफ, कौशल राजगढ़िया, प्रमोद सारस्वत, विमल पोद्दार, निर्मल बुधिया, सुनील पोद्दार, अजय खेतान, विजय कुमार खोवाल, अरुण केजरीवाल, प्रकाश बजाज, किशन पोद्दार, दीपेश निराला, नरेश बंका, बबलू हरित, राजेश भरतिया, विकास अग्रवाल, नारायण महेश्वरी, कमल शर्मा, विनोद कुमार, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति थे। यह जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।



● चुनाव में सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बसंत कुमार मित्तल को 499 वोटों से हराया

## सुरेश चंद्र अग्रवाल को विश्वनाथ नारसरिया ने दी बधाई



**रांची।** बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के 90 के दशक के उपाध्यक्ष रहे एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रथम सत्र के उपाध्यक्ष रहे विश्वनाथ नारसरिया ने झारखड सम्मेलन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर सुरेशचन्द्र अग्रवाल की बड़ी जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। श्रीनारसरिया में सभी से आग्रह किया है कि समाज में एकता की कमी हो रही हैं, उसको दूर करना नए अध्यक्ष को दायित्व बोध कराना चाहिए।

## राज्य स्तर पर मारवाड़ी पंचायत का गठन होगा : सुरेश चंद्र अग्रवाल

**रांची।** सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन से संबंधित मेरी कुछ योजनाएं हैं। जिसमें वर्तमान संविधान की कुछ अनियमितताओं को यथाशीघ्र दूर करना, संविधान में यह व्यवस्था करना कि प्रत्येक जिले से कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित प्रतिनिधि को प्रांतीय उपाध्यक्ष (जिला) के पद पर मनोनीत कर सीधा प्रांत के संपर्क रखा जाए। राज्य स्तरीय पर मारवाड़ी पंचायत का गठन कर प्रभावशाली तरीके से लागू करना ताकि समाज की पारिवारिक झंझटों से मुक्ति मिल सके, प्रत्येक जिला सम्मेलन के एक स्थाई परियोजना स्थापित करवाना जैसे मारवाड़ी छात्र-छात्राओं हेतु राजस्थान छात्रावास, स्थायी पनशाला, स्थायी चिकित्सालय आदि,राज्य स्तर पर वैवाहिक वेबसाइट बनाना ताकि समाज के लोगों को इसका लाभ मिल सके, सम्मेलन का अपना कार्यालय बनाना न कि लीज या भाड़े पर लेना, स्वास्थ्य और शिक्षा पर दीर्घ अवधि योजना बनाकर समाज हित में आरंभ करना, राज्य में कम से कम तीन प्रमंडलों में आईएएस, आईपीएस कोचिंग संस्थान खोलना, मारवाड़ी समाज की संस्कृति ,भाषा, मूल स्थान से जुड़ाव हेतु राज्य स्तर पर प्रकोष्ठ का गठन करना, संगठन की मजबूती हेतु कम से कम 1500 सदस्य इस सत्र में बनाना, अच्छे कार्य करने वाले जिला,शाखाओं, सदस्यों को अधिवेशन में पुरस्कृत करना, समाज की नीति निर्धारण एवं दिशा निर्देश हेतु सभी पूर्व अध्यक्षों की सर्वोच्च समिति का गठन करना, प्रत्येक सदस्य को सम्मेलन का पहचान पत्र देना, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की सर्व सुविधायुक्त वेबसाइट बनवाना, पूरे राज्य में निःशुल्क विधिक सलाह हेतु सक्षम विधि विशेषज्ञ के पैनल का गठन करना, जिला स्तर पर मारवाड़ी समाज के सदस्यों की जनगणना हेतु प्रयास करना, खेलकूद एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन करना, राजनीतिक में आने हेतु समाज के लोगों को प्रोत्साहित करना और राजनीतिक दलों से अपने समाज को उचित प्रतिनिधित्व की मांग करना, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बनने पर इन सभी योजनाओं को शत- प्रतिशत पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

# 134 स्कूल वैनों की हुई जांच

● क्षमता के अनुरूप बच्चों को बैठाने का दिया गया निर्देश

● स्कूल वैनों में सुरक्षा मानकों की भी जांच की गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला प्रशासन द्वारा स्कूल वैनों में सुरक्षा मानकों एवं क्षमता के अनुरूप बच्चों को बैठाने सहित सभी प्रकार के सुरक्षा उपाय को लेकर लागातर स्कूल वैनों की जांच की की जा रही है। ताकि सुरक्षा के सभी मानकों का पालन कराया जा सकें। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। जिस कड़ी में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। जिस कड़ी में सोमवार को जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) प्रमोद कुमार केशरी के द्वारा संयुक्त रूप से लालपुर, डोरण्डा एवं धुर्वा क्षेत्र में लगभग 134 स्कूल वैनों की जाँच की गई ।जांच के क्रम में क्षमता से अधिक बच्चों के परिवहन किए जाने पर संबंधित वैन संचालकों / चालकों को चेतावनी एवं नोटिस दिया गया है। स्कूल वैनों में सुरक्षा मानकों की भी जाँच की गई एवं इसे दुरूस्त करने, निजी वाहनों का प्रयोग व्यवसायिक वाहनों के रूप में नहीं करने, क्षमता के अनुरूप बच्चों को बैठाने सहित सभी प्रकार के सुरक्षा उपाय करने का निर्देश दिया गया है।

### स्कूल वैन संचालित कराने का निर्देश



साथ ही व्यवसायिक प्रयोग किए जाने वाले वाहनों के सभी कागजात यथा फ़ीटनेस इन्श्योरेन्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र, पथकर एवं परमिट को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही भविष्य में मानकों के अनुरूप स्कूल वैन संचालित नहीं किए जाने पर संबंधित वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई करने संबंधी चेतावनी दी गई।

# लाभुकों का आधार सीडिंग कैंप आज

**मंईयां सम्मान योजना**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर मंगलवार को रांची जिला में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य किया जाएगा।

### इन लाभुकों की होगी आधार सीडिंग

कैंप में योजना अंतर्गत उन लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग की जाएगी, जिन्हें 3 महीने की एकमुश्त सम्मान राशि 7500 रुपए 03 अप्रैल 2025 या उसके पश्चात मिली है। जिन लाभुकों को 03 अप्रैल 2025 से पहले एकमुश्त तीन महीने की सम्मान राशि बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी, उन्हें कैंप में आने की आवश्यकता नहीं है, उनका आधार बैंक खाते से सीडेड है। विभागीय संकल्प के अनुसार योजना के लाभुकों को अप्रैल-2025 से केवल आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही सम्मान राशि का भुगतान किया जाना है।

### सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक कैंप का होगा आयोजन

जिला के सभी पंचायत में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पूर्व में ही शिविर के सफल संचालन के लए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया जा चुका है।

### शहरी क्षेत्र के लाभुक संबंधित बैंक में करा पाएंगे आधार सीडिंग

वहीं शहरी क्षेत्र के सभी बैंक शाखाओं में लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य मंगलवार को संपादित किया जाएगा। जिसमें योजना अंतर्गत शहरी क्षेत्र के लाभुक संबंधित बैंक में उपस्थित होकर अपना आधार सीडिंग करवा सकेंगे।

## डोरंडा कॉलेज में प्लेसमेंट सेल का आयोजन, 30 छात्रों का हुआ चयन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ एवं वेबप्लस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से डोरंडा महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल का आयोजन किया गया ।इस प्लेसमेंट में एमबीए, एम.कॉम, बी.एससी आईटी, बीसीए, बी.कॉम, बीबीए के विद्यार्थी शामिल हुए। वेबप्लस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में बीएससीआईटी, बीसीए के 30 बच्चे शामिल हुए। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ में एमबीए, एम.कॉम, बी.कॉम और बीबीए के 70 बच्चों ने भाग लिया। कंपनी द्वारा तीन राउंड में इंटरव्यू कराया गया परिचय, जी.डी., साक्षात्कार। जिस में 30 बच्चों का सेलेक्शन किया गया । डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दिए और उन्होंने कहा कि आने वाले समय में डोरंडा महाविद्यालय में और भी कंपनी प्लेसमेंट के लिए आएंगे और उनका कोशिश रहेगा यह कॉलेज सबसे ज्यादा प्लेसमेंट देने में प्रथम स्थान पर रहे । रोजगारमुखी कोर्स के कोर्सकोरिनेटर डॉ पप्पू कुमार रजक ने सभी बच्चों को इस प्लेसमेंट के लिए उज्जवल भविष्य की कामना किए ।

## अधिवक्ता स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में अधिवक्ता स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम एवं 10 मई को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की 27वीं बैठक रखी गई है। इसके सफल संचालन को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बैठक की। जिला स्तर पर बैठक के सफल संचालन के लिए गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उपायुक्त द्वारा अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तीन मई को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अधिवक्ता स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के लिए उपायुक्त द्वारा मिनट टू मिनट, डॉयस प्लान, टेंट निर्माण, खाने की व्यवस्था, ज्वायंट ऑर्डर, पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, यातायात, सुरक्षा, बिजली आदि व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक से संबंधित तैयारी की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी कोषांगों को परस्पर समन्वय से कार्य करने का निर्देश दिया । उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय में पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निदेश दिए। बैठक में डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार, पुलिस अधीक्षक, (यातायात) डॉ. कैलाश करमाली, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, सहित विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार लगाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिले वासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर लगातार जनता दरबार में उनकी समस्याओं से अवगत हो रहे हैं। इसी क्रम सोमवार को फिर से समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित की गई। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने जनता दरबार में एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनी गई एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा ।जनता दरबार के ज्यादातर शिकायतें भू-राजस्व से संबंधित थीं, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें। जनता दरबार में एक महिला ऑपरेशन के बाद आंख खराब किए जाने की शिकायत लेकर आई थी।

**आज / कल**




## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने बच्चियों के सुकन्या खाते खुलवाए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत चौथे चरण में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए जागरूकता अभियान के अंतर्गत सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में जानकारी बैंक पदाधिकारी द्वारा दी गई शाखा द्वारा 4 बच्चियों का सुकन्या खाता भी खुलवाया गया। यह कार्यक्रम भुइया टोली अपर बाजार में किया गया। इस कार्यक्रम को कन्या भ्रूण प्रभारी स्मिता अग्रवाल, संयोजिका आशा सराफ ने बहुत ही अच्छे तरीके से कार्यक्रम को सजाया। इसके साथ-साथ शाखा ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया । मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में सोमवार को 6.30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हरमू रोड स्थित श्याम मंदिर में किया गया। इसमें ब्लड शुगर, थायराइड , बीपीऔर भी तरह-तरह की जांच किए गए। इस शिविर से 32 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर का आयोजन फोर क्यूर फाउंडेशन के सौजन्य से हुआ। इस शिविर के आयोजन हेतु स्वास्थ्य प्रभारी आशा संथालिया, सोनल शर्मा संयोजिका राधा ड्रोलिया जी ने बहुत ही अच्छे तरीके से तैयारी की थी।

**भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनातनी**

# ड्राई फ्रुट्स के दाम नही बढ़ेंगे : प्रवीण



**मनोज मिश्रा। रांची।** भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों में आए तनातनी के बीच देश में कई सामानों के भाव बढ़ने के आसार हैं। खास कर ड्राई फ्रूट्स और सेंधा नमक के दामों में तेजी आएगी। हालांकि जानकारों का कहना है कि भारत पूरी तरह से तैयार है। किसी भी सामान का दाम नहीं बढ़ेगा। पूरे देश में स्थिति समान्य रहेगी। दरअसल, अटारी-वाघा बॉर्डर बंद होने से भारत और अफगानिस्तान के व्यापार में भी असर पड़ने लगा है। हालात यह है कि बीते चार दिनों से अफगानिस्तान से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ठप हो गई है। इस कारण इसके दाम आसमान छूने की संभावना जतायी जा रही थी।

### दुबई के रास्ते भारत पहुंच रहा है ड्राई फ्रूट्स : प्रवीण



इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने एफजेसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण छाबड़ा से बात की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान से सेंधा नमक, छोहाड़ा और थोड़ा पिस्ता का आयात होता है। इसमें इस बार फर्क इसलिए नहीं आ रहा है कि पुलवामा हमले के बाद ड्यूटी जो अलग-अलग आइटम में 200-250 प्रतिशत लग गया था। वह ड्यूटी तो केंद्र सरकार ने कभी हटाया ही नहीं। चूंकि दुबई में बहुत सी चीजों का फ्री पोर्ट है। वहां व्यापार को प्रमोट किया जाता है तो विकल्प के रूप में ट्रेड का रास्ता दुबई बना है। उस समय जो रास्ता खुला और अभी भी जो माल आ रहा है वह दुबई से होकर आ रहा है। इसलिए ड्राई फ्रूट के दाम आसमान नहीं छू सकते।

### झारखंड में फल व सब्जी पाकिस्तान से नहीं आता : हाजी फिरोज



रांची जिला के सदर हाजी फिरोज ने बताया कि झारखंड के फलों और स जियों का आयात पाकिस्तान से नहीं होता है। इसलिए फलों और स जियों के दाम में बढ़ने की कोई संभावना नहीं। झारखंड से फल और स जी बांग्लादेश निर्यात किया जाता है। वहां अधिक मांग होने से यहां के मूल्य में थोड़ी वृद्धि होती है जो स्वभाविक है।




## एक नजर

### मृतक की हुई पहचान

**मुरगु।** पुल के निकट मिले शव की पहचान हो गयी है. मृतक दिलीप कुजूर बड़ा हुटार चान्हो का रहने वाला था।

### एक दीप शहीदों के नाम : हरिनाथ साहू

**कांके।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक जांच विभाग ने सैकड़ों जलती मोमबत्तियों के साथ शहीद कांके चौक से न्यू मार्केट कांके थाना होते हुए बाजार टांड तक शांति कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें रांची सहित पूरे प्रदेश में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्मेंट ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। र्यक्रम को सफल बनाने में स्टेट डायरेक्टर सूरज जायसवाल, एडिशनल सेक्रेटरी ललित गोस्वामी, डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर बलदेव साहू, प्रेमचंद साहू, समीर कुमार सिन्हा, गणेश जायसवाल, अमित कुमार एवं विभिन्न जिलों से आए दर्जनों समर्पित धिकारियों की अकथ मेहनत जिन्होंने शहीदों के सम्मान में अपना बहुमूल्य योगदान किया।

### कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करें कार्यकर्ता : साबिर

**खलारी।** खलारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक नेहरू क्लब, केडी खलारी में हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी ने की। पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत इस विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित जिला ग्रामीण पर्यवेक्षक राज उरांव ने संगठन सृजन कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रखंड से लेकर पंचायत व बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करना होगा। विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने पंचायत अध्यक्षों व नेताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करें तथा जनता के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाएं।

### तीन दिवसीय कीर्तन का समापन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बांसारूली गांव मे तीन दिवसीय कीर्तन का समापन हुआ।जिसमें बंगाल से प्रसिद्ध छह कीर्तन मंडलियो ने हिस्सा लिया एवं 24 घंटा कीर्तन मंडली ने कीर्तन करते हुए श्रद्धालुओं को आकर्षित किया।वहीं सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष ने कीर्तन को बेहतर बनाते हुए लाभ उठाया और भक्ति रस में भी गोता लगाए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हिंडाल्को कंपनी के एच आर हेड अरुण राय उपस्थित हुए। ग्रामीणों ने उनको अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि कीर्तन का प्रभाव अद्भुत होता है।इस आयोजन को सफल बनाने में देवकुमार महतो, जयनारायण साहु, सुखदेव महतो, संजय साहु, अरबिन्द साहु, उमेश मांझी, श्रीपद महली, एव इत्यादि ग्रामीणों उपस्थित थे।

# बच्चों की शिक्षा के लिए तालमेल जरूरी : कंचन



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**


बच्चों का उज्जवल भविष्य, उनकी शिक्षा, उनकी प्रगति और बेहतर मुकाम के लिए हम सभी जनप्रतिनिधियों को अभिभावकों और शिक्षकों से मिलकर बेहतर तालमेल के साथ स्कूल रुआर कार्यक्रम को सफल बनाना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। दोनों की बीच तालमेल का होना बहुत ही जरूरी है, तभी सही शिक्षा की राह देखी जा सकती है। बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन एवं विद्यालय में उनका ठहराव सुनिश्चित कराना सबसे आवश्यक कार्यों में से एक है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड मुख्यालय में आयोजित स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि लापुंग प्रखंड के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कही। वहीं उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लापुंग प्रखंड को बहुत आगे तक ले जाना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्य से लेकर, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया और ग्राम प्रधान को बेहतर तालमेल के साथ हम सभी जनप्रतिनिधियों को स्कूल में बच्चों का नामांकन और ठहराव सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में प्रत्येक महीने 25 तारीख को भाग लेना सबसे महत्वपूर्ण कार्य होना चाहिए। इसके पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज की अध्यक्षता में आयोजित प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम 2025 के कार्यशाला का सभी अतिथियों ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। ले मशालें चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के ..... जैसे अभियान गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सीटी बजाओ अभियान 2.0 एस्पायर का बीडीओ उषा मिंज ने प्रमुख-उप प्रमुख सहित विशिष्ट अतिथि सविता उरांव, बिरसमणी देवी, धुचला मुंडा, दुर्गा उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम, पूनम टोप्पो, सुनिता होरो तथा मीना बरला के साथ मिलकर सीटी बजाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को अपने अंदर अपनी खुबियों के साथ साथ खामियों को भी देखने की जरूरत है। केवल कमियां गिनाना हमारा उद्देश्य नहीं है। हमें देखना होगा कि हम कितने अच्छे तरीके से विद्यालय को बेहतर बनाने एवं बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

### गिरफ्तार तस्लीम के परिजनों ने वायरल कराया एकरारनामा

# झिमड़ी गांव मामले में धर्मांतरण के बाद किया गया निकाह

**नवीन मेल डेस्क**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र के झिमड़ी गांव में हंगामे के पीछे कथित लव जिहाद का मामला सामने आया है। युवती रिता महतो (19) के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार मोहम्मद तस्लीम आलम के परिजनों द्वारा वायरल कराए गए एकरारनामे में यह खुलासा हुआ है कि युवती का धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कबूलवाया गया और फिर निकाह करवा दिया गया।जानकारी के अनुसार, रिता महतो ने 18 मार्च 2025 को पश्चिम बंगाल के आसनसोल कोर्ट में हलफनामा देकर इस्लाम धर्म अपनाने की घोषणा की। इसके एक दिन बाद, यानी 19 मार्च को इलामबाजार के मुस्लिम विवाह एवं तलाक रजिस्ट्रार कार्यालय में उसका निकाह रजिस्टर कर दिया गया। रिता महतो ने इस्लाम धर्म अपनाने के बाद अपना नाम फिजा खातून रख लिया है। हलफनामे में रिता ने दावा किया कि उसने अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन किया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इतनी त्वरित प्रक्रिया और विवाह कराने की



SEAL OF THE MUSLIM MARRIAGE & DIVORCE REGISTRAR ILLAMBAZAR, DIST- BIRBHUM, (W.B.)

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
OFFICE OF THE MUSLIM MARRIAGE REGISTRAR AND KAZI
UNDER SECTION 12, 15 & 22 OF 1876 ACT.
MARRIAGE REGISTRATION CERTIFICATE

GOVERNMENT OF WEST BENGAL JUDICIAL DEPARTMENT No- 391-JD/XIV/4M-109/2017 DISTRICT No.- 77

Bride Groom :-
— Name :- MD TASLIM ALAM — DOB / Age :- 32 yr 05/07
— Father's Name :- MD SAKIL ANSARI
— Resident of :- Present Address:- BHAGABOTI BAZAR, P.O - ILLAMBAZAR, P.S - ILLAMBAZAR, DIST - BIRBHUM, (WEST BENG PIN:- 731214
Permanent Add. :- JHIMRI, P.O - MURU, P.S - NIMDIH, DIST - SERAIKELA KHARSAWAN, (JHARKHAND), PIN - 832

Bride :-
— Name :- FIZA KHATOON @ RITA MAHATO — DOB / Age :- 19 yr 01/0
— Father's Name :- BENU PADA MAHATO
— Resident of :-
Permanent Add. :- JHIMRI, P.O - MURU, P.S - NIMDIH, DIST - SERAIKELA KHARSAWAN (JHARKHAND), PIN - 832

Place of Marriage :- ILLAM BAZAR MUSLIM MARRIAGE AND DIVORCE, REGISTRAR OFFICE AT P.O - ILL BAZAR, P.S - ILLAM BAZAR, DIST- BIRBHUM (W.B.)

Marital Status of Bride :- Unmarried

जल्दबाजी से कई संदेह पैदा हो रहे हैं। धर्म परिवर्तन के बाद शादी करवाना 'लव जिहाद' की आशंका को बल देता है। विवाह के दौरान मेहर राशि 25,786 रुपए तय की गई, जो अभी तक भुगतान नहीं हुई है। विवाह प्रमाणपत्र में यह भी दर्ज है कि पति ने पत्नी को तलाक का अधिकार (खुला) भी प्रदान किया है। विवाह की गवाही अरमान वाजिद और अब्दुल जलील ने दी। वकील के रूप में मोहम्मद नबीर उपस्थित थे। विवाह मुस्लिम मैरिज रजिस्ट्रार के समक्ष विधिपूर्वक संपन्न हुआ है। फिजा खातून (पूर्व नाम रिता महतो) की जन्म तिथि 01 जनवरी 2006 दर्ज है, जिससे यह भी संदेह उठ रहा है कि विवाह के समय उसकी उम्र 19 वर्ष बताई गई है या कहीं दस्तावेजों में उम्र छिपाने का प्रयास तो नहीं हुआ? इस पहलू की भी जांच की मांग उठ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मामला पुलिस और प्रशासन की ओर से गंभीरता से लिया जाना चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि युवती पर किसी प्रकार का दबाव या प्रलोभन तो नहीं डाला गया। ज्ञात हो कि अपहरण की घटना को लेकर झिमड़ी में आगजनी हुई थी और पुलिस बल पर भी हमला हुआ था।

### खलारी के बड़कीटांड में पानी की किल्लत

# डीएमएफटी मद से बना है कंक्रीट जलमीनार, जलापूर्ति शुरू होने का इंतजार



### आधा किमी दूर से पानी ढो रहे ग्रामीण

**खलारी।** खलारी प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत बड़कीटांड़ गांव में पानी की घोर किल्लत है। गर्मी बढ़ने के साथ यह परेशानी और भी बढ़ गई है। विश्रामपुर पंचायत क्षेत्र के अधिकतर भू-भाग में सीसीएल की कोयला खानें हैं। पूर्व में यहां भूमिगत खानें भी थी। आए दिन खुली कोयला खदानों का विस्तारीकरण हो रहा है। खदानें गहरा रही हैं। इन सबका प्रतिकूल प्रभाव भू जलस्तर पर पड़ रहा है। पंचायत के बड़कीटांड़ में 70 घरों में करीब 350 आबादी रहती है। इनमें कुछ स्थानीय रैयत है तो कुछ विस्थापित परिवार हैं। गांव के लोगों के लिए पानी आपूर्ति बड़ी समस्या रही है। गांव में चार जलमीनार व पांच चापाकल हैं। परंतु सभी खराब हैं। पूर्व के चापकलों में ही 15वें वित्त से जलमीनार बना दिया गया। लेकिन चापाकल फेल हो जाने से जलमीनार भी बेकार हो गए। गांव की सुनीता देवी, मनिता देवी, खिविया देवी, मालती देवी सहित कई महिलाओं ने बताया कि विजय लोहरा के घर के निकट जलमीनार विगत एक साल से खराब है। खेमनाथ गंझू के घर के निकट स्थित जलमीनार खराब छह माह से खराब है। गोपी गंझू के घर के निकट जलमीनार दो साल से खराब है। इसके अलावा पांच वर्ष पूर्व बना एक कंक्रीट जलमीनार 7-8 माह से खराब है। बताया कि धर्मराज गंझू के घर के निकट स्थित जलमीनार के लिए बाद में नया डीप बोर किया गया था। वर्तमान में यह रूक रूककर पानी दे रहा है। आसपास के लोगों के लिए यह भी पर्याप्त नहीं है।

## न्यूज | बॉक्स

### खिलाड़ियों ने निदेशक को सौंपी ट्रॉफी




**रांची।** हाल ही में आयोजित हुए विभिन्न राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में झारखंड के खेल प्रतिभाओ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का मान बढ़ाया। उनके शिक्षा और खेल के अद्भुत संगम के विजयी गाथा से सोमवार को राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन को अवगत कराया। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन को उक्त सभी प्रतियोगिताओ की ट्रॉफी सौंपी गई, साथ ही उनके सकारात्मक मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। विशेष तौर पर मणिपुर में हुए बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बनी झारखंड की बेटियों के अद्भुत खेल कौशल के बारे में भी उन्हें बताया और राज्य को मिले गौरव को सम्मान स्वरुप उन्हें सौंपा गया।

### कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों को गांव- गांव तक पहुंचाया: कालीचरण मुंडा



**तमाड़।** कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम एवं संविधान बचाओ रैली के तहत को लेकर सोमवार को तमाड़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से वन विभाग के सभागार कक्ष में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के केशव महतो कमलेश,खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रखंड पर्यवेक्षक रमेश पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ सहित सभी मंडल के अध्यक्ष एवं पंचायत के अध्यक्षो की उपस्थिति रही। बैठक में मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि संगठन को कैसे धारदार बनाया जाए कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों को कैसे गांव गांव तक पहुंचाया जाए। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो, राकेश किरण व प्रवचन रमेश पांडे ने कहा कि कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में गहन विचार विमर्श किया साथ ही 3 मई को होने वाले संविधान बचाओ रैली में तमाड प्रखंड कांग्रेस की ओर से भारी से भारी संख्या में कार्यकताओं को शामिल होने के लिए आग्रह किया गया है। मेको मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ कांग्रेस एवं सभी बैंक के अध्यक्ष एवं सभी समुदाय के लोगों भारी उपस्थित रही।

### नमन और मनन सफलता का मूल मंत्र है : डॉ जेबी पांडेय




**रांची।** उत्तरप्रदेश के कासगंज में रविवार को द्रौपदी देवी जाजू सरस्वती बालिका इंटर कालेज कासगंज के तत्वावधान में छात्र -छात्राओं के हित में सफलता के मंत्र पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ जंग बहादुर पांडेय ने मुख्य अतिथि के रूप मे इस विषय पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवाओं के पास जोश है और बुजुर्गों के पास होश है।यदि युवा अपने जोश में बुजुर्गों के होश के साथ मिला दें, तो सफलता उनके चरण चूमेगी। अतः उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि सफलता के लिए मन को नियंत्रित करना परमावश्यक है और मन को एकाग्र करने का एक अमोघ अस्त्र है-मन के पहले ह्र न ह्र लगाएं शब्द बनेगा नमन। नमन से मन का अहंकार दूर होगा और मन शांत होगा और मन शुभ कार्य की ओर अग्रसर होगा। मन के पीछे ह्र न ह्र लगाएं शब्द बनेगा मनन। एकाग्र होकर अध्ययन और चिंतन करने की क्रिया का नाम मनन है। नमन + मनन=ज्ञान की प्राप्ति=जीवन में मनोवांछित फल की प्राप्ति यानि सफलता अर्थात बल्ले बल्ले।
संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रबंधक महेश कुमार माहेश्वरी ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव का संदर्भ है कि रांची से आकर प्रो डा जे बी पाण्डेय हमारी छात्राओं को सफलता के राज जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मंत्र दे रहे हैं।विद्यार्थियों को अपने माता पिता और गुरु की बात आंख मूंदकर मान लेनी चाहिए, इसी में उनका कल्याण है।

### खूंटी में आजसू पार्टी की जिलास्तरीय बैठक

# बिरसा मुंडा के सपनों से भटक गया है झारखंड : सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा ने जिन सपनों को लेकर संघर्ष किया था, उनसे झारखंड भटक गया है। खूंटी परिसदन में पार्टी की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए श्री महतो कहा कि आजसू कार्यकताओं को झारखंड के नवनिर्माण के लिए कमर कसना होगा। बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड बनाना होगा। बैठक में पार्टी के विस्तार, संगठन को मजबूत करने की रणनीति तथा झारखंड के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, संजय मेहता आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में श्री महतो ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कार्यकताओं से ग्रामीण स्तर तक पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने झारखंड में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनता के मुद्दों को उठाने और उनके हित में काम करने की आवश्यकता है। बैठक में पार्टी विस्तार के लिए नए सदस्यों को जोड़ने, स्थानीय नेतृत्व को प्रोत्साहित करने और आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों पर भी जोर दिया गया।

### झारखंड जिम्नास्टिक्स टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऑलराउंड कांस्य सहित दो व्यक्तिगत पदक जीता



नवीन मेल संवाददाता। रांची। महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 में झारखंड की जिम्नास्टिक्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑलराउंड श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर राज्य का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है। आज हुए व्यक्तिगत फाइनल मुकाबलों में झारखंड के प्रतिभाशाली जिम्नास्ट दिबास गायेन ने पॉमल हॉर्स इवेंट में 11.133 अंक तथा रिंग्स इवेंट में 10.567 अंक अर्जित कर दो कांस्य पदक अपने नाम किए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पैरेलल बार्स में 11.167 अंकों के साथ छठा स्थान तथा रिंग्स में 10.567 अंकों के साथ चौथा स्थान भी प्राप्त किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से झारखंड का गौरव और बढ़ा है। वहीं, झारखंड की एक अन्य प्रतिभाशाली जिम्नास्ट तुलिन तिवारी ने पॉमल हॉर्स में 10.167 अंकों के साथ पाँचवां स्थान हासिल किया। झारखंड के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से पूरे राज्य में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। इस उपलब्धि पर झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष श्री आर. के. आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष श्री शेखर बोस, महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक, झारखंड जिम्नास्टिक्स संघ के संरक्षक तथा रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग संदीप कुमार, जिला खेल पदाधिकारी रांची शिवेंद्र कुमार, संघ के अध्यक्ष रंजन कुमार, उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव, कार्यकारी सचिव राजीव, प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक साहू, संयुक्त सचिव लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष गोविंद झा, धनबाद के सचिव शशिकांत पांडे, जामताड़ा के सचिव सरोज यादव तथा रांची के खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह और मुक्ति लता खेस ने खिलाड़ियों एवं कोचिंग स्टाफ को इस अद्भुत उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

### पथ चौड़ीकरण को लेकर भूअर्जन पदाधिकारी व रैयतों के बीच हुई बैठक

# अव्यवस्था देख नाराज हुए रैयत



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

मुरी गोला पथ चौड़ीकरण को लेकर पथ प्रमंडल रांची एवं भूअर्जन पदाधिकारी की एक बैठक प्रखंड के 6 मौजा के रैयतों के साथ हुई। बैठक में विभाग के पदाधिकारी द्वारा रैयत को उनके जमीन संबंधित स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाने पर आपसी सहमति नहीं बन पाई। रैयतों ने कहा जब तक जमीन संबंधित स्पष्ट जानकारी नहीं होगा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने दिया जाएगा। विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पूर्व में किए गए सर्वे के आधार पर ही सड़क निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद भी कोई त्रुटि रह गई है तो उसकी जांच की जा रही है। इधर स्थानीय रैयतों ने कहा कि विभाग द्वारा बैठक कर खानापूर्ति की जा रही है। दिन के 11 बजे बैठक का समय देकर अधिकारी 2 बजे पहुंचते हैं। बैठक में ना ही रैयतों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था ना ही गर्मी में बेहाल रैयत के पानी की सुविधा उपलब्ध थी। बैठक में अव्यवस्था को देखकर रैयतों में नाराजगी देखी गई। रैयतों ने सड़क निर्माण से पूर्व रैयत के समीप जमीन की नापी, निर्माण के दौरान किसी भी धर्म के सरना तथा मंदिर आदि को नहीं तोड़ा जाए, पूर्व में किए गए जमीन अधिकरण का मुआवजा रैयत को अभी तक नहीं मिला है। मुआवजा अभिलंब दिया जाए समेत 10 सुत्री मांग पत्र भुअर्जन अधिकारी को सौंपा। बैठक में भू अर्जन विभाग के पंकज कुमार सिंह, दुबराज केरकेट्टा, पथ प्रमंडल रांची के मनोज कुमार सिंह राजकुमार महतो समेत काफी संख्या में रैयत उपस्थित थे।

#### बैठक में स्थानीय अधिकारी रहे अनुपस्थित

प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी या कोई अन्य कोई पदाधिकारी बैठक में शामिल नहीं हुए। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बैठक की हमें कोई सूचना नहीं थी। वहीं पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू रैयत ने बताया कि मुरी गोला पथ निर्माण में भुमि अधिग्रहण एवं विभाग के मनमानी को लेकर आगामी 1 मई को 13 मौजा के रैयतों की एक बैठक मुरी टुंगरी पार्क रखी गई है।

# स्कूल रुआर 2025 कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** प्रखंड अंतर्गत प्रोजेक्ट+2 उच्च विद्यालय ओपा में सोमवार को प्रखंड स्तरीय 'बैक टू स्कूल' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बरुण कुमार ने स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव पर हेडमास्टरो को बहुत सारी ट्रिक बताए। साथ ही आर टी ई के तहत बच्चों के अधिकार पर विशेष जोर दिया। किसी भी स्थिति में बच्चों स्कूल से बाहर नहीं होती चाहिए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि इस कार्यकम में मदद करने की अपील की। मौके पर जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने सभी हेडमास्टर को स्कूलों में सभी टीचर जिनको टोला दिया गया है उनको अपनी टोला के बच्चों को स्कूल से जुड़े रहने की जिम्मेदारी देने की बात कही। साथ ही स्कूलों में शैक्षिक को बेहतर करने हेतु भी सभी टीचरों को जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। अतिथियों ने स्कूल परिसर में फुल के पौधे भी लगाए गए। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इम्तियाज ने किया। मौके पर पर निर्मल बड़ाइक, श्याम सुन्दर चौबे, मो मुर्तजा, इफ्तेखार अहसन, रोहित कुमार, सतीश कुमार सिंघ, सज्जाद अहमद राधाकांत पांडे के अलावे सैकड़ों टीचर उपस्थित थे।

### तांबुली हितैषी समिति की दूसरी बैठक आयोजित

# समिति के लोग दुख की घड़ी में निस्वार्थ भावना के साथ खड़े रहेंगे : रामकुमार




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

तांबुली हितैषी समिति सिल्ली शाखा के द्वारा दूसरी बैठक रविवार को सिल्ली पंचायत भवन में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता रामकुमार आश ने किया। बैठक में समाज के उत्थान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में एकता पर बल दिया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तांबुली समाज के सदस्यों के परिवार में अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो समिति के लोग दुख की घड़ी में निस्वार्थ भावना के साथ खड़े रहेंगे एवं आर्थिक रूप से समाज के कमजोर सदस्यों को भी साथ मिलकर भाईचारा का परिचय देते हुए मदद के लिए आगे आएंगे ताकि उन्हें परेशानी से छुटकारा मिल सके। बैठक के अंत में 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 देशवासी शहीद हो गए, उनकी आत्मा की शांति को लेकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया साथ में दो मिनट का मौन व्रत रखा गया। कार्यक्रम का संचालन देवाशीष दत्ता ने किया। बैठक में रतन लाहा, गणेश प्रसाद चौधरी, शत्रुघ्न चौधरी, दिवाकर दत्ता, महादेव चौधरी, प्रभु चौधरी, बिल्टू दत्ता, रोबिन चंद्र, सनोज आश, सौरभ आश, सुशोभन लाहा, कालाचंद चौधरी, सनुप आश, अशोक चौधरी, बाबुल चौधरी, अमर महादानी, विवेक लाहा, सूरज चौधरी, तपन कुमार लाहा, पवन कुमार कर, सोनू दत्ता, अमित लाहा, प्रेम प्रकाश चौधरी, राजा चौधरी समेत समाज के कई लोग शामिल हुए।

### आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

# पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी : सुधीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बुध बाजार सिरु में पहलगमा क्षेत्र में हाल ही में घटित वीभत्स आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने समूचे देश को गमगीन कर दिया है। इस हृदय विदारक घटना के विरोध में एवं मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में कैंडल जलाकर कर शहीद हुए निर्दोष जनों को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा यह घटना मानवता पर सीधा आघात है। हम सभी इस जघन्य कृत्य की घोर निंदा करते हैं और केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि एकजुट होकर समाज को मजबूत करने का समय है। उन्होंने आम जनता से शांति और सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने का संकल्प लिया। मौके पर उतम कुमार, रुकेश कुमार, सुमित कुमार, विकास कुमार,अजय कुमार,शुभम कुमार, रिंकू कुमार, राहुल कुमार,अनुज कुमार, सचिन महतो आदि उपस्थित थे।

## झामुमो को किसी एक ने नहीं कई ने खड़ा किया है : कृष्णा

**गोला।** कोल्हान के कद्दावर नेता सह पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी ने रविवार को गोला क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के क्रम में उन्होंने कहा कि झामुमो किसी एक व्यक्ति ने नहीं, बल्कि कई लोगों ने अपने खून पसीने से पार्टी को खड़ा किया है। 1977 में पार्टी को झामुमो सुप्रिमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अलावा बिनोद बिहारी महतो, विधायक चंपई सोरेन, पूर्व विधायक अर्जुन राम महतो, निर्मल महतो, सुधीर महतो, सुनील महतो, सिवा महतो सहित अन्य कई दिग्गज आंदोलनकारियों ने झामुमो को अपने खून से सिंचा है। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के कार्यकाल में मैं झारखंड अलग राज्य की मांग सदन में उठाया था। आन्दोलन कर हजारों युवाओं को टाटा चाईबासा में रोजगार दिलवाया। हजारों विस्थापितों को लड़ाई लड़कर उनका हक दिलावाया। जेल में रहकर संसद का चुनाव जीता और झामुमो को 8 विधायक और 6 सांसद दिया था। उन्होंने कहा कि पार्टी के सिद्धांत पर हमलोग अभी भी कायम हैं। शिबू सोरेन अभी अस्वस्थ हैं।

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### मलेरिया की रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूकता का दिया संदेश

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा मलेरिया जागरूकता दिवस के अवसर पर सुरज पूरा में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बीडीएस के द्वितीय वर्ष के छात्रों ने मलेरिया, डेंगू, फाइलेरियासिस की रोकथाम के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजी की व्याख्याता कृति और विभिन्न सहायक कर्मचारियों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मलेरिया की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया। मलेरिया की रोकथाम और उपचार से संबंधित नाटक के माध्यम से समाज में जागरूकता का अनोखा संदेश दिया गया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मलेरिया एक कोशकीय परजीवी प्लाजमोडियम (वाईवेक्स एवं फैलसिपेरम) से होने वाली बीमारी है। जो संक्रमित मच्छरों से फैलती है। इसके मुख्य लक्षण ठंडक के साथ बुखार, सिरदर्द, उल्टी व बदनदर्द है। समय से इलाज के अभाव में बीमारी गंभीर हो जाती है। इससे बचाव के लिए अपने आस-पास सफाई रखे, जलभराव न होने दें, कूलर, गमले, नाली आदि में पानी अधिक समय तक जमा न होने दें। बच्चों को सुबह शाम फुल आस्तीन की शर्ट व पैंट पहनाएं। सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए तुरन्त नजदीकी अस्पताल में मलेरिया की जांच कराएं व पुष्टि होने पर इसका सम्पूर्ण इलाज करें।

### तीन दिवसीय महायज्ञ का हुआ शुरूआत, कलश यात्रा में शेफाली गुप्ता हुई शामिल



**हजारीबाग।** सदर प्रखण्ड स्थित डेमोटांड शिवमंदिर में आयोजित कलश यात्रा में सोमवार को बतौर अतिथि भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यज्ञ समिति एवं कलश यात्रियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कलश यात्रियों को माथे पर कलश देकर जलाशय के लिए रवाना किया। हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय एवं जय शिव शंभु के भगवत जयकारा से भक्तिमय महौल बन गया। कलश यात्रियों के कदम से कदम मिलाकर चलकर हौसला बढाया तथा ईश्वर से उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय महायज्ञ का शुरूआत हुआ। उन्होंने सभी की जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है। साथ ही भक्तिभाव का महौल पूरे क्षेत्र में बना रहता है। मौके पर यज्ञ समिति के सदस्य दमोदर प्रसाद, जितेंद्र साहू, मोहन कुमार, केदार कुमार, संतोष कुमार, प्रकाश साव, कैलाश कुमार, बद्रीनारायण प्रसाद, महेश प्रसाद, सोहर साव, प्रकाश साव, अशोक कुमार एवं सिकंदर कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन अरगड्डा क्षेत्रीय कमेटी की बैठक

**गिद्दी।** राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) अरगड्डा क्षेत्रीय कमेटी की बैठक रविवार को रेलीगढ़ा में हुई। जिसकी अध्यक्षता सहायक महामंत्री सह क्षेत्रीय अध्यक्ष विशेश्वर ठाकुर और संचालन प्रदीप रजक ने की। बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल उपस्थित थे। बैठक सर्वप्रथम में दिवंगत साथियों के प्रति संवेदना व्यक्त किया गया। इसके बाद जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति दो मिनट का मौन रखा गया। साथ ही शोक संपत परिजनों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए देश के मौजूदा सरकार से कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके बाद सदस्यता अभियान चलाने और ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को यूनियन से जोड़ने, एरिया के सभी ब्रांचो का एक महीने के अंदर पुनर्गठन करने, एरिया के सभी यूनिटों के सदस्य मजदूरों की समस्याओं को लेकर आंदोलन करने, मजदूर दिवस मनाने, एरिया कमेटी और ब्रांच कमेटी की नियमित रूप से महीने में एक बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल, सहायक महामंत्री सह क्षेत्रीय अध्यक्ष विशेश्वर ठाकुर, क्षेत्रीय सचिव प्रदीप रजक, सुशील कुमार, अशोक राम, लालचंद, कर्मा आदि यूनियन का सदस्य उपस्थित थे।

### शारीरिक शिक्षा विभाग ने भव्य इन्ट्राम्यूरल समापन समारोह का आयोजन

# छात्रों में टीम भावना और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला : कुलाधिपति बी एन साह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2024–25 के विद्यार्थियों द्वारा शनिवार को इन्ट्राम्यूरल समापन समारोह एवं भव्य संध्या कार्यक्रम के रूप में बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजन किया गटा । इस कार्यक्रम में छह हाउस — मिल्खा सिंह हाउस, मेजर ध्यानचंद हाउस, सुभाष चंद्र बोस हाउस, भगत सिंह हाउस तथा बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई हाउस और मदर टेरेसा हाउस ने भाग लिया। सभी हाउसों ने अद्भुत खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। छात्रों ने डम्बल ड्रिल, लेज़ियम ड्रिल, लाठी ड्रिल, एरोबिक्स और पिरामिड निर्माण जैसे अद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की ऊर्जा, समन्वय और समर्पण देखने लायक था। प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले के बाद, मिल्खा सिंह हाउस ने बालक वर्ग में विजेता का खिताब जीता, जबकि मेजर ध्यानचंद हाउस उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई हाउस विजेता रहा और मदर टेरेसा हाउस उपविजेता घोषित हुआ। इस सफल आयोजन के पीछे विभाग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट डॉ. अमन वर्मा का भरपूर सहयोग और प्रोत्साहन रहा। धनेश्वर बी.पी., जो इन्ट्राम्यूरल प्रभारी रहे, ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा प्रदीप कुमार , योतेंद्र मंडल और राजू साव के अथक प्रयासों ने कार्यक्रम को अत्यंत सुंदर और सफल बनाया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और हार्दिक बधाई दी। कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल ने कहा की इन्ट्राम्यूरल समापन समारोह 2024–25 को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल एवं सांस्कृतिक जीवन में एक सुनहरे अध्याय के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,विभिन्न विभागों के व्याख्यागण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### अबुआ आवास योजना के तहत 10 मई को एक साथ 2000 आवासों का होगा गृह प्रवेश



**रामगढ़।** अबुआ आवास योजना के तहत रामगढ़ जिले के अलग-अलग प्रखंडों में निर्मित कुल 2000 आवासों का एक साथ गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन 10 मई 2025 को किया जाएगा। इसके लिए उपायुक्त चंदन कुमार ने सोमवार समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । उपायुक्त ने गृह प्रवेश कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सभी तरह की तैयारियां पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। गौरतलब है की अबुआ आवास योजना के तहत आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच बर्तनों का भी वितरण किया जाना है इसे लेकर भी उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

### जी.एम. इंटर कॉलेज के वाणिज्य विभाग में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**हज़ारीबाग।** जी.एम. इंटर कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने व्यवसायिक गतिविधियों को अपने पोस्टर के माध्यम से सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फलक प्रवीण और ब्यूटी ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान अभिषेक, आदित्य, वीरों और सतीश को संयुक्त रूप से मिला, जबकि तृतीय स्थान लवली कुमारी और अंजली कुमारी ने प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने अपने कर-कमलों से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों के बारे में भी जानकारी दी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महाविद्यालय के शिक्षकगण - शाहीन प्रवीण, कृष्ण कुमार, आशीष पांडे, मनोज राणा और उमेश ठाकुर ने सराहनीय योगदान दिया।

### हजारीबाग यूथ विंग ने बुजुर्ग महिला को रक्त उपलब्ध कराया

# कराटे अकादमी के चन्द्रप्रकाश ने रक्तदान कर महिला की जान बचाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** शहर की एक बुजुर्ग महिला को अचानक रक्त की सख्त आवश्यकता पड़ी। परिजनों ने जब हजारीबाग यूथ विंग से सहायता की अपील की, तो संस्था ने बिना देर किए सक्रियता दिखाई। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न स्रोतों से रक्तदाता की तलाश शुरू की। इसी क्रम में द कोबरा कराटे अकादमी के संस्थापक चंद्र प्रकाश उपाध्याय से संपर्क कर रक्तदान का आग्रह किया गया। अपील करते ही उपाध्याय ने तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। उनके इस त्वरित और निःस्वार्थ कदम से बुजुर्ग महिला की जान बचाई जा सकी। यह चंद्र प्रकाश उपाध्याय का पहला रक्तदान था। रक्तदान करने के बाद उन्होंने कहा,मुझे बेहद अच्छा अनुभव हो रहा है, जीवन में पहली बार रक्तदान किया और यह एहसास शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। क्योंकि इससे न केवल किसी का जीवन बचता है, बल्कि भीतर से भी असीम खुशी मिलती है.इस सेवा कार्य के अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने भी कहा की हजारीबाग यूथ विंग का मुख्य उद्देश्य संकट के समय जरूरतमंदों तक तुरंत सहायता पहुंचाना है। चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने जो संवेदनशीलता और तत्परता दिखाई, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। हम चाहते हैं कि युवा पीढ़ी ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। रक्तदान जीवनदान है, और यह सबसे बड़ा मानव धर्म है। संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार मानव सेवा के कार्यों में अग्रसर रहेगी। अध्यक्ष करण जायसवाल ने रक्तदाता के जज्बे को सलाम करते हुए कहा की हजारीबाग यूथ विंग का संकल्प है कि हर जरूरतमंद को समय पर सहायता मिले। हम युवा शक्ति के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### नवजात कन्याओं को शिशु किट व माताओं को प्रोटीन पाउडर का किया वितरण

**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट और चेतना शाखा के सामूहिक रूप से चल रहे चार दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत तीसरे दिन रविवार को बेटियां प्रकृति का अनमोल उपहार हैं की सोच रखते हुए बरेलिया नर्सिंग होम में नवजात कन्याओं को शिशु किट का वितरण किया गया। इसमें नवजात बच्चियों की देखभाल को लेकर सभी आवश्यक सामग्री दी गई। इस दौरान प्रसूता महिलाओं के बीच प्रोटीन पाउडर का वितरण किया गया। इस दौरान बरेलिया नर्सिंग अस्पताल में परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विषय में युवा मंच के प्रवक्ता राहुल अग्रवाल ने भ्रूण हत्या की रोकथाम व इसके कानूनी प्रावधान की जानकारी दी। उन्होंने समाज में महिला की महत्ता की भी जानकारी दी। कहा कि बच्ची को लेकर अब भी समाज को जागरूक करने की जरुरत है। नियमित तरीके से उठाये गये कदमों से इसे हटाया जा सकता है। साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रथा हटाकर नारी शिक्षा के उत्थान को लेकर सकारात्मक पहल करने की जरुरत है।

### चैतन्याज एकेडमी की ओर से सेमिनार का आयोजन

**रामगढ़।** शहर में शैक्षणिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चैतन्याज एकेडमी रविवार को एक विशेष सेमिनार का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम संध्या 4 बजे अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को आईआईटी तथा नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उच्च शिक्षा की दिशा में सही रणनीति, मानसिक तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया।

### रोड सेल संचालन समिति ने गिद्दी सी पीओ कार्यालय समक्ष प्रदर्शन किया

**गिद्दी।** गिद्दी सी रोड सेल संचालन समिति ने सोमवार को पीओ कार्यालय समक्ष प्रदर्शन और सभा किया। इसके बाद पीओ को 6 सूत्री मांग पत्र सौंप कर पूरा करने की मांग की। इसके पहले सभा को संबोधित करते हुए रोड सेल संचालन समिति के नेताओ ने प्रबंधन से एक सप्ताह के अंदर उनकी मांग पूरा करने की मांग की। पीओ को सौंपे गए छह सूत्री मांग पत्र में लोकल सेल में ऑफर बढ़ाकर 50 हजार टन करने, लोकल सेल में लोडिंग के लिए प्रति दिन कम से कम 100 गाड़ी देने, लोडिंग स्थल पर पेयजल की व्यवस्था करने, कोयला की गुणवता में सुधार करने, रोड सेल की गाड़ी और पावर प्लांट की गाड़ी का कोटा अलग अलग देने और गाड़ी के पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग शामिल हैं। सभा की अध्यक्षता महेश ठाकुर और संचालन जैनुल अंसारी ने की। जबकि सभा को नंदकुमार महतो, हुकुमनाथ महतो, मो काजिम, गोपाल राम, ताज मोहम्मद, सैफुल हक, विनोद महतो, बबिल रैन आदि ने संबोधित किया। जबकि प्रदर्शन और सभा में महावीर महतो, जयनंदन, दिलीप सोरेन, कौलेश्वर राम, बिगू अंसारी, खेमनाथ महतो, धनु महतो, प्रितलाल महतो, मोजिम, गुंजा देवी, रश्मि देवी, कैली देवी, दशमी देवी, रेखा देवी,शीला देवी सहित अन्य शामिल थे।

### पानी को परेशान हैं 3पंचायतों के 40 हजार लोग

**केदला।** सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र अंतर्गत केदला उतरी, केदला मध्य और इचाकडीह पंचायत में मजदूरों को रहने के लिए सैकड़ों क्वार्टर बने हुए है। जिसमें हजारों सीसीएलकर्मी रहते हैं। इन तीनों पंचायत की आबादी लगभग 40 हजार होगी। तीनों पंचायत में रहने वाले आधे से ज्यादा कामगारों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। सबसे बुरा हाल है केदला उतरी पंचायत के पहाड़ी पर स्थित चोपड़ा मोड़ कॉलानी का है। यहां पर रहने वाले लोगों का इस भीषण गर्मी में बुरा हाल है। छह माह से सीसीएल प्रबंधन से मिलनेवाला पानी भी बंद है। 45 वर्ष पूर्व जब यहां 1979-80 में यहां केदला नॉर्थ कोलियरी हुआ करता था। उस वक्त मजदूरों को रहने के लिए चोपड़ा में सैकड़ों क्वार्टर का निर्माण हुआ था। इसके पूर्व कोयला खदानों में ठेकेदारी प्रथा था। उस समय ठेकेदार के यहां काम करने के बदले नगद पैसा मिलता था। उस वक्त मजदूरों को साप्ताहिक पेमेंट का भुगतान होता था। उस वक्त क्षेत्र में बिलासपुर से काम करने वाले मजदूरों का बोल बाला था। कोयला खदानें बहुत गहरी नहीं थी तो लोगों को कुआं, चापानल और बोरिंग से भरपुर पानी मिल जाता था। अधिकारियों के घरों में कामगार कुआं से कंधे पर कावर से पानी लाकर देते थे और उन्हें वाटर कूली कहा जाता था।

### हमले के विरोध में खंडेलवाल समाज ने निकाला कैंडल मार्च

# देश के निर्दोष नागरिकों पर हमले के खिलाफ एक जुट हुआ समाज, न्याय की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**




**हजारीबाग।** रविवार देर शाम खंडेलवाल समाज द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ एक विशाल कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च महावीर स्थान से प्रारंभ होकर पंच मंदिर चौक होते हुए झंडा चौक पर जाकर संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष, युवक युवतियां, बुजुर्ग और बच्चे बढ़-चढ़कर शामिल हुए और एकजुटता का परिचय दिया। मार्च के दौरान सभी ने हाथों में मोमबत्तियां एवं पहलगाम के शहीदों को न्याय दो,आतंकवाद मुर्दाबाद,जैसे नारों से भरी तख्तियां थाम रखी थीं। पूरे मार्च का वातावरण गगनभेदी नारों और भारत माता की जय के उद्घोष से गूंजता रहा। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में निर्दोष यात्रीगण पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा बर्बर गोलीबारी की गई थी, जिसमें 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। इस अमानवीय घटना ने पूरे देश को क्षुब्ध कर दिया है। इसी दर्द और आक्रोश को स्वर देते हुए खंडेलवाल समाज ने यह कैंडल मार्च आयोजित किया, जिसमें समाज के लोगों ने भारी संख्या में सहभागिता की। मार्च में महिलाओं की भागीदारी विशेष उल्लेखनीय रही। समाज की अनेक बहनों और माताओं ने अपने हाथों में काले रिबन बांधकर आतंकवाद के विरुद्ध तीव्र विरोध दर्ज कराया। उन्होंने संदेश दिया कि आज की नारी न केवल संवेदनशील है, बल्कि राष्ट्र की पीड़ा में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी भी है, समाज के युवाओं ने देशभक्ति के जोशीले नारों के साथ मार्च का नेतृत्व किया। उन्होंने संदेश दिया कि भारत का युवा आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और वह देश की एकता एवं अखंडता के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार है। झंडा चौक पर पहुंचकर सभी ने मोमबत्ती प्रज्वलित किया कर श्रद्धांजलि अर्पित की जिसके बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। श्यामसुंदर खंडेलवाल ने बताया की पहलगाम में निर्दोष श्रद्धालुओं की हत्या केवल एक समुदाय या क्षेत्र पर हमला नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष की आत्मा पर आघात है। खंडेलवाल समाज इस कायराना कृत्य की घोर निंदा करता है और सरकार से मांग करता है कि दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए। आतंकवाद के विरुद्ध हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक भारत से इसका नामोनिशान मिट नहीं जाता।

सी.ए अमित खण्डेलवाल ने कहा की पहलगाम में निर्दोष यात्रियों पर किया गया आतंकी हमला मानवता के खिलाफ सबसे बड़ी कायरता है।

### विवि में संयुक्त उद्यम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# विवि के सभी कर्मचारियों को ईपीएफओ की जानकारी दी गई



**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में 28 अप्रैल को संयुक्त उद्यम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत कर्मचारियों को बचत करने के लिए प्रोत्साहित करना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के ईपीएफओ डीएनओ एस शिव प्रकाश, ईएसआईसी ब्रांच मैनेजर रामगढ़ के अवध कुमार एवं रांची के सीनियर सिक्योरिटी असिस्टेंट ईपीएफओ राम नरेश प्रसाद उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत किया। अवध कुमार ने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भारत सरकार द्वार स्थापित एक वैधानिक निकाय है। इसके अंतर्गत तीन योजनाओं का प्रबंध करता है। कर्मचारी भविष्य निधि योजना,कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना और कर्मचारी पेंशन योजना। कर्मचारियों को ईपीएफओ के द्वारा , मेडिकल सेवाएं , सेवानिवृत के लिए बचत योजनाएं से संबंधित विस्तृत जानकारी और सुझाव भी दिए। मौके पर विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष व्याख्यातगण एवं सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले के विरोध में केदला में निकाला गया कैंडल मार्च

**केदला।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों की निर्मम हत्या के विरोध में रविवार की देर शाम केदला क्षेत्र के लइयो बस्ती से लेकर भगत सिंह स्मारक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च में लइयो उतरी पंचायत और दक्षिणी पंचायत के सैकड़ों ग्रामवासी शामिल थे। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने ने पाकिस्तान हाय हाय, पाकिस्तान मुर्दाबाद, संगठित रहो सुरक्षित रहो, आतंकवादी सैफुल्लाह का सर कलम करो, पर्यटकों का नरसंहार अब नही सहेगा हिन्दुस्तान के नारे लगा रहे थे। मौके पर मृतक के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजली दिया गया। मौके पर सभी लोगों ने इस कायराना हमले की जमकर निंदा की। जुलूस में शामिल लोगों ने एक स्वर में कहा कि आतंकवादी हत्यारों को जल्द से जल्द से जल्द कठोर से कठोर सजा दी जाए। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुखिया मदन महतो ने आतंकियों एवं उनके संरक्षक देश पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान को इस बार कड़ा सबक सिखाना होगा। ताकि वह भारत के प्रति कोई भी गलत कदम उठाने से पहले सौ बार सोचे। मौके पर दासो प्रसाद महतो, चितरंजन महतो, जयनाथ महतो सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

### साईबर अपराधियों ने बैंक अकाउंट से 70 हजार रुपए उड़ाए

**गिद्दी।** साईबर अपराधियों ने गिद्दी ए निवासी मनेंद्र कुमार के बैंक अकाउंट से रविवार को 70 हजार रुपए उड़ा लिए हैं। इस संबंध में गिद्दी ए गोल्डन क्लब निवासी मनेंद्र कुमार ने गिद्दी थाना में लिखित देकर कार्रवाई की मांग किया है। जिसमें कहा है रविवार को दिन में 1.32 बजे और 3.56 बजे में उसके मोबाइल पर 12043 22841 नंबर से साइबर अपराधियों ने कॉल किया और कहा कि वह एक्सिस बैंक से बोल रहा है। कहा आपने बैंक कार्ड में जो लिमिट बढ़ाने के बोले हैं उसे 80 हजार से बढ़ाकर 1.20 लाख कर हो जाएगा। चुकी कुछ दिन पहले उसने बैंक में लिमिट बढ़ाने के लिए लिए कहा था। इसलिए उन्हें लगा कि कॉल करने वाले बैंक के कर्मी ही होंगे।

### सिमडेगा उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला सड़क सुरक्षा समिति के साथ किया बैठक

# एनएच किनारे के सूखे और दुर्घटना संभावित पेड़ की कटाई होगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति कि समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अप्रैल माह में हुए सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई। अप्रैल माह में कुल -08 सड़क दुर्घटना हुई है। इसके पश्चात् पिछली बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना बनाकर सघन रूप से हेलमेट जांच अभियान चलने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ के कार्यपालक अभियंता बैठक में अनुपस्थित रहे, उपायुक्त राष्ट्रीय उच्च पथ कार्यपालक अभियंता को शोकॉच करते हुए उपायुक्त गुमला को पत्र भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई करने तथा वेतन स्थगित करने की बात कहीं। उपायुक्त ने राष्ट्रीय उच्च पथ पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र में दुर्घटना की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने क्रास बैरियर ठीक करने, दिशा सूचक लागने एवं सड़क किनारे के पेड़ पर रिफ्लेक्ट लाइट लगाने का निर्देश दिया। साथ ही एनएच के किनारे सूखे पेड़, एवं दुर्घटना संभावित पेड़ की कटाई कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा थानावार जिले में दुर्घटना संबंधी ब्लैक स्पॉट चयन कर दुर्घटना को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की जाएगी जिस पर विस्तृत चर्चा की गई। कई दुर्घटना संभावित स्थानों पर डंबल स्टिक लगाने, स्पीड ब्रेकर बनाने, दिशा सूचक लागने सहित अन्य सुझाव दिए गए।उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए 15 दिन का लगातार वाहन जांच एवं हेलमेट जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान सरकारी कर्मी एवं पुलिस कर्मी बिना हेलमेट के पकड़े जाते हैं तो उसके विरुद्ध दो गुना फाइन वसूली करने तथा वाहन जप्त कर लेने का निर्देश दिए। साथ ही नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान का जिस पेट्रोल पंप द्वारा अनुपालन नहीं किया जा रहा है उसका सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग कर लाइसेंस रिन्यूअल ना करने की बात कहीं। इसके अलावा हिट एंड रन से संबंधित मामलों की समीक्षा कर लंबित मामलों को ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में थाना दिवस आयोजन की भी समीक्षा की गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा नई पहल करते हुए सभी अंचल एवं थाना क्षेत्र में भूमि विवाद संबंधी मामलों का निष्पादन के लिए संबंधित थाना में थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भूमि सीमांकन विवाद, उत्तराधिकारी दाखिल खारिज, अवैध कब्जा, पंजी टू सुधार सहित अन्य मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने थानावार निष्पादन मामलों की जानकारी। जिसमें बताया गया कि थानावार कुल -79 दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल -116 आवेदन प्राप्त हुए। सभी मामलों में से 79 का निष्पादन किया गया है वहीं 37 लंबित है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने भूमि विवाद संबंधी अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन अंचल एवं थाना स्तर पर करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस हेतु पंचायत एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र के गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार करने की बात कहीं। इसके अलावा बैठक में नारकोटिक्स की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि पूरे जिले में कोटपा एक्ट लागू किया गया है। जिसके तहत सभी स्कूलों आस-पास 200 मीटर की परिधि पर गुटका एवं तंबाकू का बिक्री आदि हो रही है तो इसकी जांच कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त महोदय ने जिले के सभी दवाई दुकानों का भी आवश्यक निरीक्षण

## सिमडेगा उपायुक्त की अध्यक्षता में राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत कार्यों को लेकर की समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान उपायुक्त द्वारा सभी कार्यालय के वेतन निकासी पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा गया कि सभी अपने अधिनस्त कर्मियों का पोर्टल पर पंजीकरण कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए अग्रसारित करें। उन्होंने कहा कि राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर शुरु की गई एक महत्त्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत लाभुकों एवं उनके आश्रितों को प्रति वर्ष पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। साथ ही झारखंड राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए ऑनलाईन आवेदन के लिए कई दस्तावेज आवश्यक हैं। जिसमें ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और रोजगार संबंधी विवरण शामिल है। उन्होंने पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी वेतन निकासी पदाधिकारी को इसके लिए प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएं। जितने भी कर्मी अभी तक छुटे हुए हैं सभी का समय रहते बीमा कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार मे सुनी लोगो की जन समस्या

**सिमडेगा।**आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, जल मिनार ठीक करने, भूमि सीमांकन करने, अवैध भूमि क जा को छुड़वाने, पंजी टू सुधार करना आदि से संबंधित मामले आये। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## विस अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक, अधिकारियों से कार्यवाही रिपोर्ट तलब

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति ने सिमडेगा परिसदन में बैठक कर विधानसभा में उठाए गए प्रश्नों पर जिले में की गई कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंनगाड़ी और खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा ने की।बैठक में भू-राजस्व विभाग से संबंधित भूमि अधिग्रहण मामलों में शेष भूमि पर अनापत्ति प्रमाणपत्र लंबित मामलों की रिपोर्ट मांगी गई। अपर समाहर्ता ने बताया कि 2023 से पूर्व के मामलों में उपायुक्त की स्वीकृति से शेष भूमि का उपयोग संभव है, जबकि 2023 के बाद अधिग्रहित भू-भाग पर ही प्रतिबंध है। इस विषय को स्थगित करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन मांगा गया।सीएनटी एक्ट के उल्लंघन से जुड़े प्रश्न पर सादे पट्टे या एग्रीमेंट के आधार पर जमीन कब्जा करने की घटनाओं की जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया। वन विभाग से जुड़े प्रश्न में रैयती भूमि पर इमारती लकड़ी की बिक्री के संबंध में डीएफओ ने बताया कि निजी उपयोग के लिए अनुमति आवश्यक नहीं है, लेकिन व्यापारिक बिक्री के लिए स्वीकृति अनिवार्य है। सभी अंचल अधिकारियों को समयबद्ध अनापत्ति जारी करने के निर्देश दिए गए।खनन विभाग से पत्थर लीज़ में वाइल्ड लाइफ जोन के प्रतिबंधों पर प्रतिवेदन मांगा गया। साथ ही पथ निर्माण विभाग को वन विभाग के साथ समन्वय कर फॉरेस्ट क्लीयरेंस मामलों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया।आवास एवं बिरसा कूप संवर्धन योजना के लाभुकों को मुफ्त बालू आपूर्ति पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए लाभुकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर बालू वितरण का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग से मंत्रामेटा पावर हाउस के शीघ्र संचालन पर प्रगति रिपोर्ट मांगी गई।शिक्षा विभाग की समीक्षा में कुटुगिया पंचायत के राजकीय विद्यालय के जर्जर भवन के चलते वैकल्पिक स्थान पर संचालन और नए भवन निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण की जानकारी दी गई। पेयजल संकट से निपटने के लिए खराब चापाकल एवं जल मीनारों की मरम्मत तथा डीप बोरिंग व एचआईडीटी कराने के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।नगर परिषद द्वारा संचालित सुलभ शौचालयों की स्थिति और समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का 100 प्रतिशत लाभ दिलाने का आदेश दिया गया।

## पहलगाम आतंकी हमले का विरोध गांवों तक पहुंचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** पहलगांव आतंकी हमले के विरोध का दायरा अब गांवों तक पहुंच गया है। शहरी क्षेत्रों में हो रहे प्रदर्शनों के बाद अब ग्रामीण इलाकों में भी लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इसे लेकर कोलेबिरा प्रखंड के लसिया में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर लसिया सुनील स्टोर से जुलूस की साइकिल में प्रदर्शन करते हुए टकरमा मोड के समीप समापन हुआ ग्रामीणों ने सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। आतंकियो के खिलाफ नारेबाजी की जहां शिक्षक एहतेशाम उल हक ने सभा को संबोधित करते हुए कहाकी पहलगांव में आतंकी हमले में भारतीय नागरिकों की जान गई है। मानवता को शर्मसार कर देने वाला है या घटना है प्रदर्शनकारियों ने सरकार से आतंकवाद और पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। अवसर पर उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि कल दिन सोमवार को पहलगाम आतंकवादी घटना के विरोध में



लसिया की सभी दुकानें बंद रहेंगी। अंजुमन के सदर सदर फिरोज अली ने आतंकी घटना को कायरतापूर्ण और इंसानियत को शर्मशार करने वाला बताया ।मौके पर बली सिंह ,अनिल कुमार ,संजय कुमार सादिक अंसारी ,राजेश साहू, नूतुन साहू, पवन सिंह ,महेश सिंह, रंजन प्रसाद ,हसन जमिल, समीर हाशमी, मनोहर बागे ,तारिक राजन ,अफसर हाशमी ,तनवीर आलम, हसनैन हाशमी के अलावे लसिया गांव के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### महावीर चौक में तूफान क्लब ने की प्याऊ की व्यवस्था ,लोगों को मिल रहा शीतल जल

**सिमडेगा।** लगातार बढ़ती गर्मी और पानी के लिए लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए गैर सरकारी संस्था तूफान क्लब की ओर से शहर के महावीर चौक में प्याऊ की व्यवस्था की गई। लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्याऊ का उद्घाटन विधिवत पूजन और सबों के कल्याण की कामना के साथ किया गया। पंडित शशिभूषण पंडा ने पूजन कराया। तूफान क्लब के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने पूजन करने के बाद सबों के बीच प्रसाद और टॉफी का वितरण किया तथा लोगों को शीतल जल पिलाया। इस अवसर पर करण सिंह सुमित गुप्ता, चंदन प्रसून सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। सचिव राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि तूफान क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करता रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण लोगों को पानी के लिए परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। वहीं चंदन प्रसून ने कहा कि जिनके पास पैसे होते हैं, वे पानी खरीद कर पी लेते हैं। लेकिन गांव- देहात से शहर आनेवाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने इस कार्य के लिए क्लब की सराहना की। वहीं कारण सिंह ने कहा कि प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम है और तूफान क्लब सेवा के क्षेत्र में हमेशा से सक्रिय रहा है। लोगों ने इस कार्य की भरपूर सराहना की और क्लब के पदधारियों को धन्यवाद दिया।

### पबुड़ा पंचायत में चीक बड़ाईक समाज की बैठक, पंचायत कमिटी का गठन

**बानो।** पबुड़ा पंचायत में चीक बड़ाईक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक पीयूष बड़ाईक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड कमिटी की उपस्थिति में पंचायत कमिटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में चंद्रपाल सिंह को पंचायत अध्यक्ष, लुदु बड़ाईक को उपाध्यक्ष, राजा बड़ाईक को सचिव, दीपक चीक बड़ाईक को कोषाध्यक्ष, सुगंति देवी को संयोजक, रामकिशोर बड़ाईक को मीडिया प्रभारी तथा राजो बड़ाईक, तेतरू बड़ाईक, महिंदर बड़ाईक, नवीन बड़ाईक, सीता देवी और सरोज देवी को संरक्षक चुना गया।प्रखंड कमिटी द्वारा सभी नवनियुक्त सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ललित बड़ाईक ने कहा कि समाज के विकास के लिए एकजुटता जरूरी है। वरिष्ठ सदस्य शिवराज बड़ाईक ने कहा कि समाज में आज भी कई क्षेत्र पिछड़े हुए हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और नशापान से दूर रहने का संदेश दिया।उन्होंने यह भी कहा कि यदि हम संगठित रहें तो भविष्य में समाज से विधायक के लिए प्रत्याशी दे सकते हैं। आपसी मतभेद से बचने की सलाह भी दी गई। नवनियुक्त पंचायत अध्यक्ष चंद्रपाल बड़ाईक ने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से समाज के लिए बेहतर कार्य कर पाएंगे।बैठक में रामचंद्र बड़ाईक, संजय बड़ाईक, श्याम सुंदर बड़ाईक, बीरबल बड़ाईक समेत कई सदस्यों ने अपने विचार साझा किए।

### खोया हुआ मोबाइल पुलिस ने लौटाया

**बानो।** बानो पुलिस ने खोये मोबाइल को बरामद कर मोबाइल मालिक को सौंपा। पुलिस ने बताया कि रेखा देवी 22 अप्रैल को मदर टेरेसा स्कुल के पीछे शादी मे गयी थी। तथा मोबाइल खो दिया। इस को लेकर बानो थाना मे मोबाइल गुमशुदगी संबंधी मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने खोजबीन किया तथा एक युवक के पास से मंबाइल को बरामद किया तथा मोबाइल मालिक को थाना बुलाकर मोबाइल को सकुशल सौंप दिया।

### ख़ालीजोर मे लाइफ हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन

**कुरडेग।** प्रखंड के खालिजोर में सोमवार को लाइफ हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन किया गया । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमन कुजुर और कुरडेग पंचायत की मुखिया उर्मिला कुजुर ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर टी आइ आर एफ के सौरव रॉय और प्रशांत जोंको उपस्थित रहे । कायक्रम में उपस्थित अतिथियो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लाइफ हेल्थ केयर सेंटर के खुलने से ग्रामीणों को बहुत अधिक लाभ मिलेगा । ग्रामीण इस सेंटर से अधिक से अधिक लाभ उठायें ।इस तरह का हेल्थ सेंटर का खुलना ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।मौके पर मुख्य रूप से टी आइ आर एफ के ब्लॉक कोर्डीनेटर नितू सिंह , सुरेखा कुमारी बलबीर कुमार उपस्थित रहे ।

### तामड़ा में नहर में डूबने से व्यक्ति की मौत जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के तामड़ा कुम्हारटोली में कांसजोर जलाशय की नहर में डूबने से सावना टोली गांव निवासी कुलदीप डुंगडुंग की द मौत हो गई। घटना रविवार की शाम उस समय हुई जब कुलदीप अपने घर से किसी कार्यवश चौक की ओर गया था और लौटते समय नहर पार कर रहा था। कयास लगाया जा रहा कुलदीप नहर को पार करते वक्त फिसल गया और पानी में गिर पड़ा। गिरने के दौरान उसके माथे में गंभीर चोट लगी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। खबर मिलते ही सोमवार की सुबह सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया।बताया गया है कि मृतक कुलदीप डुंगडुंग सिमडेगा के प्रतिष्ठित सेंट मैरी स्कूल में बस कंडक्टर के रूप में कार्यरत था। रविवार को छुट्टी के कारण वह अपने गांव आया हुआ था। परिवार वालों और ग्रामीणों के अनुसार, कुलदीप मिलनसार और जिम्मेदार युवक था। उसकी असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई के बाद शव को परिजनों को सौंप दी ।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सड़क में पुलिया को मिट्टी से ब्लॉक किए जाने पर ग्रामीण हुए आक्रोशित

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत राम जड़ी पंडरा टोली स्थित कोलेबिरा मनोहरपुर रोड़ चौड़ीकरन पर सड़क निर्माण कार्य में पहले से बनी पुल पर सड़क निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी से बंद कर दिये जाने



से ग्रामीण हुए आक्रोशित रामजड़ी पंडरा टोली के सरिता डांग ने बताया यहां पर पहले से पुल बनाया गया था। सड़क निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी से पुल को बंद कर दिया गया है। जिसे ग्रामीणों को बहुत परेशानी होगी और खेत टाड़ पर में भी पानी भरने से खेती बाड़ी की फसल बर्बाद हो सकता है। इसे देखते हुए प्रशासन एवं विभाग से मिट्टी से बंद किए गए पुल को नव पुलनिर्माण करने की मांग ग्रामीणों ने की है। ग्रामीण मोरा डांग , एवं फौदा डांग ने कहा इस सड़क में यहां पर पहले पुल बनाया गया था। अभी सड़क निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी से बंद कर दिया गया है विभाग एवं प्रशासन से नये पुल की मांग की है । ग्रामीणों ने कहा पहले से बनी पुल को सड़क निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी से बंद कर दिया गया है अगर यहां पर पुल नहीं बनती है तो सभी ग्रामीण सड़क पर आंदोलन करेगे मौके पर सरिता डांग, बेलोरीका डांग, सिल्विया डांग , कैटरीना डांग, बहलेन डांग,एमलेन कंडूलना, बुधवा डांग,मोरा डांग ,भुइया, अर्नेस ,डांगसानिया डांग, सोमा डांग रॉबर्ट , डांग , रॉबर्ट डंग, अल्फेट डंग,फौदा डांग सहित कई महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### कुरडेग पावर हाउस में आज लगेगा बिजली बिल भुगतान शिविर

**कुरडेग।** कुरडेग क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए आज कुरडेग पावर हाउस परिसर में बिजली बिल भुगतान शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में उपभोक्ता अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे।सहायक विद्युत अभियंता, सिमडेगा ने जानकारी दी कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल 5000 या उससे अधिक बकाया है, उन्हें अनिवार्य रूप से इस शिविर में भाग लेकर बिल जमा करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं किया गया, तो संबंधित उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन बिना किसी अतिरिक्त सूचना के काट दिया जाएगा।बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिल भुगतान कर सेवा का लाभ उठाएं और भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचें।

## नगर परिषद ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा के निर्देश पर सोमवार दोपहर नगर परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर की मदद से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया तथा कई लोगों के सामानों को जब्त करते हुए मौके पर जुर्माना भी लगाया गया। यह अभियान मुख्यतः चौक, बस स्टैंड, महावीर चौक तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों में संचालित किया गया।अभियान के दौरान दंडाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी इम्तियाज अहमद स्वयं उपस्थित थे, जो पूरे अभियान की निगरानी कर रहे थे। उनके साथ सिटी मैनेजर अर्पण इंदवार, आकाश डेविड सिंह, नगर परिषद के राजस्व अधिकारी समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटा जा सके। पुलिस बल ने पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी और अभियान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया।अंचलाधिकारी इम्तियाज अहमद ने मौके पर उपस्थित दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि नगर क्षेत्र को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अतिक्रमण को हटाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई बार चेतावनी देने के बावजूद दुकानदारों ने फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण कर रखा था, जिससे आम लोगों को आने-जाने में कठिनाई हो रही थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और भविष्य में बिना पूर्व सूचना के भी कार्रवाई की जा सकती है।सिटी मैनेजर ने कहा साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त बनाना परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे स्वेच्छा से अपने सामान को तय सीमा के भीतर रखें, ताकि प्रशासन को बलपूर्वक कार्रवाई करने की आवश्यकता न पड़े। अभियान के दौरान कई दुकानदारों को मौके पर चालान काटकर दंडित किया गया तथा जब्त किए गए।

## जंगली हाथी के हमले में वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत, परिजनों को मिलेगा मुआवजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के खालीजोर ताला टोंगरी में रविवार को एक दर्दनाक घटना घटी, जहां बकरी चराने गई एक वृद्ध महिला को जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला। मृतका की पहचान बालमती देवी (पति - शोभा बेहरा) ग्राम खालीजोर, थाना कुरडेग निवासी के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।घटना के संबंध में मृतका के पुत्र अशोक बेहरा ने बताया कि रविवार की सुबह उनकी मां बकरी चराने के लिए ताला टोंगरी क्षेत्र गई थी। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटीं, तो परिवार वालों ने उनकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद सोमवार सुबह ताला टोंगरी क्षेत्र में बालमती देवी का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। शव के कई टुकड़े इधर-उधर बिखरे हुए थे। इसकी सूचना तत्काल थाना और वन विभाग को दी गई।सूचना मिलते ही कुरडेग थाना प्रभारी संजीत कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।इधर, वन विभाग की टीम भी रेंजर नथुनी सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। रेंजर नथुनी सिंह ने मृतका के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और सरकारी प्रावधानों के तहत तत्काल सहायता राशि के रूप में दस हजार रुपये नगद अंतिम संस्कार हेतु प्रदान किए। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरकार की ओर से चार लाख रुपये का मुआवजा मृतका के परिजनों को दिया जाएगा।ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में हाथियों की बढ़ती गतिविधियों पर नियंत्रण और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रशासन ने भी इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया है।

### बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत में हुआ गड्ढा खोदो अभियान

**कोलेबिरा।** प्रखंड के एडेगा पंचायत मे बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजना मे गढा खोदो अभियान के तहत गड्ढा खोदा गया। एडेगा पंचायत के मुखिया जीरेन डांग ने कुदाबेडा गांव मे भुनेश्वर सिंह के आम बागवानी मे गड्ढा खोदो अभियान की शुरूआत किया। मुखिया ने बताया कि मनरेगा योजना से संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजना में गड्ढा खोदो अभियान के तहत पंचायत में आम बागवानी योजना में गड्ढा खोदा गया।। लाभुक योजना का संचालन बेहतर ढंग से करे। पौधौ को अच्छी तरह से देखभाल करे तथा योजना को पुर्ण कर आर्थिक स्थिति को मजबुत बनाये। इस अवसर रोजगार सेवक विजय कुमार साहु, बीएफटी राजेश महतो के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री विमला प्रधान बनी झारखंड गोंड महासभा की प्रदेश अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश गोंड महासभा की वार्षिक सम्मेलन मेरोडेगा में संपन्न हुई ।जिसकी समीक्षा बैठक रविवार को संपन्न हुआ वार्षिक बैठक में आय व्यय की समीक्षा की गई ।जिसमें नए एवं पुराने कार्यकारणी के पदाधिकारी की उपस्थिति रही ,पिछले गोंड महासभा में समाज के वार्षिक सामाजिक राजनीतिक शैक्षणिक क्षेत्र में मजबूती प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया था और समाज के संरक्षक के साथ बुद्धिजीवियों ने इस बार भी कार्य करने में एक नया परिवर्तन किया और महासभा का गठन 79वां वर्ष में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित की है। क्योंकि अब आधी आबादी महिलाए हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। इसलिए नई कार्यकारिणी झारखंड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा का अध्यक्ष के रूप में पूर्व मंत्री विमला



प्रधान को चुना गया जबकि उपाध्यक्ष श्याम किशोर प्रधान ,बंधु माझी, केशव किशोर प्रधान, कमला कुमारी एवं माधुरी देवी तथा शशि प्रधान रांची को बनाया गया ।वहीं महामंत्री जगमोहन भोय ,सिकन्दर माझी,सचिव सोमलाल बेसरा,तरण भोय, कार्यालय मंत्री कामेश्वर प्रधान मंजुला देवी कोषाध्यक्ष रुक्मिणी देवी को बनाया गया। इधर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि समाज ने बड़ी जिम्मेदारी सौंप है प्रयास रहेगा इस पर खड़ा उतारते हुए समाज सेवा से राजनीति में आई परंतु जन सेवा ही मेरा लक्ष्य है।

### साप्ताहिक हाट की लचर व्यवस्था का मुआयना करने पहुंचे पदाधिकारी

# बाजार में बहने वाले गंदे पानी का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के बरकट्ठा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार की लचर स्थिति की शिकायत के बाद सोमवार को एसडीओ जोहन टुडु ने बाजार का मुआयना किया। विदित हो कि बाजार समिति के ठेकेदार महादेव यादव ने हाट में पड़े गंदगी और बाजार परिसर में अनावश्यक रूप से पानी निकासी जैसे कई लचर व्यवस्थाओं को लेकर बरही एसडीओ को लिखित शिकायत किया था। मुआयना करने पहुंचे अधिकारियों और पत्रकारों से बातचीत के दौरान बाजार समिति ठेकेदार महादेव यादव ने बताया कि लोगों के घरों और होटलों से निकलने वाली गंदे पानी और चापानल से निकलने वाले पानी की निकासी बाजार परिसर में ही होती है जिससे बाजार में जगह जगह पर कीचड़ हो जाने से दुकानदारों व ग्राहकों को काफी मशक्कत झेलनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि बाजार की बदतर स्थिति को देखकर दुकानदारों से सरकार द्वारा निर्धारित कर की वसुली करने में भी शर्मिंदगी महसूस होती है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा डुंगडुंग, अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ,बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम कुमार , प्रमुख रेणु देवी एवं भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद समेत सैकड़ों जनप्रतिनिधि, दुकानदार व समाजसेवी गण उपस्थित रहे।

# विशेष शिविर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा हुलहूंडु गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की मेंबर सेक्रेटरी कुमारी रंजना अस्थान उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में एनएसएस वॉलिंटियर्स को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ह्लन्याय की पहुंच सभी तकह्व के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने सरल भाषा में विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा महिलाओं और बच्चों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों के साथ संवाद कर विधिक जानकारी साझा की और उनके सवालों के उत्तर भी दिए।

### रांची सिटीजन फोरम की बैठक में लोगों ने बताई अपने वार्ड की समस्या

**रांची।** रांची नगर निगम के वार्ड 6 स्थित बांधगाड़ी में रांची सिटीजन फोरम की बैठक अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में हुई, जिसमें वहां के स्थानीय निवासी उपस्थित हुए। लोगों ने पदाधिकारियों को बताया कि वार्ड 6 की सबसे बड़ी समस्या है जल जमाव और बरसात के दिन में तो स्थिति बहुत ही दयनीय हो जाती है। पिछले वर्ष जल जमाव के कारण बचाव राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा था। कुछ प्रभावशाली लोगों ने यहां के बड़े-बड़े नाली-नाला को बंद कर रखा है। जिससे जल जमाव की स्थिति और ज्यादा भयानक हो जाती है। दूसरी समस्या के रूप में लोगों ने बताया कि चेशायर होम रोड़ काफी सकरी है, जिसकी चौड़ाई मात्र 10-12 फीट है, जिसमें अक्सर जाम लगा रहता है। अभी यहां करीब 1200 फ्लैट वाले रहते हैं और यहां पर 5000 के आसपास फ्लैट बन रहा है। बैठक में अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, संयुक्त सचिव हरीश नागपाल और संतोष मृदुला, के साथ-साथ वार्ड 5 के संयोजक मनोज बक्शी,सहित वार्ड 6 के संयोजक रणधीर रजक, और अनिल कुमार पांडेय, मोहन प्रसाद वर्मा, निशांत कुमार झा, काली महतो, प्रवीण कुमार, इत्यादि उपस्थित हुए।

### स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का रैंक सेरेमनी समारोह आयोजित

# एनसीसी विश्व की सबसे बड़ी वर्दीधारी संगठन है : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल मे एनसीसी कैडेट्स का रैंक सेरेमनी का आयोजन धूम धाम से किया किया गया।मौके पर विद्यालय निर्देशक आई पी भारती ने बताया कि 2021 में विद्यालय में एनसीसी की स्थापना हुई थी और महज 4 वर्षों में डिवाइन के एनसीसी कैडेटस आरडीसी में जाकर न सिर्फ विद्यालय बल्कि जिले और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। साथ ही अभिभावकों का भी आभार प्रकट किया कि उन्होंने अपने बच्चों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि एनसीसी विश्व की सबसे बड़ी वर्दीधारी संगठन है, इससे बच्चों में अनुशासन , राष्ट्रीयता, समाज सेवा एकता जैसे गुणों का विकास होता है। एनसीसी में रैंक समारोह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जहाँ कैडेटों को उनके प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता के आधार पर उच्च रैंक पर पदोन्नत किया जाता है। यह समारोह कैडेटों को सम्मानित करता है और अनुशासन और प्रतिबद्धता को बढ़ावा देता है ।उक्त बातें एएनओ प्रीति प्रभा के द्वारा बताई गई। इस अवसर पर अभिभावकों तथा प्रधानाध्यापक के द्वारा कैडेटों की वर्दी पर रैंक लगाया जाता है। रैंक प्राप्त करने वाले कैडेट्स में सार्जेंट के पद पर रमय रंजन कुमार, आमया निधि, कॉरपोरल के लिए मयंक कुमार, प्रकाश कुमार, तथा अश्विनी, लांस कॉरपोरल के लिए अर्जुन कुमार, आयुष कुमार तथा प्रियांशु शामिल रहे। साथ भी विगत वर्ष में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हेमंत कृति को बेस्ट कैडेट्स के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया ।इसके अलावा कैडेट्स को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए मेडल्स और ट्रॉफी देकर विद्यालय प्रधानाध्यापक के द्वारा सम्मानित किया गया।

### जिला उद्योग केंद्र के कार्यों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



**रामगढ़।** जिला उद्योग केंद्र रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रामगढ़ शंभू शरण बैठा द्वारा संचालित योजनाओं पीएमईजीपी लक्ष्य 72 के विरूद्ध 76 स्वीकृति पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा से संबंधित प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति एवं लाभूको को हुए भूगतान तथा लंबित आवेदनों की सुचना उपायुक्त को दी गई। उक्त के संबंध में उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि पीएमएफएमई मे जो भी मामले किसी कारणवश लंबित है का निष्पादन जल्द से जल्द किया जाए साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना में ग्राम प्रधान के स्तर से आवेदन अग्रसारित करने में विलंब होने की वजह से पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत बहुत आवेदन अभी तक लंबित है उक्त के आलोक में निर्देश प्राप्त हुआ है कि ऐसे ग्राम को चिन्हित करते हुए उक्त के प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपायुक्त के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु पत्र प्रेषित किया जाए। मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग सह रामगढ़, परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग, अग्रणी जिला प्रबंधक रामगढ़, ईओडीबी मैनेजर रामगढ़, बैंक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### आईआईसीएम में व्याख्यान का आयोजन



**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट (आईआईसीएम) द्वारा सोमवार को कोल इंडिया लिमिटेड की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में गोल्डन जुबिली व्याख्यानमाला के अंतर्गत एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय था आधुनिक विश्व में मिथकों की प्रासंगिकता,ह्व जिसे प्रख्यात मिथकशास्त्री, लेखक और लीडरशिप सलाहकार देवदत्त पटनायक ने संबोधित किया। उन्होंने प्राचीन कथाओं की कालातीत ज्ञान को आधुनिक नेतृत्व, प्रबंधन और व्यक्तिगत विकास से प्रभावशाली ढंग से जोड़ा। उनकी रोचक कहानी शैली और विचारोत्तेजक संबोधन ने सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया और वर्तमान तेजी से बदलती दुनिया में मिथकों की महत्ता पर गंभीर चिंतन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुई, इसके पश्चात प्रख्यात मिथकशास्त्री, लेखक और लीडरशिप सलाहकार देवदत्त पट्टनायक, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, आईआईसीएम की कार्यपालक निदेशक कामाक्षी रमन ने शुभारंभ किया।

### नीट परीक्षा चार को, केंद्र अधीक्षकों व सिटी को-ऑडिनेटर ने की बैठक

**रांची ।** 04 मई को आयोजित नीट परीक्षा 2025 को लेकर सभी केंद्रअधीक्षकों, सिटी कोऑडिनेटर एनटीए के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक यातायात रांची, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री विनय कुमार उपस्थित एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान

# नियम का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर एक विशेष चेकिंग अभियान और कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, डाल्टनगंज, प्रज्ञेश निगम द्वारा किया गया। इस दौरान महिला डिब्बों में अनधिकृत यात्रा करने वाले, प्लेटफॉर्म पर अनुशासनहीनता फैलाने वाले और स्टेशन परिसर के 'नो पार्किंग' क्षेत्र में मोटरसाइकिल खड़ी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। पकड़े गए सभी आरोपियों को मौके पर ही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय ने उन्हें आर्थिक दंड से दंडित किया। विशेष अभियान में रेलवे सुरक्षा बल ने अहम भूमिका निभाई। निरीक्षक प्रभारी यू. एस. ओझा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, चंद्र भान पांडेय, प्रधान आरक्षी राज कुमार साव, दीपक यादव सहित कई आरक्षियों ने मिलकर स्टेशन पर चेकिंग अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक दंडाधिकारी ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि रेलवे नियमों का पालन करना प्रत्येक यात्री का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रेलवे परिसर में अनुशासनहीनता और नियम उल्लंघन के विरुद्ध भविष्य में भी इस प्रकार की औचक कार्रवाई की जाएगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि सुरक्षित, स्वच्छ और अनुशासित वातावरण बनाए रखने के लिए सभी को नियमों का पालन करना आवश्यक है। आज का अभियान यात्रियों के बीच एक स्पष्ट संदेश छोड़ गया है कि नियम तोड़ने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित है।

### गौसेवा के माध्यम से युवाओं को सूत्र में जोड़ने का प्रयास




**रांची।** हिंदू धर्म को ले के देश में जो चल रहा है वो सभी को पता है । देश के सभी हिंदू चाहे बच्चा या बूढ़ा सभी को एक जुट हो कर सामने आना ही होगा । दुश्मनों की आंखे काफी बड़ी हो गई है ।
गौसेवा के माध्यम से युवाओं को एक सूत्र में जोड़ने का एक प्रयास रांची चैप्टर द्वारा किया गया और हर महीने कम से कम दो बार गौसेवा के बहाने मिलने का और एक जुट होने के निर्णय लिया गया है । सुमित महालका और राधा ड्रोलिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय की । चैप्टर अध्यक्ष अंचल किंगर भी गौसेवा करने पहुंचे और काफी प्रोत्साहन दिया।

# हजारीबाग प्रेस क्लब में दिवंगत पत्रकारों को दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कोरोना काल में दिवंगत हुए दो वरिष्ठ पत्रकार स्व टीपी सिंह और स्व शाद्वल कुमार को उनकी पुण्यतिथि पर हजारीबाग प्रेस क्लब में याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दोनो पत्रकार को श्रद्धांजलि दी गई। हजारीबाग प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों ने बारी बारी से दोनों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस श्रद्धांजलि सभा में जेजेए के फाउंडर शाहनवाज हुसैन विशेष रूप से उपस्थित हुए। क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि आज दोनों की कमी खलती है, जिस निडरता से दोनो ने पत्रकारिता किया वह अद्वितीय है। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन दोनों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। क्लब के सचिव विस्मय अलंकार ने कहा कि आज भले ही दोनों हमलोग के बीच नहीं है, मगर उन दोनों के द्वारा किए कार्य हम सबों को प्रेरणा देती है। जेजेए के फाउंडर शहनवाज हुसैन ने कहा कि स्व टीपी सिंह और स्व शाद्वल कुमार के बारे में जितना कहा जाए कम होगा। उनकी लेखनी के साथ उनका व्यक्तित्व का भी कोई जोड़ नहीं था। जेजेए जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने कहा कि दोनों मेरे दो हांथ की तरह थे, उनकी कमी आजीवन खलेगी। क्लब के उपाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि हम सबों को उन दोनों से प्रेरणा लेने का दिन है। मौके पर गौरव प्रकाश, कुणाल सिंह, सचिन खंडेलवाल, प्रमोद सिंह, उमेश पांडे, भास्कर उपाध्याय, शशांक शेखर, प्रहलाद सिंह, रवि शर्मा, सीतेश तिवारी, प्रदीप पाठक, रितेश खंडेलवाल, अभिषेक पांडे, फैज अनवर, एजाज आलम, कासिफ अदीब, पुरूषोतम उपाध्याय, रवि सिंह, विवेक सिंह, रूपांशु कुमार, आशीष सिन्हा, अनुज सिन्हा, नरेश सोनी, समेत हजारीबाग प्रेस क्लब के दर्जनों पत्रकार उपस्थित हुए और श्रद्धांजलि दी।

### डीईओ ने प्रचार वाहन को किया रवाना




रांची। सोमवार को झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय के प्रांगण से रुआर (बैक टू स्कूल कैंप )2025 के लिए प्रचार वाहन को रांची जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । श्री राज ने बताया कि प्रचार वाहन जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण करेगी एवं सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने हेतु प्रचार प्रसार करेगा। मौके पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ,सहायक का कार्यक्रम पदाधिकारी एवं कार्यालय के सभी पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

### बाघमारा कॉलेज में इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत- सांसद चंद्रप्रकाश



धनबाद। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोमवार को धनबाद सर्किट हाउस में बाघमारा कॉलेज शासी निकाय के सदस्यों के साथ बैठक की. बैठक में कॉलेज में कर्मियों की कमी, पठन-पाठन की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं में सुधार समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई. कॉलेज के प्राचार्य ने सांसद के समक्ष अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति, आधारभूत संरचना का विकास और संसाधनों की कमी का मुद्दा उठाया. इस पर सांसद ने कॉलेज में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने का आश्वासन दिया. इसके लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दिये. चंद्रप्रकाश चौधरी ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं. इसमें कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने, अनुदान राशि के सही वितरण, डीएमएफटी फंड से 8 नए कमरे निर्माण का निर्णय शामिल है.

### अंडर-15 बालिका टी-20 अंतरजिला क्रिकेट टूर्नामेंट में बीएसए बरही के 10 खिलाड़ी हुईं शामिल

# विधायक व प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई ने दी बधायां



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जेएससीए के तत्वावधान में 27 अप्रैल से 8 मई तक चलने वाले अंडर-15 बालिका टी-20 अंतरजिला क्रिकेट टूर्नामेंट में बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के 10 खिलाड़ी हजारीबाग जिला से खेल रहे है. जो बरही के लिए गौरव की बात है. उक्त बातें बीएसए के संरक्षक सह मुख्य प्रशिक्षक अब्दुल मनान वारसी ने दी. टूनामेंट में खेलने वाले खिलाड़ियों में बीएसए के सलोनी कुमारी (कुंडवा), नंदनी कुमारी (करसो), तृप्ति गुड़िया व सुमन कुमारी गुप्ता (दोनो रसोइया धमना), सृष्टि कुमारी (बरहीडीह), अंशु कुमारी व तानिया कुमारी (हजारीधमना), सृष्टि राज गुप्ता (धमना) और सपना कुमारी (बरही) शामिल हैं. आयोजक झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन ने ूर्नामेंट को तीन ग्रुप में आयोजित किया है. ग्रुप ए में जमशेदपुर, सिमडेगा, लोहरदगा व खूंटी, ग्रुप बी में हजारीबाग, बोकारो, रांची व पाकुड़ तथा ग्रुप सी में धनबाद, रामगढ़, गिरिडीह, देवघर व गुमला की टीम शामिल किए गए हैं. ग्रुप ए के मैच धनबाद में, ग्रुप बी के पाकुड़ में और ग्रुप सी के बोकारो में हो रहे हैं. 30 अप्रैल को हजारीबाग और पाकुड़, 1 मई को हजारीबाग और रांची तथा 2 मई को हजारीबाग और बोकारो के बीच मैच होना है. हजारीबाग टीम की कप्तानी सलोनी कुमारी कर रही हैं. बीएसए 10 खिलाड़ियों के चयन होने पर विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव, एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजित कुमार विमल, बीड़ीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, बीएसए अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी, प्रशिक्षक कुलदीप कुमार, बसंत ठाकुर, व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, मनोज केशरी, वरिष्ठ खिलाड़ी धर्मपाल केशरी, अनिल रजक, मनितोष यादव, रामप्रसाद यादव आदि ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है.

### प्रेस क्लब बरकट्ठा इकाई की बैठक का हुआ समापन

# संगठनात्मक मजबूती और सदस्यता अभियान पर दिया गया जोर



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रेस क्लब बरकट्ठा इकाई की बैठक शनिवार शाम 5:00 बरकट्ठा थाना स्थित प्रेस क्लब के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने किया।बैठक में प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप और सचिव मिथिलेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस दौरान संगठनात्मक मजबूती और सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।वहीं उमेश प्रताप ने कहा कि प्रेस क्लब का हजारीबाग में अपना एक भवन है जहां कोई पत्रकार वहां रुक कर अपना काम कर सकते हैं। निजी कार्य करके रात में भी विश्राम कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को आपसी समन्वय और सहयोग की भावना के साथ कार्य करना है ताकि किसी भी चुनौती का सामना एकजुट होकर किया जा सके। उन्होंने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। सचिव मिथिलेश मिश्रा ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब उसके सदस्य सक्रिय और जागरूक हों। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा इकाई भी सराहनीय कार्य कर रही है। श्री मिश्रा ने प्रेस क्लब के सभी सदस्यों से अपील की कि वे संगठन के कार्यों में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ योगदान दें।बैठक के दौरान प्रखंड संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा भी की गई और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा हुई।वहीं उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव भी रखा, जिन पर गंभीरता से विचार किया गया। मौके पर बरकट्ठा प्रेस क्लब के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल बर्नवाल, उपाध्यक्ष ईश्वर यादव, उप सचिव अजीत बर्नवाल, सुजीत कुमार के अलावा कई सदस्य उपस्थित थे।

# आयुष्मान कर्मियों को चार माह से नहीं मिला वेतन, प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** आयुष्मान भारत योजना के तहत संचालित धनबाद के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिला है. लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मियों ने सोमवार को धनबाद नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में जीएनएम, एमपीडब्लू गार्ड व क्लीनर शामिल थे. उन्होंने बताया कि विगत चार माह से वेतन नहीं मिलने के कारण वे गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं. स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है. कर्मियों का आरोप है कि वेतन भुगतान में नियमितता नहीं है और अब उनकी ड्यूटी छह घंटे से बढ़ाकर आठ घंटे कर दी गई है. धनबाद में संचालित कुल 30 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगभग 150 कर्मचारी आउटसोर्सिंग कंपनी के तहत कार्यरत हैं. कर्मचारियों का यह भी कहना है कि जब वे कंपनी से अपनी समस्याएं साझा करते हैं तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है.

### शराबियों, जुआरियों व मवालियों के अड्डे पर पुलिस की बढ़ी सक्रियता

# बढ़ती आपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें : इंस्पेक्टर



**जिस तरह से युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है अगर इसी तरह बढ़ता रहा है तो युवाओं की जिंदगी नरख बनकर रह जाएगी। इस पर अंकुश लगाना जरूरी है**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जुआरियों, मवालियों और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अपनी सक्रियता बढ़ाई है. वाहन गश्ती के साथ पुलिस बाईक गश्ती भी प्रारंभ किया है. उक्त बातें इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने कही. उन्होंने बताया कि लगभग आधा दर्जन बाईक इस कार्य के लिए लगाए गए हैं. जो क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर मवालियों, जुआरियों, शराबियों व अपराधियों पर लगाम लगाने का हरसंभव प्रयास करेगा. उन्होंने बताया कि इसी क्रम में बीते दिन हरीला रोड पुलिया पर कुछ मवालियों की धुनाई भी हुई है. वह स्वयं क्षेत्र भ्रमण पर निकल पुलिस गश्ती की मॉनिटरिंग कर रहे है. साथ ही सहित अपराधियों की निगरानी कर रहे हैं. क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए प्रयासरत हैं. इसके लिए उन्होंने स्थानीय लोगों से भी सहयोग आवश्यक है. उन्होंने लोगो से अपील किया कि अपने क्षेत्र के किसी भीं अपराधिक गतिविधि की जानकारी पुलिस को आवश्य दें, हर संभव पुलिस सहायता करेगी. जानकारी के अनुसार बरही नदी क्षेत्र, न्यु कॉलोनी सूर्य मंदिर के पीछे, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, एनएच डाक बंगला परिसर, हरिला रोड पुलिया के पास, पटना रोड ओवरब्रिज के पीछे, सरकारी बस स्टेंड, एपीजे अब्दुल कलाम पार्क, इंटर कॉलेज मैदान, आरएनवाईएम कॉलेज के पीछे आदि क्षेत्रों में शाम होते ही जुआरियों के अड्डे लगने लगते हैं. जहां पुलिस की चौकसी बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं. थाना प्रभारी के इस बयान से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"कमल-बिन्दुओं वाली झीलें आपकी आंखों को प्रसन्न करें, छायादार वृक्ष दोपहर की गर्मी को दूर भगाएं, मृदु पवन कमल-पराग को अपने पास उड़ाए, आपका सारा मार्ग सुखमय और शांतिपूर्ण हो।" - कालिदास

## संपादकीय

### सोने की चमक और बढ़ती दीवानगी

नई दिल्ली के सराफा बाजार में 22 अप्रैल को 10 ग्राम सोने की कीमत 1,00,000 के स्तर को पार कर गई, जिसका तात्कालिक कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत का 3,510 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार करना है। बीते 20 दिनों में सोने की कीमत दस फीसदी बढ़ी है। इस साल अब तक सोने की कीमत में 22,000 रुपये से ज्यादा और विगत एक महीने में 10,000 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई। भारत जब आजाद हुआ था, तब 10 ग्राम 24 कैरेट वाले सोने की कीमत 88.62 रुपये थी और वर्ष 1964 में इसकी कीमत और भी कम होकर 63.25 रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। इस तरह, सोने की कीमत 78 वर्षों में चंद रुपयों से आगे बढ़ते हुए 1,00,000 रुपये के स्तर को पार कर गई। वर्ष 2006 में 10 ग्राम सोने की कीमत 10,000 रुपये थी, जो अप्रैल 2025 में बढ़कर 1,00,000 को पार कर गई। मौजूदा समय में सोने की कीमत बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें सबसे प्रमुख अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनाई जा रहीं आर्थिक नीतियां और अमेरिका की चीन के साथ कारोबारी जंग शुरू होना है। ट्रंप के रुख से वैश्विक स्तर पर कारोबारी जंग शुरू होने और मंदी आने की संभावना बढ़ गई है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण डॉलर के मुकाबले रुपये में चार फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। विश्व के कुछ भागों में भू-राजनैतिक तनाव के बने रहने, शेयर बाजार में हाल में आई गिरावट आदि के कारण बेहतर प्रतिफल की आस में लोग सोने में निवेश कर रहे हैं, जिससे सोने की मांग में लगातार इजाफा हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, हाल में गोल्ड ईटीएफ में निवेश दुनिया भर में 12 फीसदी बढ़कर 8.6 अरब डॉलर हो गया है। भारत में महंगाई थोड़ी कम हुई है, लेकिन विदेशों में इसका डर बरकरार है। भारत में मार्च, 2025 में खुदरा महंगाई सालाना आधार पर 3.34 फीसदी की दर से बढ़ी, जबकि फरवरी में यह 3.61 फीसदी की दर से बढ़ी थी। बीते 67 महीनों में खुदरा महंगाई सबसे कम स्तर पर है। सोने की कीमत बढ़ने से आभूषणों की मांग में कमी आई है, जिससे आभूषण उद्योग चिंतित है। आमजन सोना खरीद पाएं, इसके लिए आभूषण निर्माता 14 कैरेट सोने की बिक्री बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। साथ ही, नौ कैरेट सोने की हॉलमार्किंग के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वर्ष 2024 में सोने की मांग सबसे अधिक रही थी, लेकिन अभी वैसे निवेशक, जिन्होंने सोने में निवेश सिर्फ लाभ कमाने के लिए किया है, वे ऐसी स्थिति का फायदा उठाते हुए सोने के सिक्के और सोने के आभूषण बेच रहे हैं। डब्ल्यूजीसी के अनुसार, 2023 की मार्च तिमाही में 34.8 टन सोना नकदी के लिए बेचा गया, जबकि मार्च 2024 में 38.3 टन सोना बेचा गया और एक अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में 40 टन से अधिक सोना बेचे जाने की संभावना है।

*सोने की कीमत 78 वर्षों में चंद रुपयों से आगे बढ़ते हुए 1,00,000 रुपये के स्तर को पार कर गई।*

# ज्ञान के बाजार में "मनुष्य" की खोज



एक ग्रीक दार्शनिक डायोजनीज शिक्षाविदों और बौद्धिक धुरंधरों से भरे अपने नगर में दिन में लालटेन लिए चले जा रहे थे। एक ने पूछा- दिन में लालटेन लिए कहां जा रहे हैं? डायोजनीज ने कहा- ज्ञानियों के बीच मनुष्य खोजने निकला हूँ। आज सूचनाओं के युग में ज्ञानवान होना, विचार की बात करना और सुधारवादी होना अरण्यरोदन है। वर्तमान में कूपमंडूकता ही वह शाश्वत चीज है, जिसकी समाज में कद्र है। हां, इसके साथ आपके पीछे फैन फॉलोवर की फौज होनी चाहिए। यह समय का ऐसा दौर है जहां ज्ञान का दिखावा है, उसकी क्रूर आवाज है और इस आवाज में अपनी-अपनी परिभाषा है। सूचनाओं के दौर में हर एक व्यक्ति ज्ञान के समुद्र के समान है। कदाचित इसलिए ही अलबरूनी ने लिखा कि सामान्य भारतीय अपने ज्ञानकूप में रहते हैं और उसका पूरा रौब है। ज्ञान का ऐश्वर्य किसी किताब या व्यक्ति का मोहताज नहीं होता है। यह व्यक्ति के भीतर एक स्वाभाविक संपदा होती है। इसे बढ़ाने के लिए व्यक्ति को खुद अंतर्यात्रा पर जाना होता है। एक बीज जब तक जमीन के अंदर दबता नही है, तपता नहीं है, तबतक वह वृक्ष नहीं होता है। बीज भी अगर फूल और पत्तों की यात्रा करने लगे, तो वह वृक्ष कदापि नहीं हो पायेगा। इसी प्रकार भौतिक जगत की संपन्नता से ज्ञान का विकास नहीं होता है। भौतिक वस्तुओं के विकास के कारण ही शरीर और मन भारी होता जा रहा है और आत्मा दिन व दिन हल्का। आत्मा को हल्का और आलोकित करने के लिए ज्ञान के पथ का राही बनना होता है। यदि हमारे छोटे अंतकरण के भीतर ईश्वर दिखाई पड़ता है तो वह समूचे विश्व में उदभाषित परम ज्ञान का आलोक है। ज्ञान का पथ उस भीतरी ईश्वर की ओर आरोहण है। ज्ञान का दो भेद है। एक ज्ञान बौद्धिक है और दूसरा ज्ञान चैतन्य है। बौद्धिक ज्ञान को बाहर जाना जाता है तो चैतन्य ज्ञान हमारे अंदर से प्रकट होता है। एक ज्ञान केवल जानना, जानकारी, बौद्धिक समझ। दूसरा ज्ञान है - अनुभूति, प्रज्ञा, जीवंत प्रतीति। एक मृत तथ्यों का संग्रह है, एक जीवित सत्य का बोध है। दोनों में बहुत अंतर है - भूमि और आकाश का, अंधकार और प्रकाश का। वस्तुतः बौद्धिक ज्ञान कोई ज्ञान नहीं है। वह ज्ञान का भ्रम है। क्या नेत्रहीन व्यक्ति को प्रकाश का कोई ज्ञान हो सकता है? बौद्धिक ज्ञान वैसा ही ज्ञान है। सत्य-ज्ञान बाहर से नहीं आता है और जो बाहर से आये, जानना कि वह ज्ञान नहीं है, मात्र जानकारी ही है। ऐसे ज्ञान के भ्रम में गिरने से सावधानी रखनी आवश्यक है। उत्पत्ति और विनाश से रहित नित्य चैतन्य को ज्ञान कहते हैं।

गोस्वामी तुलसीदासजी ने ज्ञानकी बड़ी अद्भुत व्याख्या की है। इसमें लक्ष्मणजी का प्रभु श्रीराम से संवाद है, जिसमें वह ज्ञान की परिभाषा का आग्रह करते हैं। इसपर श्रीराम जी कहते है कि -ग्यान मान जहं एकउ नाहीं, देख ब्रह्मसमान सब माहीं। यानी ज्ञान उसको कहते हैं, जहां व्यक्ति मान-अपमान के द्वंद्व से रहित हो और सबमें ही ब्रह्म का दर्शन करे। एक वैदिक उक्ति है कि सभी दिशाओं से उदात्त विचारों को आने दो। आ नो भद्राः क्रत वो यंतु विश्वतः द्ध। आज व्यक्ति खुद को और अपने परिवार को कमतर आंकता है। समाज और परिवार गौण हो गया, पार्टी और विचार ही सर्वोपरि हो गया। भारत में ज्ञान और ज्ञानियों की एक परंपरा रही है। ऐसे ज्ञानी थे, जिसका जीवन बहुत सामान्य था। वे सादगी से रहते थे। यहां तक की वे नंगे रहते थे। फेंकी हुई कंथा, वल्कल या कृष्ण वर्ण का मृगचर्म पहनते थे। ऐसे ही दंडमिस ऋषि के ज्ञान से विश्वविजेता सिकंदर भी परास्त हो गया। आज दिखावट और सजावट का ज्ञान हो गया। एक समय था कि राजा मंत्रियों के साथ पूर्णिमा रात्रि का आनंद लेते हुए अक्सर ब्राह्मण या श्रमण को बुलाकर रात में संवाद और चिंतन के माध्यम से अपने चित्त को संतुष्ट करते थे। मिनांडर और नागसेन की चर्चित संवाद सभी ज्ञानियों को आज भी उद्वेलित करता है।

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

प्राचीन ज्ञानियों और आधुनिक युग के बुद्धिजीवियों के जीवन और चिंतन में कोई तुलना ही नहीं है। वाकपटुता ज्ञान नहीं होता, संपर्क की क्षमता से ज्ञानवान परिभाषित नहीं होते और सामान्यजन के चित्त को संतुष्ट करना भी ज्ञानियों का काम नहीं है। प्राचीन काल से ज्ञान के लिए संवाद को, शासत्रार्थ को और विचार-मंथन को जरूरी माना गया। आधुनिक युग के ज्ञानियों की परिभाषा में ज्ञानवान होना पूर्व निर्धारित है। आप इस मत या पंथ के है, तो ज्ञानवान है, अन्यथा नहीं। परंपरावादी होना दकियानूसी है और बाल का खाल निकलना आधुनिकता का मापदंड है। हम यह मानने के लिए तैयार ही नहीं है कि जो हम जानते हैं, उसके बाहर भी ज्ञान हो सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा की एक खूबी है यह सदैव नूतनता का पोषण करता हैं तो निरंतरता के साथ पुनर्रचनात्मकता का प्रश्रय देता है। सदैव नये विचार और आकांक्षा को प्रोत्साहित किया गया,तो पुराने को समयानुकूल बनाया गया। इतिहास में वर्णन है कि वाल्मीकि रामायण में सीता की भूमिगमन को भवभूति स्वीकार नहीं कर पाते। वे उत्तररामचरित में सीता को पृथ्वी से बाहर लाते हैं और दुखी राम अपनी पत्नी वापस पाते हैं। नूतनता के साथ सार्थकता से बाहर जाने पर साहित्य और साहित्यकार भी समाज और समय द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है। कालीदास महानतम कवि है लेकिन वह कुमारसंभव ग्रंथ को पूरा नहीं कर पाते है, क्योंकि वह समाज को अस्वीकार्य सृजन की चेष्टा करते है। समय की अदृश्य शक्ति उनको ऐसा नहीं करने देती। वर्तमान में हमारी ज्ञानी कुछ भी रचकर, बेंचकर और बोलकर बस प्रसिद्ध होना चाहते हैं। भारतीय ज्ञान की विद्रूपता है कि आधुनिक बुद्धिजीवी श्रीराम को मिथक कहता है लेकिन रावण को इतिहास का अंग बतायेगा। सवाल है कि 19वीं सदी से पहले किस तमिल ग्रंथ में है कि रावण द्रविड़ है!

एक समय था कि ऋषिसत्ता सर्वोपरि था, जहां ज्ञान और ज्ञानियों के समक्ष राजसत्ता झुकता था आज राजसत्ता सबसे ऊपर है। धन की सत्ता को बहुत महत्त्व है। जब हम यह देखते है तो यह भूल जाते है कि भारत के मानस ने सदैव निद्वंद्व होकर अपनी आवाज बुलंद की है। यहां चार्वाक की परंपरा है तो यज्ञविरोधी भृगु की भी परंपरा है। यहां कबीर है तो नानक और तुलसी भी है। भारतीय जीवन में मनुष्यता के विकास को सर्वोपरि मानदंड ज्ञान ही है। जीवन के लिए भोजन भी चाहिए, कपड़ा भी चाहिए, मकान भी चाहिए, राज्य और धन भी चाहिए क्योंकि जीवन के लिए ये सभी जरूरी हैं। परंतु यहां सब केवल जीवन के लिए हैं। हमने इस जीवन के ही परम साध्य बन लिया, जबकि मानव जीवन का परमसाध्य तो ज्ञान ही हो सकता है। किन्तु मनुष्यता का सारसर्वस्व तो उसके ज्ञान में ही निहित है। आवश्यक तो जीवन के लिए सभी कुछ है, लेकिन यह ज्ञान ही मनुष्य को उठा सकता है। मनुष्यता का विस्तार कर सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जिंदगी का अर्थ : एक उद्देश्यपूर्ण जीवन की ओर

आज की तेज़ रफ्तार और भौतिकतावादी दुनिया में, अक्सर हम जीवन की मूलभूत सच्चाई को भूल जाते हैं — कि जीने का असली आनंद तब आता है जब हमारा जीवन किसी उद्देश्य से जुड़ा हो। एक ऐसा उद्देश्य, जो न केवल हमें भीतर से प्रेरित करे बल्कि हमारे प्रयासों से आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ पहुंचे। महान दार्शनिकों और विचारकों ने भी सदैव इस बात पर बल दिया है कि जीवन केवल सांसें लेने का नाम नहीं है, बल्कि किसी बड़े उद्देश्य के लिए जीना ही असली जीवन है। अरस्तू ने कहा था, "जीवन का उद्देश्य खुशी है, और सच्ची खुशी वही है जो किसी महान कार्य में संलग्न रहने से मिलती है।" स्वामी विवेकानंद ने भी प्रेरित करते हुए कहा था, "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" जब हम अपने जीवन में कोई महान लक्ष्य या उद्देश्य स्थापित करते हैं, तो हर सुबह एक नई ऊर्जा के साथ जागते हैं। हमारे कदम स्वयं रास्ता खोज लेते हैं, और हमारी छोटी-छोटी कोशिशें भी एक बड़े परिवर्तन की ओर बढ़ती हैं। एक उद्देश्यपूर्ण जीवन न केवल व्यक्तिगत सुख का स्रोत बनता है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा का कारण बनता है। ऐसा कोई भी कार्य जिसे हम पूरे मन, ईमानदारी और जागरूकता के साथ करते हैं - चाहे वह शिक्षा देना हो, प्रकृति का संरक्षण करना हो, या मानवीय सेवा - वह हमें एक गहरी संतुष्टि देता है। ऐसे कार्यों के माध्यम से हम दुनिया में अपना एक अमिट निशान छोड़ सकते हैं। जीवन में उद्देश्य होने का अर्थ यह नहीं कि लक्ष्य बहुत भव्य या असंभव हो, बल्कि यह कि वह हमारे दिल से जुड़ा हो। छोटा हो या बड़ा, अगर कोई कार्य सकारात्मक बदलाव लाता है, तो वही सबसे बड़ा योगदान है। आज के समय में, जब निराशा और खालीपन की भावना तेजी से फैल रही है, तब हमें बच्चों और युवाओं के मन में भी यह बीज बोना चाहिए कि वे एक उद्देश्य के साथ जीवन जीएं। एक ऐसा दृष्टिकोण, जो उन्हें हर कठिनाई के बीच भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दे और उनके भीतर जीवन के प्रति एक उत्साह भर दे। यह उद्देश्य हर किसी के जीवन में अलग-अलग रूप ले सकता है। वे बुजुर्ग, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अनुभवों से भरा है, आज भी समाज को अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से रोशन कर सकते हैं। उनका जीवन स्वयं एक प्रेरणा बन सकता है, यदि वे अपनी कहानियों, अपनी सीखों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं। वे महिलाएं, जो दिन-रात परिवार की भलाई में लगी रहती हैं, उन्हें यह एहसास होना चाहिए कि उनका जीवन भी एक महान उद्देश्य से जुड़ा है - एक नई पीढ़ी के निर्माण का। उन्हें भी अपने सपनों को उड़ान देनी चाहिए, अपनी प्रतिभाओं को पहचान कर, स्वयं के लिए भी नए अवसर बनाने चाहिए।

आपकी बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## धरती के क्रांतिदूत भगवान परशुराम : ब्राह्मणत्व व वीरता का प्रलयकारी संगम

भगवान परशुराम जयंती

जब अन्याय ने मर्यादाओं को लांघकर अपनी क्रूरता का परचम लहराया, जब अधर्म ने धर्म का उपहास उड़ाया, और जब वीरता व संयम की पवित्र परिभाषाएँ धूमिल होने लगीं, तब धरती के गर्भ से प्रकट हुए परशुराम-धर्म की प्रचंड ज्वाला को हृदय में धारण कर, अधर्म के सर्वनाशक योद्धा बनकर। वे न केवल अजेय रणबांकुरे थे, न ही मात्र तपस्वी सन्यासी; वे शक्ति और मर्यादा, तेजस्विता और करुणा, क्रोध और धर्म के अनुपम समन्वय थे। परशुराम जयंती केवल उनके अवतरण का उत्सव नहीं, बल्कि न्याय की अटल हुंकार, साहस का प्रबल उद्घोष और धर्म के अडिग संकल्प का महोत्सव है। उनका जीवन युगों-युगों तक मानवता को पथ प्रदर्शित करता रहेगा, क्योंकि परशुराम कोई काल्पनिक मिथक नहीं, अपितु सत्य, साहस और धर्म का जीवंत प्रतीक हैं। सतयुग और त्रेतायुग के संधिकाल में, जब पृथ्वी क्षत्रिय अत्याचारों की ज्वाला में दग्ध हो रही थी, तब महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र के रूप में परशुराम का अवतरण हुआ। ब्राह्मण कुल में जन्मे, किंतु योद्धा के प्रचंड हृदय और शस्त्रों की प्रखरता से सुसज्जित, परशुराम ने धर्म की रक्षा हेतु क्रांतिकारी मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने ब्राह्मणत्व की शांत गरिमा को शस्त्रों की प्रलयकारी साधना से जोड़कर अपने परशु को अधर्म के विनाश का अजेय अस्त्र बनाया। उनका फरसा मात्र धातु का शस्त्र नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्स्थापना और अन्याय के सर्वनाश का प्रतीक था। आज भी, जब कोई साहसी अन्याय के विरुद्ध खड़ा होता है, वह परशुराम की तीक्ष्ण धार को साकार करता है, जो कालजयी प्रेरणा बनकर मानवता को दिशा देती है।

धर्म की बात



**प्रो. आरके जैन**

परशुराम की गाथा अद्वितीय साहस, तपस्या और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने पितृ-आज्ञा का पालन करते हुए माता रेणुका का वध किया, जो उनकी कर्तव्यनिष्ठा और आत्मसंयम की कठोरता को दर्शाता है। किंतु जब पितृवर ने वर माँगने का अवसर दिया, तब परशुराम ने माता के पुनर्जनन की



याचना की, जो उनके हृदय में मातृप्रेम और करुणा की गहराई को प्रकट करता है। यह प्रसंग सिखाता है कि परशुराम का क्रोध अनियंत्रित ज्वाला नहीं, बल्कि धर्म के आदर्शों से अनुप्राणित पवित्र अग्नि था। उनकी कठोरता अनुशासन की द्योतक थी, न कि क्रूरता की। प्रत्येक निर्णय-चाहे युद्ध का रणघोष हो या क्षमा का संदेश-धर्म के संतुलन को बनाए रखने हेतु लिया गया। परशुराम का जीवन कर्तव्य, करुणा और धर्म के संगम का मार्ग दिखाता है। इतिहास में अंकित है कि परशुराम ने पृथ्वी से इक्कीस बार क्षत्रिय कुल का संहार किया। यह सुनकर मन में उग्र योद्धा की छवि उभर सकती है, किंतु सत्य यह है कि उनका युद्ध किसी वंश के विरुद्ध नहीं, बल्कि अत्याचार, अधर्म और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ था। कई क्षत्रिय राजा और वीर उनके मित्र व शिष्य रहे, जो स्पष्ट करता है कि उनका ध्येय सत्ता का सर्वनाश नहीं, बल्कि उसके अहंकार और दुराचार का विनाश था। परशुराम का फरसा धर्म की रक्षा का प्रहरी था, न कि प्रतिशोध का आयुध। उनकी गाथाएँ सिखाती हैं कि साहस और शक्ति का प्रयोग केवल धर्म की स्थापना और सत्य की रक्षा हेतु होना चाहिए। परशुराम केवल युद्धकला के महारथी ही नहीं, बल्कि ज्ञान और शिक्षा के संरक्षक भी थे। उन्होंने भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महायोद्धाओं को शस्त्र विद्या का प्रशिक्षण दिया, जो महाभारत में धर्म और सत्य के प्रतीक बने। उनका गुरु रूप सिखाता है कि सच्ची वीरता केवल शस्त्र की धार में नहीं, बल्कि शिष्यों के चरित्र और कौशल को संवारने में निहित है। वे अपने शिष्यों में न केवल युद्धकला का सामर्थ्य बोते थे, बल्कि धर्म, नैतिकता और सत्यनिष्ठा के बीज भी रोपते थे। उनकी शिक्षाएँ युद्ध की रणनीति तक सीमित नहीं थीं; वे जीवन को सम्मान के साथ जीने की कला सिखाती थीं। परशुराम का चिरंजीवी स्वरूप भारतीय संस्कृति में अमर संदेश के रूप में गूंजता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

मंसूबे कुछ इस तरह, बांध रहे हैं लोग।
दीवारें सी हैं मगर, फांद रहे हैं लोग।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## स्वाध्याय है ईश्वरीय नियमों को जानना

स्वाध्याय का उद्देश्य है – ईश्वरीय नियमों को जानना और अपने जीवन को उसी के अनुरूप ढालना तथा उसे अपने कर्मों में उतारना। हमें याद रखना है कि हमें हर हाल में ईश्वरीय नियमों को पालना करना है। स्वाध्याय को अपनाते हुए आध्यात्मिक पथ पर चलना है। ऐसा करेंगे तो ये अच्छे काम ही आगे चलकर अच्छी आदतें बनेंगी। ये अच्छी आदतें ही हमारे अंदर सद्चरित्रता का बीज अंकुरित करेंगी और इसी सद्चरित्रता से हम आगे चलकर अपने जीवन को झंकृत कर सकेंगे। ये बातें रांची स्थित योगदा सत्संग आश्रम के श्रवणालय में रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी गौतमानन्द ने कही। उन्होंने कहा कि धर्म के शाश्वत नियम हैं। ये हमेशा से हैं और रहेंगे। आप खुद देंखे कि हमारे राष्ट्रीय ध्वज में भी धर्मचक्र हैं। लेकिन आश्चर्य है कि उन धर्म चक्रों के बारे में स्कूलों में गहराई से पढ़ाई नहीं होती। इन धर्म चक्रों के बारे में हम अपने घरों में यथासंभव बच्चों को बता दिया करते हैं। लेकिन ये धर्म के नियम हमारे आध्यात्मिक जीवन के लिए कितने जरुरी हैं। ये किसी को नहीं पता। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने कुछ नियम बनाएं हैं। ब्रह्मांड को चलाने, उसे गति देने के लिए। अगर हम उनके नियमों को मानेंगे तो आनन्द में रहेंगे। उल्लंघन करेंगे तो स्वयं दंडित भी होंगे। उन्होंने कहा कि इन्हीं सभी बातों को लेकर हमारे गुरुजी ने पाठमालाएं हमें दीं। ये पाठमालाएं हमें आध्यात्मिकता की ओर ले जाती है। हमारे जीवन को बेहतर बनाती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु जी की पाठमालाओं को आप जितनी बार पढ़ेंगे। आपको उसमें कुछ नयापन मिलेगा। गुरुजी की प्रत्येक आलेख या उनकी पुस्तकें, ईश्वर की ओर ले जाने का सरल मार्ग है। आपकी हर समस्याओं का निदान है। आध्यात्मिक पथ पर सर्वोच्च स्थान दिलाने का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। अगर हम गुरुजी के पाठों का सही ढंग से पाठ कर रहे हैं, तो इसका मतलब हैं कि हम ईश्वर के साथ स्वयं को एकरुपता स्थापित कर रहे हैं, क्योंकि स्वाध्याय हमारी चेतना को उपर उठाती है। उन्होंने कहा कि हमें यह भी ख्याल रखना चाहिए कि चेतना दो चीजों से उपर उठती है। एक ध्यान से और दूसरा स्वाध्याय से। उन्होंने बताया कि हम सब के लिए लॉ हैं। गुरुजी द्वारा बताई गई शिक्षा। जब हम उनके बताये लॉ का अनुसरण करेंगे तो हम जरुर आनन्द में होंगे। उन्होंने कहा कि गुरुजी की लिखी पाठमालाओं को बार-बार पढ़ने की कोशिश करें। उसका अभ्यास करें। मनन करें। उस पर ध्यान केन्द्रित करें। तभी आप उसका लाभ उठा पायेंगे। अन्यथा नहीं।

उन्होंने कहा कि स्वाध्याय के लिए आपको एक समय भी सुनिश्चित रखना चाहिए, क्योंकि परमहंस योगानन्दजी की शिक्षा अमृत के समान है। यह सभी आत्माओं को तृप्त करती है, जो ईश्वरीय मार्ग पर चलने को आतुर हैं। उन्होंने बताया कि गुरु जी चाहते थे कि उनकी पाठमालाओं का प्रकाशन सिर्फ और सिर्फ उनके आश्रमों से हो, ताकि उनके भक्तों को उनका स्पन्दन प्राप्त होता रहे। यहीं नहीं, ये स्पन्दन उनके जीवन काल तक आशीर्वाद के रुप में उन्हें प्राप्त होता रहे।

अलग बात



**कृष्ण बिहारी मिश्र**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अक्षय तृतीया पर सोने की जगह खरीदें ये 5 चीजें, बनेंगे बिगड़े काम




**दान के लिए शुभ वस्तुएं**

- दही, चावल, दूध, खीर, सफेद वस्त्र आदि का दान करें
- जल से भरे घड़े का दान – गर्मी में विशेष पुण्यदायी।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। हिंदू धर्म में इसे अत्यंत शुभ दिवस माना गया है। कई शुभ संयोग इस तिथि से जुड़े हैं। अक्षय का अर्थ ही होता है जो क्षय न हो और इसलिए कभी क्षय न होने वाला धातु सोना लोग बढ़ चढ़कर खरीदते हैं। लेकिन महंगाई के इस दौर में और सोने की आसमान छूती कीमत के बीच भी कुछ ऐसी चीजें हैं जो खरीदी जा सकती हैं। इससे जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का संचार होगा। भविष्य पुराण, नारद पुराण से लेकर कई पवित्र ग्रंथों में इस दिवस का उल्लेख मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी न ले सकें तो सुख-समृद्धि के लिए मिट्टी का बर्तन, कौड़ी, पीली सरसों, हल्दी की गांठ, रूई खरीदना बेहद शुभ रहेगा। अब सवाल उठता है कि आखिर यही चीजें क्यों? इन विभिन्न तत्वों का संबंध ग्रह नक्षत्रों से भी है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, सोने के बदले तांबा और सोना खरीदना लाभकारी होता है। ये सूर्य को मजबूत करता है और इसके बलवान होने से लोगों के बीच और समाज में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। रूई का संबंध शुक्र ग्रह से है और इसे लेकर माता लक्ष्मी की कृपा बरसती है। हल्दी की गांठ गुरु को मजबूत करती है और जीवन में स्थायित्व लाकर मान-सम्मान बढ़ाती है। मिट्टी का बर्तन मंगल को मजबूत करता है और कर्ज मुक्ति के साथ ही बेवजह की परेशानी से भी निजात दिलाता है। पीली सरसों से दरिद्रता दूर होती है और नकारात्मकता भी खत्म होती है, तो पीली कौड़ी धन, सम्पत्ति और समृद्धि का कारण बनती हैं। इसके साथ ही इस दिन संभव हो तो आदि शंकराचार्य द्वारा रचित कनकधारा स्त्रोत का पाठ जरूर करना चाहिए।अक्षय तृतीया के दिन दान का भी काफी महत्व होता है। दान भी सफेद चीजों का- जैसे, दही, चावल, दूध, खीर आदि का। अब बात करते हैं अक्षय तृतीया 2025 के शुभ मुहूर्त की। तो दृक पंचांगानुसार तृतीया तिथि 29 अप्रैल को शाम 05:32 मिनट पर प्रारंभ होगी और 30 अप्रैल को दोपहर 02:12 बजे पर समाप्त होगी। इस दिन पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 05 बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक रहेगा।

## 30 साल के पोते संग मंदिर में रचाई शादी



**अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर की इंद्रावती के चार बच्चे हैं। दो बेटे और दो बेटियां। जिनमें से एक बेटी की शादी भी हो चुकी है। पति और बच्चों के बावजूद इंद्रावती ने अपने रिश्ते में लगने वाले पोते आजाद के साथ भागकर मंदिर में सात फेरे ले लिए। शादी के बाद दोनों गांव छोड़कर फरार हो गए। शादी के कुछ दिन पहले कुछ दिन पहले इंद्रावती के पति चंद्रशेखर ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया था। बदायूं की सास-दामाद की प्रेम कहानी अभी थमी भी नहीं थी कि अब अंबेडकरनगर से और भी हैरान करने वाला मामला सामने आ गया है।

## नेहा सिंह पर एफआईआर
## सोशल मीडिया पोस्ट पर पाकिस्तान था फिदा


**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भोजपुरी लोक गायक नेहा सिंह राठौर के खिलाफ उनके एक वीडियो को लेकर अभय सिंह नाम के शख्स ने एफआईआर दर्ज कराई है। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की 10 अलग-अलग धाराओं और आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे भारत में गुस्से का माहौल है। लोग इस नरसंहार के लिए पाकिस्तान की तीखी आलोचना कर रहे हैं और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। विपक्षी दलों ने भी कहा है कि सरकार आतंक के खिलाफ जो भी कार्रवाई करेगी, वे उसका समर्थन करेंगे। लेकिन इस बीच भोजपुरी लोग गायिका नेहा सिंह राठौर के वीडियो को लेकर विवाद बढ़ गया है। लखनऊ में नेहा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है जिसमें 11 धाराएं जोड़ी गई हैं। नेहा सिंह राठौर ने X पर अपना एक वीडियो पोस्ट करके कहा था कि पहलगाम हमला सरकार की चूक के कारण हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा इस मुद्दे का इस्तेमाल बिहार चुनाव में वोट हासिल करने के लिए करेगी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नेहा के खिलाफ इस वीडियो को लेकर अभय सिंह नाम के शख्स ने एफआईआर दर्ज कराई है। राठौर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 (BNS) की 10 अलग-अलग धाराओं और आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।



## मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहाव्वुर राणा की एनआईए हिरासत की मांग पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली (हि.स.)**



पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल जज चंद्रजीत सिंह ने 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुए आतंकी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट आज ही इस पर फैसला सुनाएगी। आज तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद एनआईए ने उसे कोर्ट में पेश किया था।

कोर्ट ने 24 अप्रैल को तहव्वुर राणा को अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति की मांग खारिज कर दी थी। कोर्ट ने 10 अप्रैल को तहव्वुर राणा को आज तक की एनआईए की हिरासत में भेजा था। एनआईए ने 10 अप्रैल की शाम को तहव्वुर को दिल्ली के पालम वायुसेना अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार किया था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की याचिका खारिज किए जाने के बाद उसे भारतीय एजेंसियों की एक टीम उसी दिन अमेरिका से लाई थी। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है।

## 'दुश्मन देश की तरफदारी' पड़ी भारी, मुंबई में तीन युवक गिरफ्तार

**नालासोपारा (आईएएनएस)**



महाराष्ट्र के नालासोपारा में पाकिस्तान की तरफदारी तीन युवकों को भारी पड़ गई। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी पहचान उस्मान गनी, तौशीद आजाद शेख और अदनान अफसर शेख के रूप में हुई है। तीनों को 30 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इससे इलाके में तनाव बढ़ गया है। घटना 25 अप्रैल को नालासोपारा में उस समय सामने आई, जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एक प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इस प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने पाकिस्तानी झंडे का इस्तेमाल किया, जिसे लेकर विवाद शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों में से कुछ ने दावा किया कि इस झंडे का इस्तेमाल रोका नहीं जाना चाहिए।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर निंदा प्रस्ताव पारित

### सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले नापाक इरादों को हराने के लिए दृढ़ता से लड़ने का संकल्प



**जम्मू (हि.स.)**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर दुख और पीड़ा व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और प्रगति में बाधा डालने वाले नापाक इरादों को हराने के लिए दृढ़ता से लड़ने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और स्वीकार किया कि वह पर्यटकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल रहे। विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी की ओर से पेश प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सत्र की शुरुआत में सदन के सदस्यों ने पिछले सप्ताह इस त्रासदी में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर की विधानसभा अपने सभी नागरिकों के लिए शांति, विकास और समावेशी समृद्धि का माहौल बनाने और राष्ट्र और जम्मू-कश्मीर के सांप्रदायिक सद्भाव और प्रगति को बाधित करने वालों के नापाक इरादों को दृढ़ता से हराने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

प्रस्ताव पर चर्चा का समापन करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और स्वीकार किया कि वह पर्यटकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल रहे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा निर्वाचित सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मैं इस अवसर (आतंकवादी हमले) का उपयोग राज्य का दर्जा मांगने के लिए नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं पहलगाम आतंकी हमले का उपयोग करके राज्य का दर्जा कैसे मांग सकता हूं।

पूरे देश पर इस भयावह हमले के प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक अरुणाचल से गुजरात और जम्मू-कश्मीर से केरल तक पूरा देश इस हमले से प्रभावित हुआ है। अब्दुल्ला ने कहा कि बैसरन हमला 21 साल के अंतराल के बाद हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें लगता था कि इस तरह के हमले अतीत की कहानी हैं। दुर्भाग्य से पहलगाम हमले ने ऐसी स्थिति को फिर से पैदा कर दिया है, जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे कि वह पीछे छूट गई है। उन्होंने कहा कि हम नहीं जानते कि ऐसा कोई और हमला कब हो सकता है।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक्शन में योगी सरकार
### पाकिस्तानी नागरिकों को चुन-चुनकर किया बाहर



**लखनऊ ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश और पल-पल मॉनिटरिंग का नतीजा है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां 24 घंटे के अंदर प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। वहीं, अंतिम बचे एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसी लगातार उस पर नजर रख रही हैं।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए कई अहम निर्णय लिए। इस दौरान केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के निर्देश दिए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। सीएम योगी ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल राज्य से बाहर करने के साथ उन्हें उनके देश रवाना किया जाए। इसके साथ ही सीएम योगी ने निर्देश दिए थे कि पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश ही जाएं, इसके लिए उनके साथ पुलिस दल को भेजा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपने वतन लौट गए हैं।

सीएम योगी के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों को अलर्ट करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश के 75 जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उन्हें वापस भेजने की व्यवस्था की गई। डीजीपी ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश में भेज दिया गया है।

## शाहिद अफरीदी नाम सुनते ही भड़के ओवैसी पहलगाम हमले इन जोकरों का नाम क्यों ले रहे हैं



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी की टिप्पणी पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी भड़क गए। उन्होंने मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वह कौन है? आप मेरे सामने इन जोकरों का नाम क्यों ले रहे हैं? पाकिस्तान के क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले का दोष भारतीय सेना पर मढ़ा और कहा कि वे नागरिकों को आतंकवादियों से बचाने में असमर्थ हैं। पूर्व ऑलराउंडर की यह टिप्पणी 26 लोगों, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे, के मारे जाने के लगभग एक सप्ताह बाद आई है। यह 2008 में 26/11 के हमलों के बाद भारतीय धरती पर नागरिकों पर हुआ सबसे घातक आतंकी हमला था। इससे पहले ओवैसी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान पर तीखा हमला किया और कहा कि उन्होंने देश के नागरिकों को उनकी धरती पर मारकर आईएसआईएस की तरह काम किया है। महाराष्ट्र के परभणी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने आगे कहा कि पाकिस्तान परमाणु शक्ति होने का दावा नहीं कर सकता और फिर बिना किसी परिणाम के निर्दोष लोगों की हत्या कर सकता है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार ओवैसी ने कहा, "पाकिस्तान हमेशा परमाणु शक्ति होने की बात करता है।

## सीएम सिद्धारमैया आए गुस्से में, एडिशनल एसपी को थप्पड़ मारने के लिए उठाया हाथ



**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बेलगावी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) को लगभग थप्पड़ मारने के लिए तैयार दिखाई दिए, जिसके बाद वे नए विवाद के केंद्र में आ गए। इस घटना का वीडियो बनाया गया और इसे व्यापक रूप से प्रसारित किया गया, जिसमें सिद्धारमैया एएसपी नारायण भरमनी को मंच पर बुलाने के बाद गुस्से में हाथ उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कथित तौर पर टकराव उस जगह के पास व्यवधान से उपजा था, जहां सिद्धारमैया को जनता को संबोधित करना था। भाजपा की महिला कार्यकर्ता साइट के करीब विरोध प्रदर्शन कर रही थीं, और एएसपी भरमनी को मंच के आसपास सुरक्षा का प्रबंधन करने के लिए नियुक्त किया गया था। स्थिति से निपटने से नाखुश, सिद्धारमैया ने भरमनी को मंच पर बुलाया और सार्वजनिक रूप से उन्हें फटकार लगाते हुए पूछा कि आप, जो भी हो, यहाँ आए, आप क्या कर रहे थे? स्पष्ट रूप से हताशा के एक पल में मुख्यमंत्री ने अपना हाथ उठाया जैसे कि अधिकारी को मारना चाहते हों, लेकिन बीच में ही रुक गए। इस घटना की राजनीतिक विरोधियों ने तीखी आलोचना की है। जनता दल (सेक्युलर) ने सिद्धारमैया के कार्यों की निंदा करते हुए उन पर अहंकार और अनादर का आरोप लगाया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## मणिशंकर अय्यर के बयान को भाजपा ने बताया असंवेदनशील

**नई दिल्ली (हि.स.)**

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर घमासान मच गया है। भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता के बयान को असंवेदनशील बताया है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पहलगाम में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को पूरे देश ने देखा है। इसके खिलाफ लोगों में व्यापक आक्रोश है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में और अपने 'मन की बात' में स्पष्ट रूप से कहा है कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई थी, जिसमें सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक की शुरुआत में हमले में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने सरकार द्वारा उठाए जा रहे और भविष्य में उठाए जाने वाले सभी कदमों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह देश में एक बड़ी आतंकवादी घटना है।

## हमें पाकिस्तान की बात मान लेनी चाहिए... कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज के बयान पर अनुराग ठाकुर ने किया पलटवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज ने कहा कि अगर पाकिस्तान कहता है कि वह पहलगाम आतंकी हमले में शामिल नहीं है तो हमें कुछ समय के लिए इसे स्वीकार कर लेना चाहिए और अंत में जांच एजेंसियों के आधार पर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान पड़ोसी हैं और दोनों देशों के बीच बातचीत के अलावा कुछ भी काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह दुखद और अस्वीकार्य था। हर भारतीय को प्रधानमंत्री द्वारा अपनाई गई लाइन को अपनाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान कहता है कि वह इसमें शामिल नहीं है, तो हमें अभी के लिए उस तर्क को स्वीकार कर लेना चाहिए और अपनी जांच एजेंसियों पर भरोसा करना चाहिए, जो बेहतर तरीके से जानती होंगी। भारत और पाकिस्तान दो पड़ोसी हैं; आप चाहे जो भी करें, पड़ोस को बदला नहीं जा सकता। आखिरकार, भारत और पाकिस्तान के बीच जो होगा वह बातचीत ही होगी। बातचीत और चर्चा। कोई सैन्य समाधान नहीं, कोई हथियार नहीं, कोई तलवार नहीं। मौखिक बातचीत के अलावा कुछ भी काम नहीं करेगा, यही बातचीत है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर जोरदार तरीके से बात की है और कहा कि भारत एक "लोकतांत्रिक देश" है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा है, उससे हमें सहमत होना चाहिए।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद , पानी के बाद अब दवाओं के लिए तरसने लगा पाकिस्तान, भारत के फैसले से उड़ी नींद

**नई दिल्ली । एजेंसी**



अटारी बॉर्डर अमृतसर में स्थित है। भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे ज्यादा व्यापार इसी सीमा के ज़रिए होता है। भारत के फ़ैसले के बाद पाकिस्तान ने हमारे साथ व्यापार बंद कर दिया है। आपको बता दें कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार 127 प्रतिशत की बंपर वृद्धि के साथ 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। ये आँकड़े दूसरे देशों के मुक़ाबले काफ़ी कम हैं, लेकिन साल 2023 के मुक़ाबले यह काफ़ी ज़्यादा है, क्योंकि 2023 में दोनों देशों के बीच सिर्फ़ 0.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी तरह के व्यापार रोक दिए हैं। इस कदम से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी है और इस फैसले से भारत और पाकिस्तान के बीच 3886.53 करोड़ रुपये का सीमा पार व्यापार रुकने की आशंका है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) के अनुमान के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच सीधा व्यापार बहुत कम है, लेकिन अप्रत्यक्ष माध्यमों से भारत से हर साल 10 अरब डॉलर का सामान पाकिस्तान पहुंचता है।

अटारी बॉर्डर अमृतसर में स्थित है। भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे ज़्यादा व्यापार इसी सीमा के ज़रिए होता है। भारत के फ़ैसले के बाद पाकिस्तान ने हमारे साथ व्यापार बंद कर दिया है। आपको बता दें कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार 127 प्रतिशत की बंपर वृद्धि के साथ 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया है। ये आँकड़े दूसरे देशों के मुक़ाबले काफ़ी कम हैं, लेकिन साल 2023 के मुक़ाबले यह काफ़ी ज़्यादा है, क्योंकि 2023 में दोनों देशों के बीच सिर्फ़ 0.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। 2019 में पुलवामा आतंकी हमले से पहले दोनों देशों के बीच व्यापार 3 बिलियन डॉलर तक था। भारत मुख्य रूप से पाकिस्तान को दवाइयाँ, फार्मास्युटिकल सामग्री, चीनी, चाय, कॉफी, कपास, लोहा, इस्पात, टमाटर, नमक, ऑटोमोटिव घटक और उर्वरक भेजता है। दूसरी ओर, भारत पाकिस्तान से मसाले, खजूर, बादाम, अंजीर, तुलसी और मेंहदी की जड़ी-बूटियाँ आदि आयात करता है। दोनों देशों के बीच व्यापार बंद होने के कारण, पाकिस्तान यूएई, सिंगापुर और श्रीलंका जैसे अन्य पड़ोसी देशों के माध्यम से भारतीय सामान आयात करेगा।

# गुजरात ने राजस्थान को दिया 210 रनों का टारगेट

## गिल ने खेली 84 रनों की तूफानी पारी



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 47वें मैच में आज गुजरात टाइटन्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से हो रहा है। इस मैच में टॉस जीतकर राजस्थान की टीम ने गुजरात को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।



**एजेंसी । जयपुर**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 47वें मैच में आज गुजरात टाइटन्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से हो रहा है। गुजरात टाइटन्स की नजरें इस मुकाबले को जीतकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने पर होंगी, जबकि राजस्थान रॉयल्स अपना सम्मान बचाने के इरादे से मैदान में उतरी है। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद शानदार रही। शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने हर गेंदबाज को आड़े हाथों लिया। गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी की और 29 गेंद में अर्धशतक जमा लिया। दूसरे छोर से सुदर्शन ने भी छक्के-चौकों की बारिश की। 10 ओवर के बाद गुजरात का स्कोर 92-0 था। 11वें ओवर में गुजरात को पहला झटका लगा जब साई सुदर्शन को तीक्ष्णा ने आउट किया। सुदर्शन ने 39 रनों की पारी खेली। इसके बाद बटलर और गिल ने मोर्चा संभाला। दोनों ओर से आतिशी बल्लेबाजी हुई। 15 ओवर में गुजरात का स्कोर 150 के पार चला गया था। 17वें ओवर में गिल का विकेट गिरा। गिल ने 50 गेंदों में 84 रनों की पारी खेली। इसके बाद बटलर ने भी फिफ्टी जड़ी। जिसके दम पर गुजरात ने राजस्थान के सामने 210 रनों का टारगेट रखा। गुजरात टाइटन्स इस समय अंक तालिका में दूसरे नंबर पर काबिज है। उन्होंने अब तक आठ मुकाबलों में से छह जीते हैं और केवल दो बार हार का सामना किया है। अब प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें महज दो और जीत की जरूरत है। गुजरात की टीम इस समय हर विभाग में मजबूत दिखाई दे रही है, चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी। वहीं, राजस्थान रॉयल्स के लिए यह सीजन निराशाजनक रहा है। 9 में से 7 मुकाबले हारने के बाद वे प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुके हैं। टीम को अब अपने बचे हुए मैचों में सम्मान बचाने के लिए खेलना है। यशस्वी जायसवाल, रियान पराग और नीतीश राणा ने बीच-बीच में अच्छी पारियां खेली हैं, लेकिन टीम को मैच जिताने वाला प्रदर्शन नहीं मिल पाया।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में बैन किए गए शोएब अख्तर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों शोएब अख्तर और बासित अली के यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिर्फ इन्हीं के चैनल नहीं, बल्कि पाकिस्तान के 16 अन्य यूट्यूब चैनल भी भारत में बैन कर दिए गए हैं। इन चैनलों पर भड़काऊ और समुदायों के बीच तनाव फैलाने वाली सामग्री दिखाने, भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी और भ्रामक बातें फैलाने का आरोप है। यह कार्रवाई भारत सरकार ने गृह मंत्रालय की सिफारिश पर की है। अब जब भारत में इन चैनलों को सर्च किए जाता है, तो यूट्यूब पर एक संदेश आता है- "यह सामग्री इस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ी सरकारी आदेश के कारण उपलब्ध नहीं है। बैन के बाद अब भारत में शोएब अख्तर के चैनल का कोई भी वीडियो नहीं देखा जा सकता। उनके चैनल को भारत में काफी फॉलो किया जाता रहा है। जिन अन्य चैनलों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें शामिल हैं। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं।

# 29 अप्रैल से शुरू होगा अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट

## बांग्लादेश एयरफोर्स की टीम भी लेगी हिस्सा

**चंडीगढ़ (आईएएनएस)**



मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025 के छठे संस्करण की शुरुआत मंगलवार से होगी। डीजी एडमिन वीएसएम, एयर मार्शल एस शिवकुमार ने चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर एयर मार्शल बीके गर्ग शामिल होंगे, जबकि समापन पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के शिरकत करने की उम्मीद है। डीजी एडमिन वीएसएम, एयर मार्शल एस शिवकुमार ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "हॉकी टूर्नामेंट कल (मंगलवार) से शुरू होगा, जो 6 मई तक चलेगा। एओसीएनसी, मेंटेनेंस कमांड, एयर मार्शल वी.के. गर्ग टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। यह टूर्नामेंट लीग स्टेज में राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा, उसके बाद नॉकआउट राउंड भी होंगे। फाइनल मैच 6 मई को होगा। उम्मीद है कि टूर्नामेंट के समापन समारोह में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वह फाइनल जीतने वाली टीम और रनर अप टीम को पुरस्कार भी देंगे।

# ऐतिहासिक जीत : लिवरपूल ने जीता 20वां इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रीमियर लीग 2024-25 में लिवरपूल ने रविवार को टोटेनहम हॉटस्पर के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच खेलते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही पॉइंट टेबल में वह नंबर वन पर पहुंच कर खिताब अपने नाम किया। लिवरपूल का यह 20वां खिताब है। इसके साथ ही सबसे ज्यादा यह खिताब हासिल करने वाले मैनचेस्टर यूनाइटेड की बराबरी की। लिवरपूल ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद मैच में वापसी की पहले हाफ में लिवरपूल शुरुआत में पिछड़ कर मैच में वापसी की। 12वें मिनट में



ही टोटनहम की ओर से डोमिनिक सोलांके ने जेम्स मैडिसन के कॉर्नर से शानदार हेडर गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी।

लेकिन लिवरपूल ने महज चार मिनट बाद लुईस डियाज के गोल से बराबरी हासिल कर ली। लुइस डियाज ने डोमिनिक स्जोबोस्लाई के क्रॉस पर गोल कर दिया, लेकिन रेफरी ने ऑफसाइड करार दिया। हालांकि, रिव्यू में गोल को सही पाया गया जिससे स्कोर 1-1 से बराबर हुआ। इसके बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 24वें मिनट में शानदार गोल कर लिवरपूल को 2-1 से बढ़त दिला दी। फिर कोडी गाकपो ने तीसरा गोल दागकर लिवरपूल को हाफ टाइम तक 3-1 से आगे कर दिया।

## भारत एएफसी अंडर-20 महिला कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में तैयार

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 क्वालिफायर के ग्रुप डी में रखा गया है। भारत के साथ इस ग्रुप में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान की टीमें भी हैं। यह ड्रॉ मलेशिया के कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में सोमवार को निकाला गया। ग्रुप ए में पिछली बार की विजेता डीपीआर कोरिया, नेपाल, मेजबान भूटान, मंगोलिया और सऊदी अरब की टीमें आपस में भिड़ेंगी। ग्रुप बी में मेजबान वियतनाम के साथ किर्गिस्तान, हॉन्गकॉन्ग, चीन और सिंगापुर की टीमें शामिल हैं। ग्रुप सी में ऑस्ट्रेलिया, चीनी ताइपे, फिलिस्तीन और मेजबान ताजिकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी।

### झारखंड राज्य कबड्डी चैंपियनशिप शुरू

# प्रतिभा खिलाड़ी को आगे लाने के लिए हमेशा हम साथ में हैं : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**



झारखंड राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में खूंटी जिला कबड्डी संघ के सहयोग से तीन दिवसीय 10वीं झारखंड राज्य बालक - बालिका कबड्डी प्रतियोगिता बिरसा कॉलेज खूंटी में शुरू हुआ। प्रतियोगिता में 21 जिलों के 39 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष आजसू सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि डॉ देवशरण भगत, प्रिंसिपल जे कुल्लू, प्रवीण प्रभाकर, संजय मेहता, रमेश भगत, विज्ञान सिंह, जयकांत कश्यप झंडोत्तोलन कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरू किया। मौके पर खिलाड़ियों ने बैंड के धुन में मार्च पास्ट किया एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। झारखंड राज्य कबड्डी संघ के महासचिव संजय कुमार झा ने आगुंतको का स्वागत किया एवं मंच का संचालन अध्यक्ष तपन रावत व हरीश कुमार सिंह ने किया। खूंटी जिला के अध्यक्ष गुलाब महतो और सचिव शिव कुमार महतो, अजय महतो, ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ राजेश कुमार गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, चंचल भट्टाचार्य, सुषमा नाग संतोष प्रसाद सुमित महतो, अजय महतो, सुनील कच्छप,मनोज कुमार, शिवा जधेल, तिलक राम साहू, रमेश कुमार साहू, मनोज शर्मा, ज्योति रंजन, शिवसागर, विक्की शर्मा, छोटेलाल साहू, संदीप कुमार, राजेश साहू, अशफाक मुन्ना सहित संघ के सदस्य एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित थे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारतीय शेयर बाजार की दमदार वापसी, सेंसेक्स 1,005 अंक उछला



**मुंबई (आईएएनएस) ।** भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को दमदार वापसी की और कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,005 अंक या 1.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,218 और निफ्टी 289 अंक या 1.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,328 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 870 अंक या 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,440 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 129 अंक या 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,676 पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर को छोड़कर करीब सभी इंडेक्स में खरीदारी देखी गई। ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, टाटा स्टील, एसबीआई, एक्सिस बैंक, एमएंडएम, एलएंडटी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स थे। एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, इटरनल (जोमैटो), नेस्ले और टीसीएस टॉप लूजर्स थे। मुख्य सूचकांकों में बड़ी तेजी के बाद भी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी शेयरों में से ज्यादा शेयर लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में बीएसई पर 1,958 शेयर हरे निशान में, 2,038 शेयर लाल निशान में और 183 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।

# भारतीय इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात 2024-25 में बढ़कर ऑल-टाइम हाई 116.7 अरब डॉलर पर रहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




- पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह निर्यात 17.62 अरब डॉलर था।
- **यह वृद्धि भारतीय इंजीनियरिंग क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धा और मांग को दर्शाती है।**
- भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में इंजीनियरिंग निर्यात की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2023-24 में 25.01% थी।
- **यह हिस्सेदारी 2024-25 में बढ़कर 26.67% हो गई, जो एक सकारात्मक संकेतक है।**

भारत के इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 6.74 प्रतिशत बढ़कर ऑल-टाइम हाई 116.67 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) की ओर से संकलित किए गए डेटा से यह जानकारी मिली। वित्त वर्ष 2023-24 में इंजीनियरिंग निर्यात का कुल मूल्य 109.30 अरब डॉलर रहा था, जबकि इससे पहले का रिकॉर्ड स्तर वित्त वर्ष 2021-22 में 112.10 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका इंजीनियरिंग निर्यात के लिए शीर्ष गंतव्य स्थान रहा है। वहीं, यूएई, सिंगापुर, नेपाल, जापान और फ्रांस को इंजीनियरिंग गुड्स के निर्यात में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। अमेरिका को इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 19.15 अरब डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17.62 अरब डॉलर था। भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में इंजीनियरिंग निर्यात की हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 25.01 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 26.67 प्रतिशत हो गई है। ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा, "भारतीय इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत सहित अपने दर्जनों व्यापार साझेदारों पर आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले से इसमें और बढ़त देखी गई है। अप्रैल-मार्च 2024-25 के दौरान 34 में से 28 इंजीनियरिंग पैनलों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई और शेष छह इंजीनियरिंग पैनलों, जिनमें लोहा और इस्पात, तांबा और एल्यूमीनियम उत्पादों सहित कुछ अलौह क्षेत्र, कार्यालय उपकरण, अन्य निर्माण मशीनरी और मिका प्रोडक्ट्स शामिल हैं, उनमें नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में नॉर्थ अमेरिका 20.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में पहले स्थान पर है। इसके बाद, यूरोपीय संघ (17.1 प्रतिशत) और डब्ल्यूएएनए (पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका) (16.7 प्रतिशत) का स्थान रहा। 2024-25 में रिकॉर्ड उच्च आंकड़ा हासिल करने के बाद भी मार्च 2025 में भारतीय

# भारत में 38% से अधिक इक्विटी म्यूचुअल फंड ने मार्च में अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया


**मुंबई (आईएएनएस)**




भारत में 298 ओपन-एंडेड इक्विटी डायवर्सिफाइड म्यूचुअल फंड में से लगभग 38.64 प्रतिशत ने मार्च 2025 में अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। पीएल कैपिटल की वेल्थ मैनेजमेंट ब्रांच पीएल वेल्थ मैनेजमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, सेक्टोरल और थीमैटिक फंड को छोड़कर इक्विटी म्यूचुअल फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) में 7.68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फरवरी में 23.12 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च में 24.90 लाख करोड़ रुपए हो गई। अलग-अलग फंड कैटेगरी में लार्ज कैप फंड सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले रहे। महीने के दौरान लगभग 71.88 प्रतिशत लार्ज कैप स्कीम अपने 'बेंचमार्क निफ्टी 50 टीआरआई' से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहीं। इसके बाद लार्ज और मिड-कैप फंड्स का स्थान रहा, जिसमें 58.06 प्रतिशत फंड्स ने अपने बेंचमार्क 'निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 टीआरआई' से बेहतर प्रदर्शन किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मिड-कैप फंड्स ने भी मजबूत प्रदर्शन किया, जिसमें 51.72 प्रतिशत स्कीम्स ने 'निफ्टी मिडकैप 150 टीआरआई' बेंचमार्क को पीछे छोड़ दिया।

# अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी का असर नहीं, ऑटो पार्ट्स निर्यातकों के पास पर्याप्त डेट और लिक्विडिटी मौजूद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में बढ़ोतरी किए जाने के बाद भी ज्यादातर ऑटो निर्यातकों के पास डेट और लिक्विडिटी पर्याप्त मात्रा में होगी। हालांकि, मार्जिन पर दबाव और वर्किंग कैपिटल की आवश्यकता बढ़ सकती है। सोमवार को जारी हुई आईसीआरए की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 24 में भारतीय ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री की 70 प्रतिशत आय घरेलू इंडस्ट्री से आई थी और इंडस्ट्री की कुल आय में अमेरिकी मार्केट की हिस्सेदारी केवल 8 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 2020 से लेकर वित्त वर्ष 2024 में अमेरिका को होने वाले ऑटो कंपोनेंट निर्यात में 15 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से वृद्धि हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल ओईएम (ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) द्वारा वेंडर डाइवर्सिफिकेशन के कारण नए प्लेटफार्मों को बढ़ती आपूर्ति और हाई वैल्यू एडिशन जैसे कारकों ने भारतीय ऑटो कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर को फायदा पहुंचाया है।

# भारत में 70 प्रतिशत महिला उद्यमी अपने जरूरी बिजनेस स्किल में सुधार के लिए उत्सुक : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत में 70 प्रतिशत महिला व्यवसायी, खासकर जो टियर 2 और 3 शहरों से हैं, अपने उद्यमों को बढ़ाने के लिए अपने फाइनेंशियल, मार्केटिंग और डिजिटल स्किल में सुधार करना चाहती हैं। गैर-मेट्रो शहरों में 1,300 से अधिक नई और मौजूदा महिला व्यवसायी, जिनकी उम्र 18-55 वर्ष है, के सर्वे के आधार पर निष्कर्ष बताते हैं कि 52 प्रतिशत महिला उद्यमी रिटेल, ई-कॉमर्स और एडटेक जैसे क्षेत्रों में काम करती हैं। यूके स्थित बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म टाइड से जारी 'भारत वूमन एस्पीरेशन इंडेक्स (बीडब्ल्यूएआई) 2025', भारत में शहरों से परे टियर 2 और 3 की महिला उद्यमियों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। यह रिपोर्ट उनके सामने आने वाले अवसरों और चुनौतियों पर भी प्रकाश डालती है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 12 प्रतिशत महिलाएं 'डिजिटल स्किलिंग' को प्रमुख प्राथमिकता मानती हैं। यह उद्योग की जरूरतों और उनकी खुद की धारणा के अंतर को दिखाता है।

## रूआर 2025 के तहत प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# शिक्षक बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें: बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को स्कूल रूआर 2025 कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्याशाला में प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ,प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव,जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल ,उप प्रमुख अमित चौहान, मुखिया प्रेम प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रखंड संसाधन केंद्र के बीपीओ बच्चन कुमार पंकज, एमडीएम प्रभारी अमृतेश पांडेय, प्रखंड के सभी सीआरपी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने स्कूल रूआर कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यशाला को सफल बनाने के लिए बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालयों में उपस्थिती को लेकर अपने-अपने सुझावों को साझा किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों से उनकी परेशानियों को सुनी। बताया की शिक्षक बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें। बच्चों को विद्यालय में उपस्थित को लेकर प्रचार-प्रसार करें। समय-समय पर पेरेंट्स मीटिंग कर विद्यालय का माहौल ऐसा बनाएं की बच्चे स्वयं स्कूल आने के प्रति उत्साहित रहें। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षकों से पूरी ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने की अपील की। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रियाज अनवर, मुखिया प्रतिनिधि बृजदेव सिंह, शिक्षक संघ अध्यक्ष सतीश सिंह, सीआरपी विमलेश मिश्रा, ओंकारनाथ पाठक, विजय दुबे समेत प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि, प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मी व विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# शहर की बिजली व्यवस्था चरमराई, गर्मी में लोग परेशान

- बार-बार बिजली गुल होने से व्यापार प्रभावित
- विभाग ने ओवरलोड व सहयोग की कमी को बताया वजह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तेज गर्मी के बीच शहर विशेषकर मुख्य बाजार क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। अक्सर घंटों तक बिजली गुल रहने से आमजन के साथ-साथ व्यापारी वर्ग भी भारी संकट में है। शॉर्ट सर्किट, ओवरलोड, फेज फेल और जले हुए तारों की वजह से पूरे दिन बिजली की आंख-मिचौली बनी रहती है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बिजली की अनियमितता से व्यापार पर सीधा असर पड़ा है। ग्राहक चिलचिलाती गर्मी से परेशान होकर बिना खरीदारी किए लौट रहे हैं। इनवर्टर भी बार-बार डिस्चार्ज हो जा रहे हैं, जबकि जनरेटर चलाना अब महंगा सौदा साबित हो रहा है। इस मुद्दे पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि अचानक तापमान में बढ़ोतरी से लोड काफी बढ़ गया है, जिससे आपूर्ति प्रभावित हुई है। 'हमारी टीमें लगातार फील्ड में हैं। बाजार क्षेत्र में नई केबल बिछाई जा रही है, जिससे दीर्घकालिक समाधान मिलेगा'। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि स्थानीय स्तर पर अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण मरम्मत कार्य में बाधा आ रही है। रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक काम हो रहा है ताकि दिन में लोगों को परेशानी न हो। कई बार लोगों की अनुमति न मिलने से पोल और केबल कार्य में प्रशासन की मदद लेनी पड़ रही है।

**जनता से की गई सहयोग की अपील :** बिजली विभाग ने नागरिकों से सहयोग करने और धैर्य रखने की अपील की है, ताकि मरम्मत कार्य शीघ्रता से पूरा किया जा सके और नियमित आपूर्ति बहाल की जा सके।

# रंका पुलिस ने विभिन्न मामलों के आठ वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेजा



- समकालीन अभियान के तहत की गई कार्रवाई, थाना प्रभारी ने दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रंका पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत विभिन्न कांडों में वांछित आठ वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रविवार को थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि केस संख्या 316/2013 के वारंटी महेंद्र उरांव, सुदेश तिर्की और रामनाथ उरांव को विश्रामपुर से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, केस संख्या 367/2014 के वारंटी संजय कोरवा उर्फ अजय देवर और अवधेश कोरवा को भी पुलिस ने दबोच लिया। इसके अलावा उदय भुइयां और शेराशाम एसटी केस नंबर 448/12 के वारंटी रमेश सिंह को भी पकड़ा गया है। इसी क्रम में कांड संख्या 68/25, धारा 64 बीएनएस 4/6 प्रक्रिया एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त अखिलेश भुइयां को चैनपुर थाना क्षेत्र के करसो गांव से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि ये सभी अभियुक्त विभिन्न आपराधिक मामलों में फरार चल रहे थे। सभी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है।

# 18 प्रधान लिपिकों को मिला एमएसीपी का लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक में वर्ष 2004 में नियुक्त लिपिक संवर्ग के कर्मियों को 20 वर्षों की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने के फलस्वरूप 18 प्रधान लिपिकों को द्वितीय संशोधित सुनिश्चित वृति उन्यन योजना (एमएसीपी) वेतनमान 9300-34800, जीपी-4600, एल-7, 44900-142400 का लाभ दिया गया। जिन कर्मियों को इनका लाभ दिया गया है, उनमें जाफर इमाम फारूकी प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय रमकंडा, प्रमोद कुमार पांडेय प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय सगमा, अरविन्द कुमार सिंह प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय डंडा, श्लोक कुमार सिंह प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय धुरकी, आनन्द कुमार सिंह प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय धुरकी, अधिराज टोप्पो प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय, चिनिया, सुनील कुमार प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय बिशुनपुरा, सुभाष शर्मा प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय डंडा, संतोष कुमार प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय कांडी, कुमार गौरव प्रधान लिपिक अनुमंडल राजस्व कार्यालय गढ़वा, रेणु कुमारी प्रधान लिपिक जिला भू-अर्जन कार्यालय गढवा, दिवाकर मिश्र प्रधान लिपिक जिला पंचायती राज कार्यालय गढ़वा, अनिल कुमार सिंह प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय नगर उंटारी, त्रिगुण स्वामी पांडेय प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय मेराल, बिरजू चौधरी प्रधान लिपिक जिला आपूर्ति कार्यालय गढ़वा, चोन्हास एक्का प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय सगमा, मुकेश कुमार प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय रंका, राजीव कुमार दुबे प्रधान लिपिक प्रखंड कार्यालय गढ़वा का नाम शामिल है। राजस्व उप निरीक्षक संवर्ग के कर्मियों को 10, 20, 30 वर्षों की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने के फलस्वरूप कुल 3 राजस्व उप निरीक्षकों को भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एमएसीपी का लाभ दिया गया। उनमें विनोद कुमार दुबे राजस्व उप निरीक्षक अंचल कार्यालय चिनियां, विनोद सिंह राजस्व उप निरीक्षक अंचल कार्यालय रमकंडा, विनय कुमार गुप्ता राजस्व उप निरीक्षक अंचल कार्यालय चिनियां का नाम शामिल है। अनुमंडल कार्यालय श्री बंशीधर नगर के चालक भरत प्रसाद का 20 वर्षों की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने के फलस्वरूप द्वितीय एमएसीप का लाभ दिया गया। साथ ही समाहरणालय संवर्ग के 5 अनुसेवक को भी एमएसीपी का लाभ दिया गया।

# राशन कार्ड ई-केवाईसी के लिए पंचायत सचिवालयों में लगा कैंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएचएच (गुलाबी) व अन्त्योदय (पीला) राशन कार्डधारियों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसे लेकर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय में राशन कार्ड ई-केवाईसी के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवालय में विशेष कैंप लगाए गए हैं। यहां पर संबंधित क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली विक्रेता अपने ईपॉश मशीन के साथ उपस्थित हैं। सभी राशन कार्डधारकअपना ई-केवाईसी हर हाल में करवा लें, जिससे कोई भी लाभुक खाद्यान्न के लाभ से वंचित न होने पाए। सभी राशन कार्डधारी अपने राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य की आधार सीडिंग व ई-केवाईसी जरूर कराना अनिवार्य है। लाभुक अपने मोबाइल से किसी भी स्थान से मेरा ई-केवाईसी एप व आधार फेस आरडी एप के माध्यम से स्वयं का भी ई-केवाईसी कर सकते हैं। कैंप में राशन कार्ड ई-केवाईसी और धोती-साड़ी का वितरण किया जा रहा है। विशेष कैंप 29 अप्रैल तक सभी पंचायत सचिवालय में लगेगा।

## निर्माण कंपनियों की लापरवाही से जलापूर्ति योजना अधर में, ससमय कार्य पूरा होने पर संशय

# सोनपुरवा व परता-कबरा जलापूर्ति परियोजनाओं की धीमी प्रगति



**संजय ओझा**

- ग्रामीणों को समय पर जल सुविधा मिलना कठिन

**हुसैनाबाद।** जल जीवन मिशन के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के 162 गांवों को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए स्वीकृत सोनपुरवा, देवरी खुर्द-देवरी कला एवं आसन्न ग्रामीण जलापूर्ति योजना निर्माण कंपनी की लापरवाही के कारण धीमी गति से आगे बढ़ रही है। फरवरी 2023 में स्वीकृत 135 करोड़ की योजना का कार्य 5 अगस्त 2025 तक पूरा करना है, लेकिन अब तक प्रगति बेहद सुस्त है। 20,343 घरों तक पाइपलाइन और नल कनेक्शन के लिए निर्धारित कार्य में अभी तक अपेक्षित तेजी नहीं आ पाई है। इसी तरह परता-कबरा बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, जिसकी लागत लगभग 67 करोड़ है, भी निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही है। हैदरनगर प्रखंड के 58 गांवों में जलापूर्ति के लिए निर्धारित कार्य में अभी तक 25% कार्य भी पूर्ण नहीं हो सका है। सोनपुरवा योजना का कार्य मेसर्स एन.एस. इन्फ्रा प्रा. लि. द्वारा किया जा रहा है, जिसने कार्यस्थल पर साइनबोर्ड लगाकर आंशिक तेजी दिखाई है, जबकि परता-कबरा योजना के संवेदक विगुन कंस्ट्रक्शन, आगरा द्वारा साइनबोर्ड तक नहीं लगाया गया है। 3 अप्रैल 2023 को एकरारनामा होने के बावजूद कार्य प्रगति बेहद धीमी है और 1 जनवरी 2025 तक कार्य पूर्ण करना मुश्किल दिख रहा है। दोनों परियोजनाओं के लिए देवरी कला गांव में सोन नदी किनारे इंटक वेल और जलशोधन संयंत्र का निर्माण हो रहा है। लेकिन निर्माण की सुस्ती से ग्रामीणों को समय पर स्वच्छ पेयजल सुविधा मिलना कठिन प्रतीत हो रहा है।

# दुकान में आग लगने से हजारों की क्षति

**भवनाथपुर।** आटा चक्की व तेल मिल में रविवार रात्रि आग लगने से पीसने के लिएरखा हुआ एक क्विंटल गेंहू, 20 हजार रुपए नकद की आर्थिक क्षति हुई है। राहगीरों द्वारा सूचना मिलने के बाद पहुंचे आटा चक्की के मालिक ने किसी तरह पानी से आग बुझाया। अगलगी की घटना को लेकर आटा चक्की और तेल मिल के मालिक अमित सिंह ने पंकज सोनी के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दिया है। कहा कि सुनील सोनी के मकान में किराए पर रह रहे योगेन्द्र सोनी के पुत्र पंकज सोनी मेरे दुकान में 12 किलो गेहूं पीसने को दिया था। रविवार के रात 8 बजे वह मेरे दुकान में आकर 20 किलो आटा की मांग करने लगा। जब मैं कहा कि आप 12 किलो ही गेहूं दिए है। इस पर वह गाली गलौज करते हुए लड़ाई करने पर उतर गया। धमकी देकर गया था, कि तुमको पता चला चला देंगे। इसके बाद रात में आटा चक्की व तेल मिल में उसने आग लगाकर घटना को अंजाम दिया है।

# पेज एक के शेष

## आतंकवाद के खिलाफ...

प्रधानमंत्री से रक्षा मंत्री की यह मुलाकात 24 घंटे के अंदर दूसरी बार हुई है। प्रधानमंत्री को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ब्रीफिंग ऐसे समय में हो रही है, जब भारत 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के पीछे के लोगों को दंडित करने के लिए अपने विकल्पों पर विचार कर रहा है, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। आज भी राजनाथ सिंह ने सेना की ओर से लिए गए प्रमुख निर्णयों पर चर्चा करने के लिए चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुखों से अलग-अलग बैठकें की। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने आज चौथी बार जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ह्यबिना उकसावेह्ल के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, भारतीय सेना ने 27-28 अप्रैल की रात जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार पाकिस्तानी सेना की बिना उकसावे के छोटे हथियारों से की गई गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया। इससे पहले, भारतीय सेना ने 26-27 अप्रैल की रात नियंत्रण रेखा पर तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के विपरीत क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

## हम हाई अलर्ट...

परमाणु हथियारों के जखीरे का इस्तेमाल करेंगे। ज्ञात हो कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना में पाकिस्तान का हाथ होने की बात सामने आई है। भारत ने कुल चार आतंकियों में से दो के पाकिस्तानी होने का खुलासा किया है। भारत ने इस घटना के मद्देनजर पाकिस्तान पर एक के बाद एक कार्रवाई जारी रखी है और सिंधु जल समझौता तोड़ने के बाद सोमवार को पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल्स से जुड़ी सामग्री को भी बैन करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि ख्वाजा आसिफ इससे पहले अपने एक बयान के जरिए सार्वजनिक रूप से कबूल चुके हैं कि पाकिस्तान सरकार तीन दशकों से आतंकी संगठनों को समर्थन और प्रशिक्षण देने का ह्यगंदा कामह्ल करती आई है।

## रिम्स निदेशक को...

जनहित की बात कहते हुए हुए उन्हें हटाया गया था। बता दें कि 17 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के हस्ताक्षर वाला एक लेटर जारी किया गया था, जिसके माध्यम से रिम्स के तत्कालीन निदेशक डॉ राजकुमार को बर्खास्त किया था। इसे डॉ राजकुमार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने डॉ इरफान अंसारी से सवाल पूछे, तो उन्होंने कहा कि हम न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं।

## राष्ट्रपति ने 71...

प्रसिद्ध वैदिक विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ को भी पद्म श्री पुरस्कार मिला। उन्होंने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के भूमि पूजन का शुभ समय तय किया था।

वैदिक संस्कृति और आध्यात्मिकता पर अपने लेखन के लिए जाने जाने वाले अमेरिकी लेखक और शोधकर्ता स्टीफन नैप को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति से पद्म श्री पुरस्कार मिला। ज्ञात हो कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। हर साल ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, उद्योग, चिकित्सा और साहित्य जैसे कई क्षेत्रों में समाज के लिए सकारात्मक योगदान के लिए दिए जाते हैं।

## झारखंड के डीजीपी...

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। वर्ष 2024 में विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने उन्हें इस पद से हटा दिया था और वर्ष 1989 बैच के आईपीएस अजय सिंह को डीजीपी नियुक्त किया था। बाद में, चुनावी प्रक्रिया संपन्न होते ही राज्य सरकार ने 28 नवंबर को एक बार फिर अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी के रूप में बहाल कर दिया था। इसके बाद 2 फरवरी, 2025 को सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में उन्हें नियमित पुलिस महानिदेशक बनाया गया। इस अधिसूचना में कहा गया था, इस पद पर अनुराग गुप्ता का कार्यकाल ह्यमहानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड (पुलिस बल प्रमुख) का चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2025ह्ल के नियम 10 (1) के अनुरूप होगा। इस नियमावली में डीजीपी का कार्यकाल 2 वर्ष निर्धारित है। ज्ञात हो कि अनुराग गुप्ता को नियमित डीजीपी बनाए जाने के खिलाफ झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर रखी है। झारखंड हाईकोर्ट ने 24 मार्च को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और यूपीएससी सहित सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया था। इस मामले में कोर्ट में अगली सुनवाई 19 जून को निर्धारित है।

## रांची के डोरंडा...

तीनों बच्चों की मां रांची के डोरंडा में रहती हैं। झारखंड पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, तीनों बच्चे अपने परिजनों के साथ दिल्ली चले गए हैं। वहां भारतीय दूतावास के साथ-साथ पाकिस्तानी दूतावास के जरिए तीनों बच्चों को पाकिस्तान भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## फ्रांस के साथ...

राजेश कुमार सिंह और नौसेना के वाइस चीफ के. स्वामीनाथन मौजूद थे। तय सौदे के मुताबिक भारतीय नौसेना को फ्रांस द्वारा 26 राफेल-एम फाइटर जेट की डिलीवरी दी जाएगी। इनमें से 22 फाइटर जेट सिंगल-सीटर होंगे। वहीं, नौसेना को चार ट्विन-सीटर वेरिएंट के ट्रेनिंग राफेल विमानों की डिलीवर भी की जाएगी। ये विमान ट्रेनिंग के लिए भी उड़ान भरेंगे। यह सौदा ऐसे समय में हुआ है, जब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है और इसके चलते पाकिस्तान में काफी बैचेनी है। साथ ही, भारतीय नौसेना की समुद्री हमले की क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। ज्ञात हो कि भारतीय वायुसेना के पास भी राफेल विमानों के बेड़े है। विशेषज्ञों का कहना है राफेल मिलने के बाद नौसेना की ताकत में जबरदस्त इजाफा होगा। इस सौदे के लिए पहले फ्रांस के रक्षा मंत्री भारत आने वाले थे। हालांकि, कुछ निजी कारणों की वजह से उनका दौरा रद्द हो गया। लेकिन, इससे राफेल-एम की डील पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

**नौसेना के लिए पहला बड़ा लड़ाकू विमान अपग्रेड :** नौसेना को मिलने वाले ये फाइटर जेट भारतीय विमानवाहक पोतों, आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी आईएनएस विक्रांत से संचालित किए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सौदे की अनुमानित लागत लगभग 63,000 करोड़ रुपए है। गौरतलब है यह देश के नौसैनिक बलों के लिए पहला बड़ा लड़ाकू विमान अपग्रेड है। इससे भारतीय नौसेना किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए और अधिक सशक्त बनेगी।

## लुगु पहाड़ मुठभेड़...

सुनीता मुर्मू ने आत्मसमर्पण के दौरान बताया कि वह भाकपा (माओवादी) संगठन की सक्रिय सदस्य थी। वह दुमका जिले के अमरपानी गांव की निवासी है। वह गिरिडीह जेल में पहले तीन साल तक न्यायिक हिरासत में रह चुकी है। हाल ही में वह लुगु पहाड़ में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में भी दस्ते का हिस्सा थी। झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति और लगातार बढ़ते पुलिस दबाव से प्रभावित होकर उसने हिंसा का रास्ता छोड़ने का निर्णय लिया। एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि लुगु पहाड़ की मुठभेड़ में 6-7 नक्सली बचकर भागे थे, जिनमें से सुनीता एक है। अन्य नक्सलियों की तलाश जारी है। एसपी ने आशा जताई कि अगर वे भी अपने भविष्य और परिवार के प्रति चिंतित होंगे, तो जल्द ही आत्मसमर्पण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की सरेंडर नीति के तहत सुनीता को सुरक्षा प्रदान की जाएगी और उसे ओपन जेल में रखा जाएगा, ताकि वह समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। झारखंड सरकार के निर्देश पर बोकारो पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान ह्यडाकाबेड़ाह्ल चलाया है। डीजीपी के आदेश पर 209 कोबरा, बोकारो पुलिस (ललपनिया ओपी), झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से 21 अप्रैल 2025 को लुगु पहाड़ क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन किया। मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) के केंद्रीय समिति सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक सहित आठ उग्रवादी मारे गए। अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोलियां और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई थीं।

**मजबूरी और धोखे से जुड़ी थी नक्सली आंदोलन से :** सुनीता ने मीडिया से कहा कि वह गरीब परिवार से आती है और उसके परिवार में माता-पिता और एक भाई हैं। वर्ष 2017 में नीलू नाम की एक जान-पहचान वाली महिला ने उसे सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के बहाने जंगलों में बुलाया और फिर जबरन माओवादी संगठन में शामिल कर दिया। उसे कैंप में संत्री ड्यूटी, खाना बनाना और संगठन की विचारधारा का प्रचार करने का कार्य सौंपा गया। धीरे-धीरे वह संगठन के हर छोटे-बड़े कार्यों में भाग लेने लगी।

शीर्ष नेतृत्व के खात्मे से माओवादी संगठन में हड़कंप : लुगु पहाड़ मुठभेड़ में प्रयाग मांझी जैसे शीर्ष नेता की मौत से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। संगठन की रीढ़ माने जाने वाले कई प्रमुख कैडर भी मारे गए हैं। इससे बचे हुए माओवादियों में हड़कंप है। सुनीता मुर्मू ने भी इसी दबाव और सरकार की पुनर्वास नीति के चलते सोमवार को बोकारो एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया है।

मेरे पास माफी...

अब्दुल्ला ने कहा, हमने अमरनाथ यात्रा के कैंप पर हमले होते देखे, हमने कश्मीरी पंडितों की बस्तियों पर हमले होते देखे, हमने सरदारों की बस्तियों पर हमले होते देखे, लेकिन अब 21 साल के बाद बैसरन में इतना बड़ा हमला हुआ है। अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, मेरे पास अल्फाज नहीं थे कि मैं क्या कहकर उनके घर वालों से माफी मांगूं। राज्य के मुख्यमंत्री होने की हैसियत से मैंने लोगों को दावत दी थी यहां आने की। मेजबान होते हुए मेरी जिम्मेदारी थी कि मैं उन्हें सही सलामत यहां से वापस भेजूं, नहीं भेज पाया और माफी मांगने के लिए मेरे पास शब्द नहीं थे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, मैं इस मौके का इस्तेमाल राज्य का दर्जा मांगने के लिए नहीं करूंगा। पहलगाम के बाद मैं किस मुंह से जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा मांग सकता हूं? मेरी क्या इतनी सस्ती सियासत है? हमने पहले भी राज्य के दर्जे की बात की है और भविष्य में भी करेंगे, लेकिन अगर मैं केंद्र सरकार से कहूं कि 26 लोग मर चुके हैं, अब मुझे राज्य का दर्जा दे दो, तो यह मेरे लिए शर्मनाक होगा।

### नियंत्रण रेखा पर फिर हुआ संघर्ष विराम का उल्लंघन

# भारत ने पाकिस्तान को दिया मुंहतोड़ जवाब

**श्रीनगर (हि.स.)**




पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की सेना नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी करने से बाज नहीं आ रही है। पड़ोसी मुल्क की फौज शत्रुता का रुख अख्तियार कर लगातार संघर्ष विराम का उल्लंखन कर रही है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, भारतीय सेना ने 27-28 अप्रैल की रात जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार पाकिस्तानी सेना की बिना उकसावे के छोटे हथियारों से की गई गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया। भारतीय सेना के अधिकारियों के अनुसार, सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना को छोटे हथियारों से की गई गोलीबारी का बिना समय गंवाए मुंहतोड़ जवाब दिया। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। उल्लेखनीय है इससे पहले भारतीय सेना ने 26-27 अप्रैल की रात नियंत्रण रेखा पर तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के विपरीत क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद कश्मीर घाटी में सुरक्षा बलों के आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करने के बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर तनाव को बढ़ा दिया है।

भारतीय सेना के एक अधिकारी ने कहा कि 26-27 अप्रैल की रात पाकिस्तान की सैन्य चौकियों ने तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के विपरीत क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की भारतीय सैनिकों ने भी गोलीबारी करके प्रभावी ढंग से जवाब दिया। इस बीच कुलगाम पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ समन्वित अभियान में दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मतलहामा चौक थोकरपोरा (कैमोह) में स्थापित एक नियमित जांच चौकी के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके नाम बिलाल अहमद भट पुत्र अब्दुल सलाम भट और मोहम्मद इस्माइल भट पुत्र गुलाम मोहम्मद भट हैं। दोनों थोकरपोरा (कैमोह) के रहने वाले हैं। इनके पास से सुरक्षा बलों ने दो पिस्तौल, दो मैगजीन और पिस्तौल की 25 गोलियां बरामद की हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद डोडा में पुलिस की 13 स्थानों पर छापेमारी

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार सुबह डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई का उद्देश्य आतंकियों के ठिकानों का भंडाफोड़ करना और आतंकी गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करना था। इससे पहले श्रीनगर पुलिस ने भी आतंकवादी संगठनों के ओवर ग्राउंड वर्करों और सहयोगियों के ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया था। ये छापेमारी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की जांच के सिलसिले में की गई थी। पुलिस के अनुसार श्रीनगर में 63 व्यक्तियों के घरों पर कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कार्यकारी मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में छापेमारी की गई। तलाशी अभियान का उद्देश्य हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण आदि जब्त करना था, ताकि किसी भी षड्यंत्रकारी या आतंकवादी गतिविधि का समय रहते पता लगाया जा सके और उसे रोका जा सके। इधर, कटरा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वजीर ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का पर्यटन पर भी बड़ा असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि जम्मू क्षेत्र में पर्यटन बुकिंग में करीब 35 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। वजीर ने कहा कि हमारे आकलन के अनुसार अब तक लगभग 35 से 37 प्रतिशत बुकिंग रद्द हो चुकी हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले में मृत बितन अधिकारी की पत्नी से एनआईए ने की पूछताछ

**कोलकाता ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पश्चिम बंगाल के तीन पर्यटकों की हत्या मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को मृत बितन अधिकारी की पत्नी सोहिनी अधिकारी से पूछताछ की। देर शाम तक उनके बयान लिए गए, जिससे केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने रिकॉर्ड किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एनआईए की तीन सदस्यीय टीम रविवार शाम को कोलकाता के दक्षिणी छोर स्थित पाटुली में अधिकारी के पैतृक आवास पहुंची और लगभग तीन घंटे तक सोहिनी से बातचीत की। सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान सोहिनी से कश्मीर यात्रा के दौरान पहलगाम पहुंचने से पहले गए स्थानों के बारे में जानकारी ली गई । एनआईए अधिकारियों ने हमले के दौरान की घटनाएं और देखे गए संदिग्ध आतंकवादियों की संख्या और पूरे घटनाक्रम के बारे में भी जानकारी जुटाई। उल्लेखनीय है कि हमले के वक्त बितन अधिकारी के साथ उनकी पत्नी सोहिनी और तीन वर्षीय बेटा हृदान भी मौजूद थे।



# बिहार के अररिया के शेखपुरा गांव के नीतीश कुमार बने जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष

### फोर्ब्सगंज में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से 12 वीं तक पढ़े

**ब्यूरो**

- **बीएचयू से पॉलिटिकल साइंस में किए बीए**
- **मास्टर डिग्री के लिए जेएनयू में प्रवेश लिए**

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्व विद्यालय ( जेएनयू ) छात्रसंघ चुनाव में कांटे की टक्कर में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन व डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फ्रंट के वामपंथी गठबंधन ने केंद्रीय पैनल के चार में से तीन पदों पर जीत हासिल की। एबीवीपी ने एक पद जीता। आइसा के नीतीश कुमार को जेएनयूएसयू अध्यक्ष घोषित किया गया, डीएसएफ की मनीषा उपाध्यक्ष चुनी गईं, डीएसएफ की ही मुन्तेहा ने महासचिव पद जीता और एबीवीपी के वैभव मीना जॉइंट सेक्रेटरी चुने गए। नीतीश कुमार का एजेंडा बिल्कुल क्लियर है।उनका कहना है- 'पहली चीज जिस पर मैं काम करूंगा, वह है जेएनयू में ज्यादा फंडिंग लाने के लिए दबाव डालना। पिछले कुछ सालों में फंडिंग में बहुत कटौती हुई है। मैं यूनिवर्सिटी के इंफ्रास्ट्रक्चर को सही बनाने के लिए बहुत काम करूंगा। हम एंट्री के लिए जेएनयूईई एग्जाम को फिर से लाने सीपीओ मैनुअल को खत्म करने की दिशा में भी काम करेंगे और फीमेल स्टूडेंट्स को सेकंड ईयर में ही सिंगल-सीटर आवास मिलने के लिए दबाव डालेंगे।' कुमार स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के सेंटर फॉर पॉलिटिकल स्टडीज में थर्ड ईयर के छात्र हैं।यूनाइटेड लेफ्ट पैनल की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक, 'नीतीश कुमार अपने साथ भारत के उत्पीड़ित समुदायों के अनुभव लेकर चलते हैं।' बिहार के अररिया जिले के शेखपुरा में एक साधारण ओबीसी परिवार से आने वाले कुमार खेती की मुश्किलों के बीच पले-बढ़े हैं। नीतीश कुमार के पिता एक किसान हैं और उनकी मां एक गृहिणी हैं। वामपंथी पैनल के बयान में कहा गया है कि फोर्ब्सगंज में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अपनी स्कूली शिक्षा के दौरान उन्होंने पहली बार शैक्षणिक संस्थानों में घुसपैठ करने वाले सांप्रदायिकता की भयावह प्रकृति को देखा और समझा। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पॉलिटिकल साइंस में बीए पूरा करने के बाद कुमार ने 2020 में मास्टर डिग्री के लिए जेएनयू में एंट्री की। वह कोरोना काल के दौरान 2021 में जेएनयू को फिर से खोलने वाले आंदोलन के एक खास चेहरा रहे थे। अगस्त 2023 में उन्होंने हॉस्टल संकट का हल निकालने की मांग करते हुए 16 दिनों की भूख हड़ताल की। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन जेएनयू इकाई के सचिव के तौर पर कुमार ने फेलोशिप का अमाउंट बढ़ाने और एंट्रेंस एग्जाम को बहाल करने का अभियान चलाया।

### बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए फिरोजपुर रवाना हुई पत्नी

**कोलकाता।** पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के चलते हिरासत में लिए गए बीएसएफ जवान पूर्णम साव की पत्नी रजनी साव सोमवार को फिरोजपुर के लिए रवाना हो गईं। वह वहां वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपने पति की वापसी को लेकर जानकारी हासिल करने की कोशिश करेंगी। रजनी जो गर्भवती हैं, अपने बेटे और तीन अन्य परिजनों के साथ पहले कोलकाता से चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरेंगी और फिर सड़क मार्ग से फिरोजपुर पहुंचेंगी।

## भारत ने पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने के आरोप में पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिनके कुल 63 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। यह प्रतिबंध गृह मंत्रालय की सिफारिश के बाद लगाया गया है और इसमें प्रमुख समाचार आउटलेट और पत्रकार शामिल हैं। प्रतिबंधित किए गए प्लेटफॉर्म में समाचार आउटलेट डॉन, समा टीवी, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, रफ्तार, जियो न्यूज और सुनो न्यूज के यूट्यूब चैनल शामिल हैं। पत्रकार इरशाद भट्टी, अस्मा शिराजी, उमर चीमा और मुनीब फारूक के यूट्यूब चैनल भी प्रतिबंधित किए गए हैं। जिन अन्य हैंडल पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें द पाकिस्तान रेफरेंस, समा स्पोर्ट्स, उजैर क्रिकेट और रजी नामा शामिल हैं।

इसके साथ सरकार ने बीबीसी को भी उस शीर्षक पर चेतावनी दी है, जिसमें लिखा था, "पाकिस्तान ने कश्मीर में पर्यटकों पर हुए घातक हमले के बाद भारतीयों के लिए वीजा निलंबित कर दिया है।

# मिनी हार्ट अटैक से भी रहें सावधान



- **विश्व में हर वर्ष 1.79 करोड़ लोग हार्ट की बीमारी से मरते हैं**
- **हर पांच में से 4 मौतें दिल के दौरे के कारण होती हैं**

**लक्षण**

- सीने में हल्का दबाव या जलन
- सांस लेने में दिक्कत
- बेचैनी व थकान
- मतली व चक्कर आना

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** खराब खानपान, ज्यादा तनाव, अस्वस्थ जीवन शैली के कारण हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोविड के बाद तो बुजुर्गों के साथ-साथ युवा भी हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारी का शिकार बन रहे हैं। बड़ी समस्या यह है कि लोगों को मिनी हार्ट अटैक भी हो रहा है। यदि इसके प्रारंभिक लक्षणों को पहचानकर समय पर इलाज न किया जाए, तो यह आगे चलकर बड़ा हार्ट अटैक बन सकता है। कई बड़े अस्पतालों के चिकित्सकों का कहना है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 17.9 मिलियन लोग हार्ट की बीमारी से मरते हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि हर पांच में से 4 मौतें दिल के दौरे के कारण होती हैं। दिल का दौरा अचानक और एकदम आता है, लेकिन दिल का दौरा पड़ने से पहले शरीर कुछ संकेत देता है। समय रहते इनका पता लगाकर आप अपनी जान बचा सकते हैं।मिनी हार्ट अटैक को मेडिकल भाषा में अक्सर NSTEMI (नान एस टी एलिवेशन मायोकार्डियल इनफ्रेक्शन ) कहा जाता है। इसमें हार्ट को खून की सप्लाई थोड़ी देर के लिए बाधित होती है, लेकिन पूरी तरह ब्लॉकेज नहीं होता। हालांकि, यह हार्ट अटैक जैसा ही महसूस हो सकता है, लेकिन इसके लक्षण हार्ट अटैक की तरह लंबे समय तक नहीं रहते हैं। यह केवल कुछ मिनटों तक रहता है और हार्ट अटैक जैसे लक्षण पैदा करता है, लेकिन हार्ट की मांसपेशियों को स्थायी नुकसान नहीं पहुंचाता है। अन्य प्रकार के हार्ट अटैक की तुलना में इसका प्रभाव कम हो सकता है, लेकिन यह अभी भी एक गंभीर स्थिति है।

मिनी हार्ट अटैक में सीने में हल्का दबाव या फिर छाती के बीच में हल्का दर्द, दबाव या भारीपन महसूस हो सकता है। वैसे यह दर्द कुछ मिनटों तक रह सकता है , फिर चला भी जा सकता है। मिनी हार्ट अटैक की स्थिति में सांस लेने में दिक्कत महसूस होती है, तो आमतौर पर लोग समझते हैं कि काम करने से या फिर ज्यादा चलने के चलते सांस लेने में दिक्कत हो रही है, लेकिन इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि ये मिनी हार्ट अटैक की तरफ इशारा कर सकते हैं।बिना अधिक मेहनत के भी थकान महसूस होना या अचानक कमजोरी महसूस होना भी मिटी हार्ट अटैक के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।आमतौर पर कामकाज की भागदौड़ में लोगों को मतली व चक्कर आ जाता है और लोग समझते हैं कि ज्यादा मेहनत करने के चलते ऐसा हो रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। इस तरह के लक्षण अगर आपको दिखाई दे रहे हैं तो ये मिनी हार्ट अटैक के लक्षण हो सकते हैं।इसलिए आपको किसी विशेषज्ञ से इसके बारे में बताकर जांच व उपचार शुरू कर देना चाहिए।

### यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत

**सना (आईएएनएस)।** यमन की हूती-नियंत्रित राजधानी सना पर हाल में हुए अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत हो गई। हूती-संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एक बयान में यह जानकारी साझा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। उत्तरी सना के बानी अल-हरिथ जिले में अमेरिकी लड़ाकू विमानों की बमबारी में तीन घरों के मलबों में दबे लोगों की तलाश बचाव दल द्वारा की जा रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने बताया कि रविवार को पूरे उत्तरी यमन में राजधानी सहित कई स्थानों पर लगभग 20 अमेरिकी हवाई हमले किए गए। दावा किया गया कि इस हवाई हमले में दक्षिणी और उत्तरी सना में दो घरों को निशाना बनाया गया था, जिसमें कथित तौर पर दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पहले कहा था कि हूती नेतृत्व को टारगेट करने के उद्देश्य से यह हमला था। 15 मार्च को वाशिंगटन की ओर से यमन में हूती ठिकानों पर हवाई हमले फिर से शुरू करने के बाद से हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तेजी से बढ़ गया है।

# हम जब 1947 में उनके साथ (पाकिस्तान) नहीं गए तो फिर आज क्यों जाएंगे?

**ब्यूरो**

- **कश्मीरियों ने 1947 में द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को पानी में फेंक दिया था और कहा था कि उनका क्षेत्र पाकिस्तान के साथ नहीं जाएगा**

**नई दिल्ली।** 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत से देश के लोग गमगीन व ग़ुस्से में हैं।विश्व के बड़े नेताओं ने भी इस हमले की निंदा की है। इस दौरान जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा, "हम पाकिस्तान की इस गलतफहमी को दूर करना चाहते हैं कि इन हरकतों से हम पाकिस्तान चले जाएंगे। हम जब 1947 में उनके साथ नहीं गए तो फिर आज क्यों जाएंगे? अब्दुल्ला ने कहा कि हम दो राष्ट्र सिद्धांत आज भी मानने को तैयार नहीं है। हम इससे कमजोर नहीं बल्कि मजबूत हो रहे हैं। मैं पहले हमेशा चाहता था कि बातचीत हो मगर हम उन पीड़ितों के परिवारों से क्या कहेंगे कि हम बातचीत कर रहे हैं? क्या बातचीत करना इंसाफ है?" जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि कश्मीरियों ने 1947 में द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को पानी में फेंक दिया था और कहा था कि उनका क्षेत्र पाकिस्तान के साथ नहीं जाएगा।




**कहानी फिल्म जगत की**

# बॉस फेम अंकित गुप्ता ने खरीदी लकजरी रेंज रोवर

टेलीविजन के दिल की धड़कन अंकित गुप्ता, जिन्हें उडारियां और बिग बॉस 16 में उनकी लोकप्रिय भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, ने अपने कलेक्शन में एक शानदार नई कार शामिल की है। अभिनेता, जिनके बहुत सारे प्रशंसक हैं और जो नियमित रूप से अपने दर्शकों को सोशल मीडिया पर अपने निजी और पेशेवर जीवन की झलकियां दिखाते हैं, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी नवीनतम उपलब्धि साझा की - एक नई रेंज रोवर की खरीद। पेशेवर उपलब्धियों से लेकर निजी जीवन तक, अंकित नियमित रूप से अपने दोस्तों और अनुयायियों के साथ सोशल मीडिया पर अपनी रोजमर्रा की घटनाओं को साझा करते हैं, जिससे उनके प्रशंसक उनके अकाउंट से चिपके रहते हैं।



अंकित की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है, उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार रेंज रोवर की तस्वीरें साझा की हैं। अंकित गुप्ता एक सफेद डिजाइनर शर्ट, नीली डेनिम और एक मैन बन में शानदार लग रहे थे, जबकि उन्होंने अपनी नई लग्जरी कार के साथ कूल पोज दिए। अपने प्रशंसकों के साथ खुशी के पल साझा करते हुए, अंकित ने लिखा, घर में स्वागत है ! मैं अपने दिल की गहराइयों से उन सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूँ, जिन्होंने मुझे यहाँ तक पहुँचने में मदद की (मेरे सभी प्रशंसक, दोस्त और परिवार)। पोस्ट की गई तस्वीर में अंकित फूलों की मालाओं से सजी अपनी रेंज रोवर की बोनट को चूमते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसे देखकर प्रशंसक 'वाह' कह रहे हैं। खरीदी गई गाड़ी की अनुमानित कीमत करीब 2.40 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट के अनुसार, अगर मुंबई में लैंड रोवर रेंज रोवर खरीदा जाता है, तो इसकी ऑन-रोड कीमत करीब 2.40 करोड़ रुपये से शुरू होकर 4.98 करोड़ रुपये तक होती है। रिपोर्ट के अनुसार, बेस मॉडल, रेंज रोवर 3.0 । डीजल LWB HSE की कीमत 2.40 करोड़ रुपये से शुरू होती है, जबकि टॉप-एंड मॉडल, रेंज रोवर 4.4। पेट्रोल LWB SV की कीमत 4.98 करोड़ रुपये है। जैसे ही पोस्ट ऑनलाइन शेयर की गई, यह प्रशंसकों और फॉलोअर्स के बीच वायरल हो गई।